सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.8 न्यू | 24.8 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 29.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79032.73 |
| निफ्टी | 24010.60 |
| सोना 70,510 | चांदी 90,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




विंबलडन : अल्कराज क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 30 जून, 2024 | 17 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 193, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पूर्व सीएम असंवैधानिक बयानबाजी से गिरा रहे पद की गरिमा: रजनीश -पेज 2
- मढ़ी में गो तस्करी, लेह की ओर जा रहा था ट्रक -पेज 3
- अधिकृत भूमि का भुगतान न करने से रुका पुल का कार्य -पेज 9
- सोलन के क्लीन में झारखंड के जीतू ने की थी महिला की हत्या -पेज 12
- विश्व बैंक से 1.5 अरब डॉलर का लोन मंजूर -पेज 14


# अमरनाथ यात्रा शुरू : पहले दिन दस हजार ने किए दर्शन

एजेंसी, जम्मू

**बाबा** बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार से शुरू हो गई। इस यात्रा के पहले दिन करीब 10 हजार भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। जम्मू से शनिवार की सुबह चला 200 गाड़ियों का दूसरा जत्था पहलगाम और बालटाल पहुंच गया है। इस काफिले में करीब चार हजार से अधिक भक्त हैं।

भक्तों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा तक की कठिन यात्रा कर दर्शन किए। यात्रा 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई।





अधिकारियों ने बताया कि दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के जत्थों को संबंधित उपायुक्तों तथा पुलिस एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया। जम्मू-कश्मीर के जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा के लिए तीन लाख पचास हजार से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है। पवित्र गुफा तक पहुंचने के दोनों मार्गों पर 125 सामुदायिक लंगर स्थापित किए गए हैं और 6,000 से अधिक स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं।

- तीन लाख पचास हजार से ज्यादा भक्तों ने करवाया पंजीकरण
- 125 लंगर स्थापित

## पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। पीएम ने 'एक्स' पर लिखा कि सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बर्फानी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है। बाबा की कृपा से समस्त श्रद्धालुओं का कल्याण हो, यही कामना है। जय बाबा बर्फानी।

## दूसरा जत्था भी रवाना

**अमरनाथ** यात्रा के लिए 1,881 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई है। अमरनाथ यात्रा के लिए ये दोनों परंपरागत मार्ग हैं।

## सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**अमरनाथ** यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की मुश्किलें न आएं, उसके लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों जवानों को तैनात किया गया है। तीर्थयात्रियों के रास्ते की ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। अमरनाथ यात्रा का समापन 19 अगस्त को होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मोदी 8 जुलाई से रूस और ऑस्ट्रिया यात्रा पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ जुलाई से रूस और ऑस्ट्रिया के दौरे पर रहेंगे। पीएम आठ और नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे, जहां वह रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के साथ 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेंगे। नौ जुलाई और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में रहेंगे। बीते चार दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली ऑस्ट्रिया यात्रा होगी।

### गुजरात में भी एयरपोर्ट पर छत का गिरा हिस्सा



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भारी बारिश के चलते राजकोट एयरपोर्ट की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर पैसेंजर पिकअप और ड्रॉप एरिया में कैनोपी (छतरी) गिर गई। जुलाई 2023 में इसका लोकार्पण हुआ था। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। वरना दिल्ली जैसा हादसा हो सकता था।

### नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर चला रहे 73 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 33 महिलाओं समेत 73 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में बैठे लोगों को क्रिमनल केस में शामिल होने का डर दिखाकर उनसे रुपए ऐंठते थे। इन लोगों के कब्जे से 73 कंप्यूटर सेट, 14 मोबाइल, 3 राउटर, 48 हजार रुपए, 58 वर्क प्रिंट आउट बरामद किए गए हैं। इस गिरोह के चार आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### मोदी सरनेम टिप्पणी केस में राहुल की बढ़ी मुश्किलें

**रांची।** मोदी सरनेम को लेकर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रांची के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। कोर्ट ने इस केस में चार्ज फ्रेम करने पर बहस के लिए 6 जुलाई की तारीख तय की है। प्रावधानों के अनुसार, इस दौरान बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में राहुल गांधी की निजी तौर पर उपस्थिति जरूरी होगी।

### पेरु में फिर लगे भूकंप के झटके, 6 रही तीव्रता

**लीमा।** पेरू में चार दिनों में तीसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के बताया कि शनिवार को पेरू के तट के पास रिक्टर स्केल पर 6 तीव्रता का तेज भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 60 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप पेरू के तट पर दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर आया।

# लहरों में फंसकर पांच जवान शहीद

## लद्दाख की श्योक नदी में जलस्तर बढ़ने से फंस गए थे, टैंक अभ्यास से लौट रहे थे जवान

एजेंसी, जम्मू

**केंद्र** शासित प्रदेश लद्दाख में टैंक से श्योक नदी पार करने के अभ्यास के दौरान जलस्तर बढ़ने से उसकी लहरों पर फंसकर पांच जवान बह गए, जिससे जेसीओ सहित पांच जवान शहीद हो गए। एक जवान को बचा लिया गया है। शुक्रवार रात करीब एक बजे दौलत बेग ओल्डी में टैंक अभ्यास चल रहा था और सेना के कई टैंक यहां मौजूद थे। रक्षा प्रवक्ता पीएस सिंधु अनुसार तथ्यों की जांच चल रही है।

अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से बाढ़ आ गई। देखते ही देखते नदी के बढ़ते जलस्तर ने आसपास की जगह को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। टैंक भी तेजी के साथ तेज बहाव की चपेट में आने लगा। सेना के जवानों की कड़ी कोशिश के बाद भी टैंक से नियंत्रण कम होता गया। ऐसे में तेज बहाव का पानी सेना के पांच जवानों और टैंक को बहाकर ले गया। जानकारी मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बाढ़ के पानी के बीच बचाव कार्य चलाना चुनौतियों से भरा था, लेकिन जवान साथियों को बचाने के लिए प्रयास करते रहे, लेकिन टैंक में सवार जेसीओ सहित पांच बहादुर जवान शहीद हो गए। सभी शवों को बरामद कर लिया गया है। डीबीओ गलवान घाटी का पहला संपर्क बिंदु है, जहां 2020 में भारतीय सेना और पीएलए के बीच झड़पें हुई थीं।



### रक्षा मंत्री ने हादसे पर दुख जताया



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में नदी के पार टैंक ले जाते समय हादसे में हमारे पांच बहादुर सेना के जवानों की जान जाने पर दुख हुआ। हम राष्ट्र के प्रति अपने वीर सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।

### चीन सीमा के पास सेना ने बनाई है टैंक रिपेयर फैसिलिटी

**लद्दाख** में यह हादसा ऐसे समय पर हुआ है, जब पिछले महीने ही सेना ने दौलत बेग ओल्डी में टैंक रिपेयर फैसिलिटी बनाई। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगने वाली सीमा के करीब सैन्य तैयारियों को मजबूत करने के लिए दो टैंक रिपेयर फैसिलिटी स्थापित की गई थी। इसमें से एक दौलत बेग ओल्डी में तो दूसरा एक न्योमा में बनाया गया। 14,500 फुट की ऊंचाई पर स्थापित ये दुनिया का सबसे ऊंचाई वाली टैंक रिपेयर फैसिलिटी है। सेना ने यहां पर करीब 500 टैंक तैनात किए हैं। है

### हादसे से मन व्यथित है : शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है। वहीं, कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम सभी शहीद जवानों के परिजनों के साथ खड़े हैं।

# हमीरपुर में आयकर विभाग ने नौ जगह की छापेमारी



ज्वेलरी कारोबारी के प्रतिष्ठान के बाहर खड़े बीएसएफ के जवान।

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

- एक ही परिवार के अलग-अलग व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आवासों पर दिनभर होती रही जांच
- शराब कारोबारियों और दो अन्य के ठिकानों पर भी खंगाले कागज

**हमीरपुर** में इनकम टैक्स विभाग ने शनिवार को ज्वेलरी कारोबारी के परिवार के सदस्यों के आवासों, प्रतिष्ठानों और शराब से जुड़े कुछ कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की, जो शाम तक चलती रही। हमीरपुर में आयकर विभाग की टीम ने 9 जगह छापेमारी की है।

हमीरपुर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह जिला है। यहां विधानसभा उपचुनाव भी हो रहा है। कुछ समय पहले धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो आरोप लगाए थे, लगभग उसी दिशा में जांच की रफ्तार दिख रही है। व्यापारी परिवार के अलग-अलग प्रतिष्ठानों के बाहर बीएसएफ के जवान और जांच एजेंसी के अधिकारी सुबह करीब 5:00 बजे ही खड़े हो गए थे। ज्वेलरी कारोबारी के अलावा पक्का भरो के पास शराब के ठेकेदार के आवास और गोदाम में रेड डाली। वहीं, नादौन इलाके के झलाण गांव में भी इनकम टैक्स टीम ने एक आवास पर रेड डाली है। ऊना जिले में भी एक कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी की। गौर रहे कि ज्वेलरी व्यापारी के वायरल वीडियो में पैसे के मामले को लेकर जिनसे बातचीत हुई थी वह भी इस जांच के शिकंजे में है। नादौन में कुछ लोगों ने जमीन खरीदी गई थी, उसे महंगे रेट पर सरकार को बेचने की चर्चा है। विपक्ष के कुछ नेताओं ने शिकायत की थी। वहीं, एसपी भगत सिंह ठाकुर का कहना है कि शहर और कुछ आसपास के इलाकों में आयकर विभाग की रेड पड़ी है। हमें अभी पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है। (अनंत ज्ञान)

# मंडी व शिमला सहित कई जिलों में झमाझम बारिश

रविंद्र जस्टा, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश में शनिवार को मंडी, शिमला सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने दो दिन ऑरेंज और चार दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 6 दिन तक मौसम खराब रहेगा। दो दिन प्रदेश की कई जगहों पर भारी बारिश की आशंका जताई है।

**दो दिन ऑरेंज अलर्ट जारी छह दिन खराब रहेगा मौसम**

प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में भी लगातार बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है। राज्य में 5 जुलाई तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। 30 जून, पहली व दो जुलाई के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई। औसत अधिकतम तापमान सामान्य रहा। मौसम विभाग के अनुसार, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर में भारी बारिश की संभावना है। बरसात के मौसम में लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है। वहीं, शनिवार को अधिकतम तापमान ऊना में 37.6, बिलासपुर 36.3, चंबा 34.4, हमीरपुर 35.1, मंडी 32.0, नाहन 33.1, शिमला में 24.8 डिग्री रहा है। (अनंत ज्ञान)

# केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी, नई दिल्ली



**दिल्ली** शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की सीबीआई की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने की अपील की थी। सीबीआई ने अपने आवेदन में कहा था कि केजरीवाल पूछताछ के दौरान जानबूझ टालमटोल कर रहे थे, लेकिन वर्तमान स्थिति में हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। सीबीआई ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के साथ बहुत प्रभावशाली हैं, अगर उन्हें न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की गुजरात में 7 ठिकानों पर रेड झारखंड से पत्रकार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने गुजरात के गोधरा, खेड़ा, आनंद और अहमदाबाद जिले के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। वहीं, सीबीआई ने झारखंड के हजारीबाग से पत्रकार जमालुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। जमालुद्दीम पर प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को असिस्ट करने का आरोप है।

कॉल डिटेल्स से खुलासा हुआ है कि जमालुद्दीम प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल से संपर्क में था। पेपर लीक में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल की मदद कर रहा था। सीबीआई ने गुजरात के गोधरा में पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में कथित रूप से शामिल रहने के मामले में गिरफ्तार पांच लोगों में से चार लोगों की चार दिन के सीबीआई रिमांड पर भेजा है।


अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517








## न्यूज ब्रीफ

### प्रोफेसर्स इंडियाना यूनिवर्सिटी पेंसिलवेनिया का करेंगे दौरा

**शिमला।** यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय इंडियाना यूनिवर्सिटी का पेंसिलवेनिया का प्रतिनिधि मंडल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय पहुंचा। प्रदेश विश्वविद्यालय ने बीते वर्ष इंडियाना यूनिवर्सिटी के साथ रिसर्च और अकादमिक क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू साइन किया था। ऐसे में इंडियाना यूनिवर्सिटी से प्रतिनिधि मंडल एचपीयू शिमला पहुंचा, जहां आपसी सहयोग को मजबूत करने और विश्वविद्यालय के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति सत प्रकाश बंसल ने बताया की इस द्विपक्षीय समझौते में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों को इंडियाना यूनिवर्सिटी जाने का मौका मिलेगा। जल्दी ही विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का एक दल एक्स्पोजर के लिए इंडियाना यूनिवर्सिटी पेंसिलवेनिया का दौरा करेगा। (अनंत ज्ञान)

### ठूंड नाला में आई बाढ़ का कारण बादल फटना है : सुरेश

**जुन्गा (शिमला)।** सतलाई पंचायत के ठूंड नाला में बीते दिनों आई बाढ़ स्टोन क्रशर की वजह से नहीं बल्कि भारी वर्षा व बादल फटने से नुकसान हुआ है । यह बात अंकित स्टोन क्रशर के मालिक सुरेश ठाकुर ने कहा कि कि बीते बुधवार की रात करीब 11 बजे स्टोन क्रशर से करीब 500 मीटर दूर बादल फटने से भारी मलवा

सुरेश ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा करीब एक दशक पहले स्टोन क्रशर प्रदेश के उद्योग विभाग और भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की स्वीकृति से स्थापित किया गया है जिसके लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई थी । इस स्टोन क्रशर के लगने से स्थानीय युवाओं और भारी वाहन मालिकों को रोजगार मिल रहा है । सुरेश ने सरकार और स्थानीय पंचायत से मांग की है कि ठूंड नाला में चेक डेम इत्यादि जाए ताकि बरसात में गति से आने वाले पानी को रोका जा सके ।(अनंत ज्ञान)

### कोटखाई के विभिन्न क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**भरत ठाकुर, कोटखाई ।** कोटखाई के अंतर्गत विद्युत अनुभाग गुम्मा के 22 केवी एचटी लाइन मरम्मत हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक बाधित रहेगी। इस कार्य के कारण गुम्मा और महासू (बखोल पंचायत और जहारु ) में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वरुण धिमान सहायक अभियंता गुम्मा ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस कार्य का होना मौसम पर निर्भर करेगा।(अनंत ज्ञान)

### टुटू में घर से लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी

**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** उप नगर टुटू में एक घर पर चोरी की वारदात सामने आई है। यहां पर शातिरों ने लाखों की ज्वेलरी पर हाथ साफ किया है। इस चोरी की वारदात से टुटू में हड़कंप मच गया है। पुलिस थाना बालुगंज में सुमन कॉल ने शिकायत दर्ज करवाई है उसके घर से कोई अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़कर सोने की 2 चेन, 4 जोड़ी टॉप्स और 2 सोने की अंगुठियां चोरी कर ले गए है। पुलिस ने बालुगंज थाना के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सुमन कॉल की शिकायत पर मौके पर जाकर छानबीन की है और आसपास के लोगों से पूछताछ की है। पुलिस चोरी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे को भी खंगालेंगी। (अनंत ज्ञान)

### बहुतकनीकी संस्थान के दो छात्र कंपनी के लिए चयनित



**दशमी रावत, रोहडू ।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान किन्नौर स्थित रोहडू के यांत्रिकी अभियांत्रिकी के अंतिम वर्ष के छात्र अनमोल व स्पर्श ठाकुर का चयन कंपनी द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत राज्य स्तर पर हुआ है। अनमोल का चयन अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी में 4 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है। वहीं स्पर्श ठाकुर का चयन मंजूश्री टेक्नोपैक कंपनी में 2.87 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर हुआ है। यह जानकारी संस्थान के मीडिया प्रभारी देविंद्र सिंह प्रेमी ने दी है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. पुनीत सूद ने उनके चयन पर सभी छात्रों को बधाई दी है और भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के चयन होने से संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे अन्य प्रशिक्षुओं को भी प्रेरणा मिलती है और वह भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित होते है। संस्थान में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है! उन्होंने बताया कि इस विषय पर अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट पर संपर्क कर सकते है। (अनंत ज्ञान)

# बरसात पर लोक निर्माण विभाग अलर्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

बरसात से निपटने के लिए लोक निर्माण अलर्ट हो गया है। बरसात में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें न आए ऐसे में अब कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द की जा सकती है।

**कर्मचारियों की छुट्टियां हो सकती हैं रद्द**

बरसात के दिनों में सड़कें जगह जगह पर बंद हो जाती है ऐसे मं उसे बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी की अहम भूमिका होती है। इसको देखते हुए विभाग ने 13 हजार से अधिक कर्मचारियों को फील्ड में तैनात किया है। सरकार ने लोक निर्माण विभाग के मंडल और उपमंडल स्तर पर मलबा हटाने व सड़कों को यातायात के लिए बहाल रखने के लिए 500 पोकलेन, डोजर, रोबोट और जेसीबी लगाई हैं। मार्ग अवरुद्ध की जानकारी को लेकर लोक निर्माण विभाग के मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि बीते साल की आपदा से सबक लेते हुए विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अलर्ट किया गया है। सड़क मार्ग अवरुद्ध होने को लेकर प्रतिदिन रिपोर्ट साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के अधिकारियों को आवश्यकता पड़ने पर और अधिक श्रमशक्ति एवं मशीनरी की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जुलाई में शुरू होने वाला है सेब सीजन

**हिमाचल** प्रदेश में जुलाई महीने में सेब सीजन शुरू होगा। ऐसे में सरकार की प्राथमिकता रहेगी कि सीजन के दौरान कोई भी सड़क बंद न रहे।

इसके अलावा बीते साल आपदा के दौरान जिन सड़कों को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार व विभाग ने उन क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह हिमाचल की सड़कों का लगातार निरीक्षण करते रहें।



### मानसून से पहले आपदा प्रबंधन ने तैयारी की पूरी

**हिमाचल** में मानसून दस्तक दे चुका है। बीते वर्ष प्रदेश में मानसून ने भयंकर आपदा मचाई थी। ऐसे में इस बार प्रदेश में सरकार और प्रशासन विपरीत परिस्थितियों के लिए अधिक सतर्क है। प्रदेश में मानसून को लेकर बीते 13 जून को मानसून और प्री मानसून को लेकर सभी महत्वपूर्ण विभागों की अहम बैठक हुई। जिसमें सभी विभागों को डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत अलर्ट मूड में सभी परिस्थितियों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मेंबर सेक्रेटरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बरसात के कारण किसी भी संभावित नुकसान को लेकर आपदा प्रबंधन की तैयारीयां पूरी कर ली है। 13 जून को सभी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई थी। (अनंत ज्ञान)

# किताबें देखने पुस्तक मेले में पहुंची प्रतिभा सिंह



पुस्तक मेले में प्रतिभा सिंह को सम्मानित करते गणमान्य।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

रिज मैदान पर चल रहे पुस्तक मेले में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह भी पहुंची। उन्होंने मेले में लगे स्टॉल में सजी सभी पुस्तकों को नरीक्षण किया। प्रतिभा सिंह ने कहा कि रिज पर यह पुस्तक मेला वीरभद्र सिंह के समय से लगता आ रहा है।

वर्तमान में टीवी और मोबाइल का युग है। ऐसे में लोग पुस्तकों में कम रुचि लेने लगे हैं, लेकिन इस तरह के पुस्तक मेले में युवाओं को पुस्तकें पढ़ने के लिए मौका मिलता है और मोबाइल से हटकर युवा पुस्तक पढ़ने में रुचि लेते हैं। बता दें कि इन दिनों शिमला के रिज मैदान पर 21 जून से 30 जून तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

पुस्तक मेले के आयोजक सचिन चौधरी ने कहा कि शिमला सहित देश के विभिन्न स्थानों में इस प्रकार के मेलों का आयोजन किया जाता है। डिजिटलाइजेशन का किताबों पर कोई असर नहीं पड़ा है। डिजिटलाइजेशन अपनी जगह पर है और किताबें अपनी जगह पर है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व सीएम असंवैधानिक बयानबाजी से गिरा रहे पद की गरिमा : रजनीश

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

- **जबरदस्ती थोपे गए उपचुनाव में जनता सिखाएगी सबक**

कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की बयानबाजी को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह की बयानबाजी पूर्व मुख्यमंत्री और एक वरिष्ठ नेता को शोभा नहीं देती है। इसके साथ ही किमटा ने तीन उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का भी दावा किया है।



रजनीश किमटा ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि यह तीन उपचुनाव बीजेपी के द्वारा जनता पर थोपे गए हैं। तीनों निर्दलीय विधायकों ने बिना किसी कारण के जनता द्वारा चुने जाने के 15 महीने बाद इस्तीफा देकर चुनाव का बोझ डाला है। ऐसे में अब जनता इन्हें सबक सिखाने के मूड में है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष आए दिन कांग्रेस सरकार के गिर जाने की बात कह रहे हैं। पूर्व सीएम इस तरह की असंवैधानिक बातें नहीं बोलनी चाहिए। वर्तमान में 65 सीटों के सदन में कांग्रेस के पास 38 विधायकों का बहुमत है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर का गणित कमजोर है।

पूर्व मुख्यमंत्री आम कार्यकर्ता से भी नीचे की बयानबाजी कर अपनी गरिमा गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने प्रदेश में सरकार गिराने का षड्यंत्र जरूर रचा लेकिन वे उसमें सफल नहीं हुए अब तीनों उपचुनाव में कांग्रेस जीत हासिल कर 40 का आंकड़ा पार करेगी। (अनंत ज्ञान)

### मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा 8 तक हमीरपुर में देखेंगे पार्टी का काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा आज से हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी काम 8 जुलाई तक देखेंगे। नंदा उपचुनावों की दृष्टि से हमीरपुर में विभिन्न ग्राम केंद्रों और वार्डों में पार्टी का कार्य संभालेंगे और भाजपा के प्रत्याशी के लिए घर-घर जाकर कैंपेन करेंगे। कर्ण नंदा ने कहा की हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार ने अपने 18 माह के कार्यकाल में एक भी विकास कार्य नहीं किया।



हमीरपुर जिला में भी ऐसा कोई काम नहीं हुआ जिसको लेकर मुख्यमंत्री जनता से वोट मांग सके, कांग्रेस के नेताओं ने केवल बदला बदली की राजनीति की है और उसके सिवा कुछ नहीं किया है।

# कैथलीघाट-ढली फोरलेन निर्माण पर उठे सवाल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कैथली घाट से ढली फोरलेन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, लेकिन कंपनी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कंपनी द्वारा जो ढंगे लगाए जा रहे है वे पहले ही बारिश में गिर गए हैं। जिससे लोगों के खेतों में मालवा पहुंच रहा है और लोगों के घरों को भी खतरा मंडराने लगा है कंपनी द्वारा निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को भी जगह-जगह अवैध रूप से डंप किया जा रहा है। जो कभी भी कहर बरसा सकता है ऐसे में स्थानीय लोगों में भी डर के साए में है।

शनिवार को फोरलेन कंपनी के खिलाफ मल्याणा में धरना प्रदर्शन किया और यदि नियमों के तहत काम नहीं होता है और मालवा सही तरीके से डंप नहीं किया जाता है तो काम ठप करवा कर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। यही नहीं ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन पर बाउंसर लाकर धमकाने के आरोप लगाए है। कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने ढली थाना में मामला दर्ज करवाया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि फोरलेन निर्माण में उनकी जमीनें गई है। वे फोरलेन बनने के विरोध में नही है लेकिन कंपनी मनमर्जी से काम कर रही है हर कही मलबा डंप किया जा रहा है ओर जो डंगे लगाए जा रहे है वो भी धंस गए है।

उनका कहना है कि कंपनी मलबा खेतो के साथ डंप कर रही है और बारिश होने से मलबा नीचे आने से फसलों के खराब होने का डर सता रहा है। कम्पनी यहां पर गुंडागर्दी पर उतर आई है और बाउंसर तैनात किए जा रहे है जो कि ग्रामीणों को डरा रहे है जिससे यहां माहौल खराब हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी के खिलाफ दिल्ली थाना में फिर भी दर्ज करवाई गई है और जिला प्रशासन से लेकर सरकार को कंपनी की मनमर्जी पर रोक लगाने की मांग की गई लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है हालांकि स्थानीय विधायक और मंत्री अनुरोध सिंह ने के निर्देशों के बाद ही पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह

**पंचायतीराज** मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि कैथली घाट से ढली फोरलेन का काम चला हुआ है जिसमें कई अनियमितताएं बरती जा रही है। बिना अनुमति के काम किया जा रहा हैं। अभी सेकंड स्टेज की परमिशन नहीं आई है फॉरेस्ट की डीआर कटी है लेकिन 37 लाख जमा नहीं करवाए हैं। मलबा वैज्ञानिक तरीके से डंप नहीं किया जा रहा है। डंपिंग साइट में ग्रेट वॉल नियमों के तहत नहीं है फॉरेस्ट एरिया में मलबा डंप किया जा रहा है। अभी दो दिन पहले हुए आधे घंटे की बारिश में तीन बड़े डंगे गिर गए। कंपनी द्वारा जो मालवा डंम किया जा रहा है वह लोगों के खेतों और घरों में जा रहा है और आने वाले दिनों में यह बड़ा त्रासदी का रूप ले सकती है । पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अलावा कंपनी के अधिकारियों से भी बात की गई है ।

# जिले में मनरेगा के तहत चलाया जाएगा हरित बिलासपुर अभियान

**शुभम राही, बिलासपुर**

- **घुमारवीं और झंडूता उपमंडल के लोग निजी भूमि पर करवा सकेंगे पौधरोपण**

जिला बिलासपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत हरित बिलासपुर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विकास खंड घुमारवीं और झंडूता के सभी ग्राम पंचायतों में पौधरोपण करवाया जाएगा। यह जानकारी विकास खंड अधिकारी विपिन ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर विभिन्न प्रकार के पौधों का पौधरोपण करवा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति अधिकतम राशि 1 लाख रुपए तक पौधरोपण करवा सकता है, जिसमें मनरेगा योजना के नियमों को पालन करते हुए 60000 रुपए मजूदरी पठक तथा 40000 रुपए के सामग्री घटक से पौधों की खरीद पर किया जा सकता है।

विकास खंड घुमारवीं और झंडूता की विभिन्न ग्राम पंचायतों में से कोई भी व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर पौधरोपण करवाना चाहता है, तो वह अपनी ग्राम पंचायत में जाकर एक सप्ताह के भीतर संबंधित पंचायत सचिव या प्रधान, वार्ड सदस्य से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के बागवानी से संबंधित फलदार पौधों, औषधीय पौधों, ईमारती लकड़ी प्रदान करने वाले पौधे इत्यादि का पौधरोपण करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कल कई क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** विद्युत उपमंडल बरठीं के तहत विद्युत अनुभाग बल्हसीहणा के तहत कई क्षेत्रों में पहली जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत बोर्ड के सहायक अभियंता हरवंश लाल शर्मा ने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते विद्युत बोर्ड की ओर क्षेत्र में बिजली कट रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान खरोटा, बरठीं, संगास्वीं, बलोह, भल्लू, गुजरेहड़ा, कथ्यून, बल्हसीहणा, मलारी, गंडीर, मलांगण सहित अन्य साथ लगते क्षेत्रों में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि बारिश व अन्य कारणों के चलते कार्य न होने की स्थिति में कार्य अगले दिन प्रस्तावित रहेगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर जिले में पांच स्थानों पर स्थापित की जा रही बड़ी एलईडी

## बिलासपुर शहर में लगाई; घुमारवीं बस स्टैंड, बरमाणा और मंडी-भराड़ी पुल पर लगाई जाएंगी

**शुभम राही, बिलासपुर**

जिला प्रशासन बिलासपुर की ओर से जिला के पांच स्थानों में बड़ी एलईडी लगाई जा रही है। शुरुआती चरण में प्रशासन की ओर से उपायुक्त कार्यालय और बस अड्डा बिलासपुर में एलईडी स्थापित कर दी हैं। इसके बाद अब प्रशासन घुमारवीं बस अड्डा, फोरलेन पर स्थित मंडी-भराड़ी पुल व बरमाणा चौक पर यह एलईडी लगाने जा रहा है। इसके लिए प्रशासन की ओर से कवायद आरंभ हो गई है और जल्द ही यह एलईडी लगना भी शुरू हो जाएगी।

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि इन एलईडी के माध्यम से एक तरफ जहां आपदा के बचाव व अन्य जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी, वहीं जिला व अन्य स्थानों के व्यापारी अपने व्यापार की एडवटाइजमेंट भी कर सकते हैं। बकायदा इसके लिए व्यापारियों को शुल्क देना होगा। इस एलईडी के माध्यम से व्यापारी अपने बिजनेंस को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे न केवल व्यापारियों के बिजनेंस की एडवटाइजमेंट होगी, बल्कि जिला प्रशासन के लिए आमदनी के अवसर भी प्राप्त होंगे। आपको बता दें कि इस एलईडी के माध्यम से

### क्या कहते हैं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक



**उपायुक्त** आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि जिला के पांच स्थानों पर बड़ी एलईडी लगाई जा रही है। शुरुआती चरण में उपायुक्त कार्यालय सहित बस अड्डा बिलासपुर में यह एलईडी लगा दी गई है। अब घुमारवीं बस स्टैंड, मंडी भराड़ी पुल व बरमाणा चैक पर एलईडी लगाई जाएगी। जल्द ही यह कार्य शुरू होगा।

- **उपायुक्त बोले, एलईडी के माध्यम से आपदा के बारे में जागरूक किए जाएंगे लोग**

प्रशासन द्वारा लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे भी जागरूक किया जाएगा। साथ ही खास बात यह भी रहेगी कि आपदा से बचने के लिए भी इस एलईडी के माध्यम से बताया जाएगा। फोरलेन पर वाहन चालकों को इसके लिए सड़क सुरक्षा के बारे भी बताया जाएगा।

इस बारे में जिला प्रशासन का कहना है कि एलईडी का लगाने का मुख्य मकसद यह है कि लोगों को सरकार की योजनाओं सहित आपदा से बचाव के बारे में बताया जा सके। इसी के साथ प्रशासन को इस प्रोजेक्ट के माध्यम से इनकम भी होगी, जो जिला के विकासात्मक कार्यों पर खर्च की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम ने की मानसून की तैयारियों की समीक्षा

**शुभम राही, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के अंतर्गत उपमंडलाधिकारी अभिषेक गर्ग ने शनिवार को मानसून की तैयारियों के लिए आयोजित विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की । उपमंडलाधिकारी ने मानसून सीजन को देखते हुए सदर उपमंडल के अंतर्गत सभी सड़कों, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्युत आपूर्ति, परिवहन आदि जरूरी जन सेवाओं को क्रियाशील और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग और नगर परिषद को बरसात के दौरान जो पेड़ गिर सकते हैं, उनकी सूची देने को कहा। साथ में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को बरसात के दिनों में होने वाले जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने व जलशक्ति विभाग को पेयजल भंडारण टैंकों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

# आधार कार्ड को समय-समय पर अपडेट करवाएं : एडीसी



आधार निगरानी समिति की बैठक में मौजूद एडीसी डॉ. निधि पटेल और अन्य।

**शुभम राही, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डॉ निधि पटेल ने की। इस अवसर पर उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी जिला वासी अपने आधार कार्ड को समय-समय पर अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा व्यक्ति को मिल सके।

उन्होंने कहा कि नीट और अन्य सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड को मोबाइल नंबर से अवश्य लिंक करवाए तथा अपना बायोमैट्रिक अपडेट करवाना भी सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में जब भी इन प्रतियोगिता परीक्षाओं में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

### 10 वर्ष में एक बार आधार अपडेट करवाना जरूरी

**एडीसी** ने कहा कि नागरिकों को दस वर्ष में एक बार आधार अपडेट करवाना जरूरी है। अपने आधार की सुरक्षा के लिए मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी से लिंक अवश्य करवाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की 5 वर्ष से 15 वर्ष के आयु के बीच के स्कूली बच्चों के आधार कार्ड स्कूल में कैंप लगाकर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला में शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों के शत प्रतिशत आधार कार्ड नहीं बने हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी 14 सितंबर, 2024 तक अपने आधार को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।

# नीति निर्धारण के लिए सही आंकड़े बहुत जरूरी: गर्ग

**शुभम राही, बिलासपुर**

सामाजिक आर्थिक नीति निर्धारण के लिए सही आंकड़ों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उपमंडल अधिकारी बिलासपुर सदर अभिषेक गर्ग ने शनिवार को 18वें सांख्यिकी दिवस समारोह के अवसर पर जिला सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यह विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आंकड़ों की विश्वसनीयता को बनाए रखने और सक्षम तथा सामान्य आंकड़ों की उपलब्धता की सुनिश्चितता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यालयों द्वारा एकत्रित एवं संकालित तथा विश्लेषित आंकड़े सरकार की योजनाओं तथा नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आंकड़े हमारे जीवन का आधार है जिसके बिना किसी भी प्रकार के सामाजिक-आर्थिक नीति निर्धारण संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि सही आंकड़ों का एकत्रीकरण करने के उपरांत विश्लेषण व संवीक्षा की प्रक्रिया के बाद हमें यह आंकड़े सरकार को उपलब्ध करवाना चाहिए, जिसके लिए सभी कार्यालय निश्चित रूप से सक्रियता के साथ कार्य करें। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** बिलासपुर शहर के लुहणू मैदान को फूड जोन बनाने के लिए प्रशासन ने बनाया प्लान

# अब लोगों को एक ही जगह पर मिलेंगे लजीज व्यंजन

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के लुहणू मैदान में अब खाने के लिए विभिन्न-विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन परोस जाएंगे। जी हां, प्रशासन की ओर से लुहणू मैदान को फूड जोन एरिया बनाने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके चलते शनिवार को जिला उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक सहित एसडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने लुहणू मैदान का निरीक्षण किया है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लुहणू मैदान को फूड जोन एरिया बनाने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर इस जोन को शुरू करने की प्लानिंग है। जिला प्रशासन के अनुसार यहां पर दो लाइनों में फूड जोन एरिया बनाया जाएगा। एक स्थान पर शाकाहारी और दूसरे स्थान पर मांसाहारी व्यंजन परोसे जाएंगे। इसके लिए प्रशासन ने नगर परिषद के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है और नप ही अब स्थान का शुल्क भी तय करेगा।



लुहणू मैदान में फूड जोन एरिया का निरीक्षण करते डीसी व अन्य।

आपको बता दें कि यहां पर लगने वाली रेहड़ी-फहड़ियों से प्रशासन पैसे लेगा। एक सामान्य शुल्क के साथ यहां पर अब दुकानदार अपनी दुकान लगा सकते हैं।

प्रशासन का कहना है कि जिला की विधवा व गरीब तबके की महिलाओं और उनके परिवार को अधिक तव्वजो दी जाएगी, ताकि वह अपने परिवार को पालन पोषण कर सकें। निरीक्षण करने के बाद उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि यह देखा गया है कि रोजाना शहर के सैकड़ों लोग अपने परिवार के साथ रोज शाम को लुहनु मैदान जाते है। इसलिए इस जगह पर एक फूड जोन बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लुहनु मैदान के साथ नगर परिषद बिलासपुर के अंतर्गत फूड जोन स्थापित किया जाएगा जहां लोगों को सभी प्रकार के लजीज व्यंजन खाने को मिलेंगे। इस फूड जोन में वेजीटेरियन ओर नॉन वेजिटेरियन कॉर्नर स्थापित किया जाएगा।

इस फूड जोन के बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। जोन में ठेलों पर दुकानें चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि फूड जोन में ठेलों के आबंटन के लिए मानक तय करने की प्रक्रिया चल रही है। (अनंत ज्ञान)

> लुहणू मैदान को फूड जोन एरिया बनाया जा रहा है। जल्द ही इस जोन को शुरू करने की प्लानिंग है। प्रशासन की ओर से यहां पर दुकान लगाने वाले लोगों से सामान्य शुल्क लिया जाएगा। इस फूड जोन के लगने से बिलासपुरवासियों को रोजगार मिलेगा।
>
> - आबिद हुसैन सादिक
> डीसी बिलासपुर

# बिलासपुर में बद्दी विवि का प्रोस्पेक्टस लांच

## यूनिवर्सिटी के विभिन्न कोर्सेस, स्कॉलरशिप और प्लेसमेंट के बारे में दी जानकारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

शिक्षा के क्षेत्र में उम्दा मुकाम हासिल कर चुकी बद्दी यूनिवर्सिटी ने यूनिवर्सिटी का बिलासपुर में अपना प्रोस्पेक्टस लांच किया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी की ओर से डॉ. अरुणकांत पनोली डीन ऑफ स्कूल मैनेजमेंट स्टडी और मार्केटिंग एक्सक्यूटिव रोहित भारद्वाज ने पत्रकारों को भी संबोधित किया।

उन्होंने बद्दी यूनिवर्सिटी द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न कोर्सेस, स्कॉलरशिप, प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बद्दी यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग, फार्मेसी, साइंस, मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर, नर्सिंग, फिजियोथैरिपी के कोर्स करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी एक ही परिवार के दो बच्चे एक साथ दाखिला लेते हैं तो उसमें एक बच्चे पर पचास प्रतिशत की छूट दी जाएगी।




बिलासपुर में बद्दी यूनिवर्सिटी का प्रोस्पेक्टस लांच करते विश्वविद्यालय के अधिकारी।

उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माता पिता कोरोना काल में मृत्यु को प्राप्त हुए हैं तो उन्हें भी विशेष छूट दी जाएगी। इसके अलावा बद्दी यूनिवर्सिटी द्वारा स्कॉलरशिप भी दी जाती है, जिसमें जमा दो और कला स्नातक के मेरिट के आधार पर बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाती है। उन्होंने कहा कि उनकी यूनिवर्सिटी में रैगिंग पर पूरी रोक लगाई गई है। इसके लिए सीनियर और जूनियर वर्ग को अलग-अलग होस्टलों में ठहराया जाता है। (अनंत ज्ञान)

# मढ़ी में गो तस्करी, लेह की ओर जा रहा था ट्रक

## पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक को किया गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा, मनाली**

मनाली में गोवंश तस्करी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गोवंश तस्कर गिरोह को पकड़ने में सफलता पाई है। सनद रहे कि मनाली-रोहतांग मार्ग पर मढ़ी में आधी रात को स्थानीय ग्रामीण युवाओं ने गायों से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक में भरकर पशुओं को लेह की ओर ले जाया जा रहा था। गो तस्करी की आशंका को देखते हुए युवाओं ने खूब हंगामा किया।



पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने बाकायदा वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल की है। पुलिस ने ट्रक चालक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। यह गोवंश गिरोह गायों को मढ़ी से ट्रक में भरकर रोहतांग होते हुए लेह की ओर ले जाने की फिराक में था। गो तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने मंडी के ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है। ट्रक चालक की पहचान नरेश कुमार पुत्र दया राम गांव सुका कून डाकघर सेहली तहसील कोटली जिला मंडी उम्र 33 साल के रूप में हुई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद रफी गांव जटेहर विहाल डा कटराई जिला कुल्लू ने बयान दिया कि वो एक पशु पालक है और आजकल उसका अस्थाई डेरा सागू नाला में पशु चराने हेतु लगाया गया है। बीती रात डेढ़ बजे जब यह अपनी गाय भैंसो को देखने डेरे से बाहर निकला तो उसने देखा कि सड़क के किनारे एक ट्रक खड़ा था। जिस पर टार्च की रोशनी से गाए को ट्रक में चढ़ाया जा रहा था। मोहम्मद ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी है। सूचना मिलते ही मौका पर छह व्यक्ति इकट्ठा हो गए।

मढ़ी में रह रहे पलचान के पूर्व प्रधान सुंदर ठाकुर ने कहा कि उन सभी ने ट्रक चालक एचपी 65बी 0881 को राहनीनाला के पास जाकर पकड़ा। पुलिस की टीम आरोपी चालक से पूछताछ करने में जुटी हुई है कि वो आखिर कहां से यह पशुओं की तस्करी कर रहा था और कौन कौन लोग इसके साथ शामिल है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

## देहरा में कमलेश ठाकुर का मायका, सर्वे के बाद दिया टिकट : प्रतिभा

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल में तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों को लेकर प्रचार के साथ नेताओं की जुबानी जंग भी जारी है। सीएम सुक्खू की पत्नी को देहरा से चुनाव लड़वाने को लेकर भाजपा लगातार हमलावर है और कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की अनदेखी की बात कह रही है।

अब इस पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पलटवार किया है और भाजपा की बयानबाजी को निराधार करार दिया है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि वह यहां की नागरिक है उनका मायका देहरा में है और उनका बचपन वहां बीता है। कांग्रेस पार्टी ने सर्वे कराया है और सबकी राय के बाद उन्हें टिकट दिया गया है।

भाजपा के आरोपों का कोई आधार नहीं है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि तीन उपचुनाव में कांग्रेस जीत के लिए प्रयास कर रही है। हालात को देखकर लग रहा है कि कांग्रेस जीतेगी और कांग्रेस की सरकारों ने प्रदेश में काम करवाए हैं, जिन्हें देखकर लोग कांग्रेस पार्टी को वोट करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## 10 जुलाई के बाद कांग्रेस सरकार में होगा बड़ा विस्फोट : बिंदल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में कांग्रेस सरकार के भीतर 10 जुलाई के बाद बड़ा 'विस्फोट' होगा, यह सरकार नहीं रहेगी। सरकार के भीतर लाभार्थियों के 'टोले' ने जिस तरीके से अपने लिए सरकार का मिसयूज किया है, उन्हीं की वजह से यह उपचुनाव भी हो रहे हैं। सीएम खुद स्वीकार कर चुके हैं कि यह मित्रों की सरकार है। शनिवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में इस सरकार के लक्षण बने रहने के दिख नहीं रहे। 1500 करोड़ केंद्र से सरकार ने और मांगा है, लेकिन पैसे का दुरुपयोग हो रहा है



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजीव बिंदल।

मुख्यमंत्री ने विधायकों को दुश्मन बनाकर रखा, यही कार्यशैली इस सरकार के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। पति-पत्नी और मित्रों की यह सरकार अब लोगों की उम्मीद पर खड़ा उतने की सारी गुंजाइश बेमानी बन चुकी है। प्रदेश में अराजकता फैलाने वालों का टोला जिस तरीके से फल-फूल रहा है, पूरा हिमाचल चिट्टे के शिकंजे में है। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश में उपचुनाव का क्रम रुकने वाला नहीं : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

प्रदेश में उपचुनाव का क्रम रूकने वाला नहीं है, क्योंकि जल्द ही हाईकोर्ट से छह सीपीएस पर फैसला आने वाला है। अगर इनकी सदस्यता समाप्त होती है तो ये उपचुनाव का दौर थमने वाला नहीं है। यह बात नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शनिवार को नालागढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सीपीएस नियुक्तियों के विषय पर पहले भी सुप्रीम कोर्ट सख्त हुआ है।



इन तीन सीटों के चुनाव भी लोकसभा के साथ हो सकते थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने जिस तरह का तानाशाह रवैया रखा ताकि अपनी सरकार को गिरने से बचा सके। इन तीनों सीटों पर भारी बहुमत के साथ भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे और फिर सुक्खू की सरकार खतरे में आएगी। सुक्खू सरकार सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने का प्रयास कर रही है, जिन्हें प्रदेश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

सुक्खू की सरकार बहुमत के साथ-साथ जनमत भी खो चुकी है। पिछले डेढ़ वर्ष में सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है, सिर्फ पूर्व सरकार के द्वारा खोले गए संस्थानों को बंद करने की उपलब्धि है, जिसका जवाब प्रदेश की जनता इन तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में देगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ठियोग में अफीम व नकदी सहित तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ठियोग उपमंडल में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने एक नशा तस्कर को अफीम और करीब अढ़ाई लाख की नगदी के साथ पकड़ा है। पुलिस के स्पेशल सेल की टीम ढली, कुफरी, फागू और ठियोग क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर नशे के सामान के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर ठियोग के राहीघाट में पुलिस कर्मियों ने छापेमारी की। छापेमारी में सोहन लाल उर्फ हैप्पी पुत्र राज कुमार निवासी राजभवन भवन रहीघाट ठियोग तहसील ठियोग जिला शिमला के कब्जे से 824 ग्राम अफीम बरामद की गई। आरोपी के पास से 2.50 लाख से अधिक नगद भी बरामद किया गया। ठियोग के डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कुटलैहड़ के लिए कोई घोषणा न होना दुर्भाग्यपूर्ण : भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि डेढ़ वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के प्रवास पर आए सीएम एक रुपए की घोषणा भी नहीं करके गए। न ही कोई विकासतमक



कार्यों पर कोई चर्चा की। केवल टिकाऊ बिकाऊ की माला मंच से जपते रहे। भुट्टो ने कहा कि अब कुटलैहड़ की जनता को भी पता चला है कि आखिर राज्य में सरकार से 6 कांग्रेस विधायकों ने क्यों नाता तोड़ा था। भुट्टो ने कहा कि सीएम साहब से हमने 14 माह लगातार कुटलैहड़ के विकास के लिए धन की मांग की लेकिन सीएम ने हमारी एक नहीं सुनी। भुट्टो ने कहा कि पहले तो मैं कुटलैहड़ का विधायक था। शायद तब मुख्यमंत्री महोदय नहीं सुनते थे, लेकिन अब तो मुख्यमंत्री महोदय के दोस्त कुटलैहड़ के विधायक है। उनके विधायक बनने के बाद मुख्यमंत्री पहली बार कुटलैहड़ का दौरा कर रहे है। फिर भी मुख्यमंत्री कोई घोषणा कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के लिए नहीं करना कुटलैहड़ की जनता के लिए दुर्भाग्य है। (अनंत ज्ञान)

### हरप्रीत छह साल के लिए भाजपा से निष्कासित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के आदेशानुसार हरप्रीत सिंह सैणी, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी, युवा मोर्चा को नालागढ़ विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने पर उनकी प्राथमिक सदस्यता को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया है। यह आदेश प्रमोद ठाकुर प्रदेश कार्यालय सचिव द्वारा जारी किए गए। (अनंत ज्ञान)

## राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए देहरा पहुंची कमलेश : होशियार

**शुभम शर्मा, देहरा**

राजनीतिक महत्कांक्षाओं को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी आजकल देहरा में जमीन तलाश कर रहे हैं।

देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी आज तक देहरा नहीं आई, पर जब चुनाव लड़ने की बारी आई तो देहरा की याद उनको आ गई। होशियार सिंह ने कहा कि कमलेश लोगों की भावनाओं से खेलना बंद करें वैसे भी उनका मायका जसवां परागपुर के नलसुहा में है और मैं देहरा का बेटा हूं। देहरा की चिंता ऐसे व्यक्तियों को करने की आवश्यकता नहीं जिन्हें प्रदेश भर में तालाबंदी और संस्थानों को बंद करने वाली सरकार के रूप में जाना जाता हैं।

जनता कुछ नहीं भूलती इसलिए जिस होटल में आपने चुनाव के लिए ठिकाना बनाया हैं वहां से अपना बोरिया बिस्तर समेटिऐ और जहां शिमला या नादौन जहां पर भी अपना घर हैं वहां से राजनीतिक रोटियां सेकिए, देहरा में आपका न काम हैं न नाम है। (अनंत ज्ञान)

कहानी-4

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।
पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।
प्रमुख संपादक

# करियां में नहीं एक भी स्वास्थ्य केंद्र

## चंबा जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर बसा है यह खूबसूरत गांव

आज हम बात करेंगे एक ऐसे गांव की जो चंबा से सटा है। जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर इस खूबसूरत गांव का नाम है करियां। 'अनंत ज्ञान' ने जब गांव का दौरा किया तो पाया कि तीन हजार की आबादी वाली करियां पंचायत में पूर्ण रूप से मूलभूत सुविधाएं आज तक विकसित नहीं हो पाई हैं। एक ओर जहां विभिन्न योजनाओं को लागू कर केंद्र व राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन हर पंचायत और हर गांव में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने के दावे आए दिन करता है, तो वहीं, गांव की हालत को देखकर लगता है कि यहां विकास अभी भी कोसों दूर है। यहां के बाशिंदों को इस बात का मलाल है कि मंजूर योजनाओं के बावजूद वे मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। मुख्यालयों से सटी पंचायतों तक में स्वास्थ्य और पेयजल यहां तक कि सड़कों की दयनीय हालत बनी हुई है। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को उजागर करना व उनका समाधान करवाना बेहद लाजिमी है। स्वास्थ्य सेवा व वाहन पार्किंग की ओर दृष्टि डाली तो इस पंचायत में स्वास्थ्य विभाग की ओर से खोला जाने वाला एक भी स्वास्थ्य केंद्र नजर नहीं आया। दूसरी ओर वाहनों की पार्कि ंग के लिए भी कोई उचित व्यवस्था नजर नहीं आई, जिसका खामियाजा गत दिनों एक राहगीर बुजुर्ग को दुर्घटना का शिकार होने के रूप में चुकाना पड़ा।



एमएम डैनियल
चंबा







### कई बार डाला प्रस्ताव, नहीं मिली मंजूरी



जब गहनता से पड़ताल की गई तो पंचायत के कुछ लोगों संजीव कुमार, कपिल शर्मा व पूर्व पंचायत प्रतिनिधि कश्मीर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य व पार्किंग की करियां पंचायत में जटिल समस्या है जिसके समाधान के लिए कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन आज तक इसका समाधान नहीं हो पाया है। पंचायत ने कई बार ग्राम सभा में प्रस्ताव डाला, लेकिन इसके बावजूद करियां पंचायत को स्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी नहीं मिल पाई। कुछ लोग एनएचपीसी कॉरपोरेशन स्वास्थ्य केंद्र पर, कुछ गैर सरकारी क्लीनिकों पर व सबसे निर्धन लोग पांच से छह किलोमीटर दूर मुख्यालय में स्थित सरकारी चिकित्सालय स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर कई वर्षों से दिन काट रहे हैं। हालांकि लोगों ने बताया कि गत सालों में उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से इस मसले को उठाने सहित ग्राम सभा बैठकों में विशेष तौर से प्रस्ताव पारित किए, लेकिन हर बार उन्हें एनएचपीसी कॉरपोरेशन स्वास्थ्य केंद्र का हवाला दिया गया, जबकि एनएचपीसी कॉरपोरेशन स्वास्थ्य केंद्र में करियां पंचायत वासियों का उपचार प्राइवेट रोगी के तौर किया जा रहा है। यह बात अलग है कि एनएचपीसी कॉरपोरेशन की ओर से सामुदायिक योजना के तहत कई बार स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्थानीय लोगों को निशुल्क दवाएं वितरित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर पंचायत में कोई सरकारी तौर पर व्यवस्था नहीं है।

### चमेरा प्रोजेक्टों ने तोड़ी आस

करियां पंचायत में करीब 34 वर्ष पूर्व चमेरा दो और तीन परियोजना क्षेत्र स्थापित होने से पहले व उसके बाद स्थानीय व आसपास के गांवों को यहां सुख-सुविधाओं का विस्तार होने की आस जगी, लेकिन जैसे-जैसे परियोजना क्षेत्र विकसित होता गया वैसे-वैसे करियां पंचायत व आसपास के क्षेत्रों के लोगों की जो आस थी वह मात्र जमीनों के मूल्य व चंद लोगों को रोजगार मिलने तक ही सीमित रह गई। यहां तक कि मूलभूत सुविधाओं में स्वास्थ्य केंद्र के अभाव सहित शमशानघाट या रावी नदी तट पर आवागमन के रास्ते को लेकर भी स्थानीय लोगों को न्यायालय की शरण लेनी पड़ गई।

### क्या कहते हैं पंचायत प्रधान



पंचायत प्रधान
दीपक राणा

करियां पंचायत के प्रधान दीपक राणा का कहना है कि इसमें कोई दो राय नहीं कि पंचायत के पास अपना कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। गत वर्षों में पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र खुलवाए जाने के बहुत सारे प्रयास किए गए, लेकिन हर बार नगर परिषद क्षेत्र नजदीक होने के नियम व एनएचपीसी कॉरपोरेशन स्वास्थ्य केंद्र इस दिशा में आगे आता रहा है। हालांकि पशुपालन विभाग ने पशु औषधालय केंद्र खोला है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार, जिला प्रशासन व विभाग को पशुओं की चिंता है, लेकिन इंसानों की नहीं, जबकि देर रात गर्भवती महिलाओं के प्रसव व अन्य गैरसंचारी रोगों के लिए क्षेत्रवासियों को परेशानी के दौर से कई वर्षों से गुजरना पड़ रहा है। इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर सरकार के समक्ष प्रस्तावित किया जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो इस दिशा में पंचायत अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर मांग भी उठाएगी।



शेर मोहम्मद

करियां निवासी शेर मोहम्मद (88) ने बताया कि उनकी आंखों के सामने ही चमेरा प्रोजेक्टों के कार्यालय एवं आवासीय कॉलोनियां बनी। प्रारंभिक दौर में श्मशानघाट जाने के लिए परियोजना प्रबंधन को कोई ऐतराज नहीं हुआ, लेकिन जब परियोजना परिक्षेत्र की सीमा निर्मित कर दी तो स्थानीय लोगों का पुश्तैनी श्मशानघाट करियां का रास्ता जबरन बंद कर दिया। पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों को एसडीएम चंबा के समक्ष याचिका दायर करनी पड़ी जिसका निर्णय आज भी विचाराधीन है।



गुलाम हुसैन

गुलाम हुसैन (81) का कहना है कि करियां पंचायत बहुत विकसित पंचायत मानी जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर परियोजना क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्र है। जहां दिन में तो सामान्य रोग के तहत फर्स्ट एड सुविधा मिल जाती है, लेकिन देर रात कोई स्वास्थ्य सेवा नहीं है। ऊपर से सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी के रवैये स्थानीय ग्रामीणों को डराते हैं, जबकि गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए करियां पंचायत में कोई भी व्यवस्था नहीं है। जब क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित रह रहे हों तो करियां कैसे विकसित पंचायत में शुमार हो सकती है।

## पूर्व निर्दलीय विधायक ने जनादेश को ठुकराकर दिया त्याग पत्र : पुष्पेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्व निर्दलीय विधायक ने हमीरपुर की जनता द्वारा दिए गए जनादेश को ठुकराकर केवल अपने फायदे के लिए त्यागपत्र दिया है। पुष्पेंद्र वर्मा शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वे ये बताएं कि उनकी ऐसी किया मजबूरी थी कि उन्हें विधानसभा सदस्य से त्यागपत्र देना पड़ा अगर भाजपा को ही समर्थन देना था तो बिना त्यागपत्र दिए बिना भी दे सकते थे। उन्होंने कहा कि वास्तविकता ये है कि उनके द्वारा की गई डील ने ही उन्हें त्यागपत्र देने पर मजबूर किया है। ऐसा करके उन्होंने हमीरपुर की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।



हमीरपुर की जनता अच्छे-बुरे को भली-भांति समझती है। हमीरपुर की जनता ने भाजपा व कांग्रेस को छोड़ कर निर्दलीय तौर पर इन्हे जिताया, लेकिन इन्होंने त्यागपत्र देकर ये जता दिया कि उनके पास जनता की भावनाओं की कोई कद्र नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला से लम्बे अरसे बाद मुख्यमंत्री बने है, किसी भी जिले का मुख्यमंत्री उस जिले की आन-बान-शान होता है, लेकिन इन्हें ये बात पसंद नहीं आई। जब प्रेम कुमार धूमल मुख्यमंत्री थे उस समय से इन्होंने अपने अवैध धंधों को चलाया, जब इन्हें एहसास हो गया कि अब उनके धंधे फलफूल नहीं पाएंगे, तो इन्होंने धूमल को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के भी ये करीबियों में जाने का ड्रामा कर ये अपने उन्हीं धंधों को बढ़ाना चाहते थे, जब मुख्यमंत्री ने ऐसा नहीं होने दिया तो मुख्यमंत्री के खिलाफ सरकार गिराने की साजिश रच डाली जिसमें ये बुरी तरह फेल हो गए। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब से दो आरोपी गिरफ्तार टैक्सी चालक की तलाश जारी

**शुभम राही, बिलासपुर**

मनाली के टैक्सी चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में बिलासपुर पुलिस ने दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। बिलासपुर पुलिस इस दोनो आरोपियों को बिलासपुर ला रही है। डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि आरोपियों को पकड़कर बिलासपुर लाया जा रहा है।

आरोपियों से पूछताछ के बाद ही जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विक्ट्री टनल में टूअर एंड ट्रैवल का काम करने वाले रामकृष्ण मनाली से बिलासपुर आते समय बीच रास्ते में लापता हो गए थे। इसके बाद उनके बेटे की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

प्रारंभिक जांच में पुलिस ने टैक्सी को लुधियाना से बरामद करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन हरिकृष्ण का कोई सुराग नहीं लग पाया। वाहन में खून के धब्बे भी मिले हैं। अब पुलिस ने दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति**

## बार एसोसिएशन हमीरपुर के सदस्यों के साथ मुलाकात कर मांगा सहयोग

# सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अब तक हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। चाहे वो उनकी गरंटियां हो या उनके गृह जिला में होने वाले विकास कार्यों की बात। जब भी कोई चुनाव आता है तो कांग्रेस अपनी गारंटियों की बात तो करती है, लेकिन उन्हें कब पूरा किया जाएगा यह नहीं बताती।

उल्टा मुख्यमंत्री इन सारे वादों की बात न करते हुए मुद्दे भड़काने की कोशिश करते हैं। जनता और क्षेत्र का विकास करवाने की बजाय यह सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है और



चुनाव प्रचार के दौरान एक नुक्कड़ सभा में मौजूद आशीष शर्मा।

सरकारी अमला भी जनता की सेवा छोड़कर सरकार के हाथों की कठपुतली बना हुआ है।

आशीष शर्मा ने शनिवार को ग्राम केंद्र बफड़ी और बलोह के तहत नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। आशीष शर्मा ने बार एसोसिएशन हमीरपुर के सदस्यों के साथ मुलाकात कर उनसे सहयोग व समर्थन की अपील की। अपने जन आशीर्वाद अभियान के तहत आयोजित नुक्कड़ सभाओं में आशीष शर्मा को मिल रहे समर्थन व सहयोग के लिए उन्होंने हमीरपुर की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद ही इस लड़ाई में मेरी सबसे बड़ी ताकत है। विरोधी रोज नए-नए हथकंडे मुझे बदनाम करने के लिए अपना रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है और जनता की अदालत में इसका फैसला जब भाजपा के पक्ष में होगा। तब यह भलीभांती जान जाएंगे कि जनता झूठ व बरगलाने की राजनीति को जानती है और उससे ऊपर उठकर लोग आशीर्वाद देंगे।

### 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने में भी असमर्थ

**आशीष** ने कहा कि हमें बिकाऊ कहने वाले कांग्रेस सरकार के नेता खुद हमें उसे समय विभिन्न ऑफर देते रहे जब राज्यसभा के चुनाव वाला एपिसोड हुआ था और सरकार गिरने की कगार पर थी। तीनों निर्दलीय विधायकों को अलग-अलग से विभिन्न लोभ दिए गए, लेकिन अहंकारी और तानाशाह सरकार के साथ कोई नहीं गया।

300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर सत्ता में आई प्रदेश कांग्रेस सरकार अब उसे वादे को भूल गई है और पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा दिए गए 125 यूनिट को भी देने में असमर्थ साबित हो रही है।

## प्रदेश में लालू और राबड़ी की कांग्रेस सरकार का आभास : संदीपनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की हिमाचल प्रदेश में लालू और राबड़ी की सरकार का आभास हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल प्रदेश की सरकार एक ही परिवार के हाथ में खेल रही है और हिमाचल प्रदेश के मित्र इस परिवार के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे है। पूर्ण रूप से हिमाचल प्रदेश एक देवभूमि है और देवभूमि में इस तरह का प्रचलन ज्यादा देर नहीं चलता है। मुख्यमंत्री ने क्रशर पॉलिसी क्यों चेंज की, वह अभी तक एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है?

इस बदलाव से कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है और मुख्यमंत्री ने अपने ही एक रिश्तेदार को इस बदलाव के माध्यम से बड़ा फायदा पहुंचाया है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोढन विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि0प्र0**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोढन विभिन्न मदों के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए 26.06.2024 से 5.07.2024 निम्न सामग्री आमन्त्रित करती है।

रेत क्रशर - प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर - प्रति घन मीटर, रेता धुला क्रशर - प्रति घन मीटर, रेता लोकल - प्रति घन मीटर, बोल्डर - प्रति घन मीटर, कट स्टोन - प्रति घन मीटर, शैटरिंग, सिमेंट दुलाई सिविल सप्लाई स्टोर धर्मपुर – प्रति बैग, पंचायत स्टोर से कार्य स्थल तक – प्रति बैग, बोर्ड सीमेंट – प्रति बोर्ड, इंटर लाक टाईल 40mm 60mm 80mm – प्रति टाईल, सरिया 10mm 12mm 16mm – प्रति किलो, जेसीबी मशीन – प्रति घंटा, सीमेंट बैग – प्रति बैग, लोहा बैच – प्रति बैंच, डिस्पले बोर्ड – प्रति बोर्ड, सीमेंट ब्लाक – प्रति ब्लाक, ईंट – प्रति ईंट, डस्टबीन, जिम व पार्क सामग्री – प्रति नग, ईंट Bricks – प्रति ईंट

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म अपनी निविदा दिनॉक 05.07.2024 तक शाम 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा ग्राम पंचायत जोढन में पहुंच जानी चाहिए निविदा दिनॉक 6.07.2024 को सुबह 11 बजे निविदा कमेटी के सामने ग्राम पंचायत जोढन में खोली जायेगी।

नियम व शर्तेः- 1 निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी न0 होना चाहिए। 2 सामग्री गाड़ी में जहां तक जा सकती है पहुंचानी होगी। 3 पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामग्री दी जायेगी। 4 यदि सामग्री से सही गुणवत्ता नहीं पाई जाती है या सामय पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रद्द की जा सकती है। 5 निविदा स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार निविदा कमेटी का होगा। 6 यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उसे व्यक्ति या फर्म को निविदा 50000 / रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत कार्यालय में जमा करवाने होगे। 7 निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म को निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है निविदा समय उपस्थित होना अनिवार्य है 8 निविदा स्वीकृत होन पर व्यक्ति फर्म को अपने दस्तावेज जैसे जीएसटी नं0, आधार कार्ड, बैंक पास चैक बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत जोढन
विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि0प्र0

## न्यूज ब्रीफ

### आर्मी स्कूल योल में सीबीएससी कार्यशाला आयोजित



**नरेश धीमान, योल।** आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट में शनिवार को सीबीएससी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकुला के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के 60 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में अध्यापन विज्ञान और छात्रों के सीखने की क्षमता या प्रतिफल विषय पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। संसाधन व्यक्ति मनोज कुमार पटियाल प्रवक्ता भौतिकी, डीएवी स्कूल हमीरपुर और नरेंद्र कुमार प्रवक्ता भौतिकी बिरला स्कूल पिलानी ने अध्यापन शैली को सरल व छात्रों के लिए ज्यादा दिलचस्प बनाने पर विशेष बल दिया। मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन निरन्तर रूप से किया जाएगा, ताकि अध्यापक और छात्र समय समय पर शिक्षा मन्त्रालय द्वारा चलाए जाने वाली नीतियों की परस्पर जानकारियों को साझा कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### पारस स्कूल भवारना में दिखाए जादू के करतब




**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में बच्चों का मनोरंजन करने के लिए जादू के करतब दिखाए गए। जादूगर ने बच्चों के सामने अपनी कला का प्रदर्शन किया और प्रदर्शन करते हुए उसने रुमाल, शीतल पेय, रुपए, खिलौने, रस्सी आदि के माध्यम से अनेक प्रकार के करतब दिखाए। जादूगर ने कक्षा दसवीं के दो छात्रों को अपने जादू से सम्मोहित करके अनेक प्रकार की कलाएं दिखाईं। बच्चों ने इस कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम के दरबार पहुंचा नौशहरा मंदिर कमेटी विवाद

**शुभम शर्मा, देहरा।** गांव नौशहरा के प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ शिव एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर की बनी नई कार्यकारिणी कमेटी बनने का मामला तूल पकड़ने लगा है। अब यह मामला एसडीएम देहरा कार्यलय पहुंच गया है। शनिवार 29 जून को मंदिर कमेटी के चेयरमैन कुलवीर सिंह के नेतृत्व में जमा हुए लोगों व अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा को इस बारे शिकायत पत्र सौंप कर तुरंत कार्रवाई की मांग उठाई है। मंदिर कमेटी के प्रधान कुलवीर सिंह, सचिव रोहतक शर्मा, उपप्रधान मंजू शर्मा, कोषाध्यक्ष संसार चंद आदि पदाधिकारियों ने एसडीएम को दी गई शिकायत में कहा कि विगत दिनों मंदिर की एक नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें वर्तमान मन्दिर कमेटी के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों को नहीं बुलाया गया, खनी बिना सूचित किए ही नई कार्यकारिणी गठित कर ली, जो कि नियमों के खिलाफ है। उन्होंने एसडीएम से मामले में कार्रवाई करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# देहरा में होम वोटिंग करवाने घर-घर पहुंची टीमें

## निर्वाचन आयोग ने 10 टीमों को सौंपा है जिम्मा, 889 वोटर्स ने चुना है घर से मतदान का विकल्प

**सालबिया शर्मा, गरली**

रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने बताया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में शनिवार से होम वोटिंग की शुरुआत हो गई है। देहरा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 889 वोटर्स ने फॉर्म 12(डी) के माध्यम से घर से मतदान का विकल्प चुना है। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 742 तथा 147 दिव्यांग मतदाता घर से वोट डालेंगे।

देहरा विधानसभा उपचुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। एसडीएम ने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए चुनाव आयोग द्वारा दस टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें 29 जून से



देहरा उपचुनाव में होम वोटिंग करवातीं निर्वाचन आयोग की टीमें।

### 6 जुलाई तक चलेगी घर से वोट डालने की प्रक्रिया

6 जुलाई तक होम वोटिंग का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं के घरों में जाकर वोट डलवाएंगी। उन्होंने बताया कि इन टीमों के पास डाक मतपत्र, सभी आवश्यक फार्म, वोटिंग कंपार्टमेंट और मत पेटियां रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

### गोपनीयता और पारदर्शिता का रखा जा रहा पूरा ख्याल

**आरओ** ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों और नियमों के अनुसार यह दस्ते प्रत्येक पात्र मतदाता के घर जाकर पूरी गोपनीयता से उनका वोट डलवा रहे हैं। इस दौरान वोट डलवाने वाली टीम में मतदान अधिकारी, सुरक्षा कर्मी, माइक्रो आब्जर्वर तथा सेक्टर अधिकारी के साथ-साथ संबंधित मतदान केंद्र के मतदान पर्यवेक्षक एवं संबंधित बीएलओ भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि इन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वह चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के साथ संबंधित क्षेत्र में घर से मतदान करने वालों की सूचि और शिड्यूल साझा करेंगे। इस दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने को पोस्टल बैलेट मतदान की तमाम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जा रही है।

### दो बार घर में नहीं मिले तो नहीं डाल पाएंगे वोट

**एसडीएम** ने बताया कि डाक मतपत्र के माध्यम से वोट देने वालों के घरों में जाने से पूर्व मोबाइल मतदान टीम मतदाताओं को सूचित कर रही है। यदि कोई मतदाता पहली बार में घर पर नहीं होते हैं तो उनके घर दोबारा जाया जाएगा। दो बार घर पर ना मिलने पर फिर वह मतदाता वोट नहीं डाल पाएंगे।

### गगल एयरपोर्ट पर किया गया प्री मानसून चेकअप

**अनंत ज्ञान, गगल।** आने वाले बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए गगल एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा गग्गल एयरपोर्ट पर प्री मानसून चेक करवाया गया। हवाई अड्डे के प्रमुख प्रबंधक शैलेश सिंह ने बताया कि पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले आदि की सफाई करवाई गई और कहीं कोई पशु गिर न जाए इसके बचाव के लिए नाले के ऊपर जाले बचाने का कार्य भी शुरू किया गया। उधर, ग्राम पंचायत सनौरा की प्रधान सुनीता कुमारी ने बताया कि हवाई अड्डा प्रशासन को चाहिए के नाले में पानी की निकासी के लिए लगाए गए चेनलों के द्वारा रात के समय भी खुले रखे जाएं, ताकि रात को अनहोनी घटना ना हो। उन्होंने बताया कि रात को द्वार खोलने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं होता। इस बारे शैलेश सिंह ने बताया कि यह मामला हवाई अड्डा प्रशासन के ध्यान में है तथा इस बार रात्रि सेवाओं के लिए कर्मचारी व्यवस्था कर दी जाएगी, ताकि रात को चैनलों के गेट खोले जा सकें। (अनंत ज्ञान)

### पॉलीथिन सामग्री का इस्तेमाल करने पर काटे चालान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर सुरेश ठाकुर के साथ मिलकर कांगड़ा शहर में दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानदारों द्वारा प्रतिबंध पॉलिथीन सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था जिसके लिए उनके चालान किए गए। उन्होंने लगभग 20 दुकानों की जांच की जिनमें ढाबे और चिकन शॉप भी शामिल थीं। उन्होंने 13 दुकानदारों के कुल 10 हजार रुपये की राशि के चालान किए और साथ ही चेतावनी दी पुनः प्रतिबंधित पॉलीथिन सामग्री का उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने कहा पॉलीथिन वातावरण के लिए बहुत अधिक खतरनाक है, अत: कोई भी इस प्रतिबंधित किए गए पॉलीथिन और प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें। (अनंत ज्ञान)

## गुरु रविदास मंदिर योल में दान पात्र से शातिर ने चुराई नकदी

**नरेश धीमान, योल**



गुरु रविदास मंदिर योल में तोड़ा गया दान पात्र।

पुलिस चौकी योल के तहत शुक्रवार रात को एक चोर गुरु रविदास मंदिर योल का दान पात्र तोड़कर नकदी ले भाग गया। मंदिर कमेटी के सचिव मोहिंद्र ने बताया कि सुबह जब पांच बजे मंदिर खोला, तो वहां रखा दान पात्र टूटा हुआ पाया गया। इसमें कितना कैश था, इसके बारे में अनुमान लगाना मुश्किल है क्योंकि फरवरी माह के बाद दान पात्र नहीं खोला गया है। इस संबंध में पुलिस चौकी योल में शिकायत दर्ज कराई गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला, जिसमें शातिर का चेहरा साफ नजर आ रहा है। बता दें कि इन दिनों शातिर मंदिरों को नशाना बनाने लगे हैं। कुछ शातिर 23 जून को जदरागल पंचायत के शिव मंदिर में रात को मंदिर में रह रहे साधु को बांधकर सामान तथा कुछ नकदी ले भाग गए थे शातिर।

एएसपी पुलिस हितेश लखनपाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द शातिर पुलिस की गिरफ्त में होगा। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा बाजार में गाड़ी से 8 पेटी शराब बरामद

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** शुक्रवार देररात कांगड़ा पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कांगड़ा बाजार में एक होंडा सिटी एचपी,40 डी,8118 को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार में से पुलिस ने 8 पेटी अवैध शराब बरामद की। जानकारी देते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस को इसकी सूचना मिली, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस अवैध शराब को पकड़ कर अपने कब्जे में लिया है। उन्होंने बताया की इसमें 2 पेटी इंपीरियल ब्लू, 2 पेटी मैकडॉवेल, 1 पेटी रॉयल स्टैग, एक पेटी देशी संतरा और 2 पेटी बीयर है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में हार जलारी के रहने वाले सोहन सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

## इंदौरा में भरे जाएंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 11 पद

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**




उपमंडल इंदौरा के विभिन्न स्थानों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 11 पदों के लिए साक्षात्कार होना है। सीडीपीओ इंदौरा ने बताया कि इंदौरा उपमंडल में 2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व 9 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद रिक्त चल रहे हैं जिसके लिए इंदौरा में 19 जुलाई व नुरपुर में 20 जुलाई तक इच्छुक महिलाएं आवेदन कर सकती हैं, जिसका मेरिट के अनुसार इंदौरा में 20 जुलाई व नुरपुर में 22 जुलाई को रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर पद रिक्त हैं उसकी सूची ,रिट-1 बासा पठानिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, तोकी-3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सूरजपुर उपरला -1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, घंघवां -1 घंघवां -2 आंगनबाड़ी सहायिका, डागला मनवाल जट्टा -1 आंगनबाड़ी सहायिका, पराल आंगनबाड़ी सहायिका, कुडसां आंगनबाड़ी सहायिका, काठगढ़ बांई इंदौरिया -2 आंगनबाड़ी सहायिका, चनौर आंगनबाड़ी सहायिका, कंगरेडी आंगनबाड़ी सहायिका, मंगवाल -2 आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त हैं, जिसके लिए इच्छुक महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक महिलाओं की आयु 18-35 बर्ष के बीच होनी चाहिए व परिवार की सालाना आय 50 हजार से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, महिला उसी गांव से होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## बाबा क्यालू छिंज में पहलवानों ने दिखाया दमखम

### मेले में नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**संजीव महाजन, नूरपुर**



दंगल के विजेता एवं उपविजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए।

नूरपुर के गांव सुलयाली में प्राचीन प्रसिद्ध बाबा क्यालू छिंज मेला शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मेले का आगाज गांव के राधा श्रीकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना करके व बाबा सुखाली का आशीर्वाद लेने के साथ हुआ। छिंज मेला दोपहर दो बजे शुरू हुआ और रात नौ बजे संपन्न हुआ। मेले में नूरपुर विधायक रणवीर सिंह निक्का ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा सुधीर दा टाइल्स एक्सपर्ट के मालिक सुधीर शर्मा, समाजसेवी व बीडीसी सदस्य संजय सौगुणी विशेष रूप में उपस्थित रहे।

दंगल के विजेता पहलवान छोटा सुदाम ने कहा, 'हमें अच्छा लगा यहां आकर काफी बढ़िया इंतजाम दंगल कमेटी ने करवा रखा है। हमारी कुश्ती भी बहुत जोरो-शोरों से हुई। मैं सबका धन्यवाद करता हूं।' वहीं, मुख्यातिथि विधायक रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि वह गांव वासियों व दंगल कमेटी को इस छिंज मेले को सफल करवाने की बधाई देते हैं। हुआ यह हमारी पुरानी सांस्कृतिक धरोहर है। इस छिंज मेले में गांव के बच्चों, युवाओं के साथ साथ दूसरे राज्यों से नामी पहलवान भाग लेने आए हुए हैं। मेलों से हमारे बच्चे, युवा अपना कुश्ती के जौहर दिखा रहे। वह सदैव इस कमेटी को अपना सहयोग देते रहेंगे।

दंगल कमेटी सदस्य नरेश शर्मा ने कहा कि इस मेले के सफल आयोजन में हर किसी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस मेले का इतिहास बहुत पुराना है। पुराने समय इस गांव में अक्सर आग लग जाती थी, जिससे गांववासी काफी परेशान थे। गांववासियों ने मिलकर बाबा क्यालू, बाबा सुखाली से फरियाद की कि अगर गांव में आग लगना बंद हो जाएगी तो हम सब मिलकर आपके नाम का छिंज मेला करवाएंगे। बाबा ने फरियाद सुन ली और गांव में आग लगना बंद हो गई और लोगों ने मेला आयोजित करना शुरू कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## वन विभाग ने 16 क्विंटल खैर की लकड़ी ले जाता ट्रक चालक पकड़ा



इंदौरा में खैर की 16 क्विंटल अवैध लकड़ी के साथ पकड़ा गया ट्रक और चालक।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत एक ट्रक से 16 क्विंटल अवैध तौर पर खैर की लकड़ी के साथ एक ड्राइवर तथा ट्रक को पकड़ने में वन विभाग की टीम ने सफलता प्राप्त की है।

जानकारी देते हुए रेंज ऑफिसर भद्ररोया अभिनव ठाकुर ने बताया के उन्हें सूचना मिली थी के मंगवाल गांव में एक ट्रक से खैर की लकड़ी अवैध तौर पर ले जा रही है, जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत बीओ बलवंत सिंह को दी। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे तथा ट्रक नंबर एचपी 38डी, 3161 को जब मौके पर ड्राइवर को पकड़ा। उसने अपना नाम रघुवीर सिंह निवासी मंगवाल बताया। उसने कहा कि यह लकड़ी शेरा ठेकेदार की है तथा उसने उसे इसको कहीं ले जाने के लिए कहा था। चालक को भद्रोया के वन परिक्षेत्र में लाया गया, जहां उस पर 41/42 वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभी शुरुआती जांच में पाया गया कि यह सारा माल शेरा ठेकेदार का था। रेंज ऑफिसर अभिनव ठाकुर ने बताया कि इसके प्रति जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है तथा यदि यह कटान सरकारी भूमि से पाया गया तो इस पर अन्य धाराएं भी शामिल कर दी जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### 3.88 ग्राम चिट्टे संग बाइक सवार काबू

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने नेशनल हाईवे 154 पर नाके के दौरान एक बाइक सवार को चिट्टे के साथ काबू किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान सुमित कुमार निवासी गांव कुंड, तहसील जोगिंद्रनगर के रूप में हुई है। बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को रात करीब 9 बजे पपरोला के समीप ठारू में पुलिस ने नाका लगाया हुआ था। उसी दौरान पालमपुर की तरफ तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक सवार को जांच के लिए रोका गया। पूछताछ के दौरान वह पुलिस के सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बाइक के कागजात मांगने पर वह हड़बड़ा गया। इस पर पुलिस ने जब बाइक की तालाशी ली तो कागजातों के साथ एक पॉलीथीन का पाऊच बरामद हुआ, जिसमें 3.88 ग्राम चिट्टा पाया गया। डीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)




**धार्मिक** राम कथा के पंचम दिवस कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने श्रद्धालुओं को सुनाया केवट प्रसंग

## सच्चे भक्त को ईश्वर से मांगना नहीं पड़ता

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



पॉलिटेक्निक कॉलेज कांगड़ा में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के दौरान कथा वाचक और श्रद्धालु।

जब एक भक्त के भीतर निष्काम भक्ति जन्म लेती है तब उसे ईश्वर से नहीं मांगना पड़ता बल्कि भगवान स्वयं उसके द्वार पर मांगने के लिए आ जाते हैं। यह विचार पॉलिटेक्निक कॉलेज कांगड़ा में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के पंचम दिवस दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्व आशुतोष महाराज के परम शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने केवट प्रसंग को बहुत ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा श्री राम केवट से गंगा पार करने के लिए नौका की मांग करते हैं। यह घटना निष्कामता का प्रतीक है। जब एक भक्त के भीतर निष्काम भक्ति जन्म लेती है तब उसे ईश्वर से नहीं मांगना पड़ता बल्कि भगवान स्वयं उसके द्वार पर मांगने के लिए आ जाते हैं। केवट बार-बार कहते हैं प्रभु मैं आपके भेद को जानता हूं। लेकिन आज तो सारी दुनिया भगवान को केवल मान रही है। कोई राम को मानता है, कोई कृष्ण को मानता है और कोई भगवान शिव को मानता है। मानना अधूरा है, जानना ही भक्ति की पूर्णता है। समस्त शास्त्र ग्रन्थ कहते हैं कि ईश्वर मानने का नहीं, अपितु जानने का विषय है। और जानने की सबसे पहली सीढ़ी है ईश्वर को देख लेना। जब हम ईश्वर को देख लेते हैं, तभी हमारा विश्वास उसके प्रति पैदा होता है और फिर उसके बाद ही ईश्वर से प्रेम होता है।

अब प्रश्न है कि ईश्वर को देखा कैसे जाए? उसके लिए जरूरत है समय के पूर्ण सद्गुरु की शरण में जाने की। वो सद्गुरु जो ईश्वर की बातें न बताएं अपितु ज्ञान दीक्षा देते समय उसी क्षण ही ईश्वर के ज्योति स्वरूप का दर्शन हमारे घट में करवा दें, तभी हमारी वास्तविक भक्ति शुरू हो सकती है। कथा पंडाल में होली का उत्सव भी बहुत धूमधाम से मनाया गया। कथा को विराम प्रभु की पावन आरती से दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सरकार का डेढ़ साल का कार्यकाल निराशाजनक : मुल्खराज

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



प्रदेश कांग्रेस सरकार का पिछले 18 महीने का कार्यकाल पूरी तरह निराशाजनक रहा है। उक्त शब्द पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहे। उन्होंने कहा कि जिन 10 गारंटियों के सहारे कांग्रेस सरकार ने सत्ता हासिल की थी, वे सब झूठी साबित हुई हैं। कांग्रेस सरकार ने सत्ता हासिल करने के लिए जनता को 300 यूनिट विद्युत फ्री देने की गारंटी दी थी, लेकिन अब पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी 125 यूनिट फ्री बिजंली पर बंद होने का खतरा मंडराने लग पड़ा है। किसान, बागवान, महिलाओं, युवाओं सभी को वर्तमान कांग्रेस सरकार ने छला है।

पूर्व विधायक ने कहा कि यदि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो उनके कार्यकाल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कई नई योजनाओं का कार्य शुरू किया गया था, वह पूरी तरह ठंप पड़ी हैं। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने वाली कूहलें बंद पड़ी हैं, जिस कारण किसान त्रस्त हैं।चरणामती,लोअर बैजनाथ कूहले बंद पड़ी हैं, चड़ियार के कुछ क्षेत्रों में पानी के टैंक बने हुए हैं, लेकिन उन में पानी नहीं डाला जा रहा है। पपरोला व आस पास के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राशन डिपुओं में राशन की कमी बनी हुई है।

नगर पंचायत बैजनाथ के अंतर्गत क्षेत्रों में कूड़े के निष्पादन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। लोगों को अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को ठिकाने लगाने की समस्या का कोई समाधान अब तक नहीं हो पाया है। नगर पंचायत क्षेत्र में होने वाले विकास कार्य पूर्णतः ठप पड़े हैं। क्षेत्र में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने की ओर कोई गंभीरता नहीं दिख रही है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ईको क्लब ने कॉलेज में किया पौधरोपण




**अनिल कुमार, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा के परिसर में ईको क्लब के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह डोगरा, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान व प्रशिक्षु अध्यापकों ने भाग लिया। इसमें कॉलेज के 6 सदनों द्वारा 25 पौधे, गमलों के साथ कॉलेज परिसर में सजाए। पूरा खेल का मैदान तथा क्यारियों की सफाई की तथा नया पौधा रोपण किया गया। (अनंत ज्ञान)

### एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित



सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को सम्मानित करते एसपी भगत सिंह ठाकुर।

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद सहायक उपनिरीक्षक सतीश कुमार तथा मुख्य आरक्षी विपन शर्मा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस लाइन हमीरपुर में एसपी भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर दोनों पुलिस कर्मियों को बधाई दी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर राजेश कुमार, उपपुलिस अधीक्षक (मु.) हमीरपुर नितिन चौहान, उपपुलिस अधीक्षक (एलआर) हमीरपुर सुनील दत्त ठाकुर तथा जिला पुलिस हमीरपुर परिवार के पुलिसकर्मी तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। जिला पुलिस हमीरपुर परिवार द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मचारियों के स्वस्थ, समृद्ध व मंगलमय जीवन की कामना करता है। (अनंत ज्ञान)

### उपभोक्ता 2 जुलाई तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विद्युत उपमंडल बड़सर के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 2 जुलाई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता विजय सिंह ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 2 जुलाई तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

### सांसदों को भी पेंशन न देने को लेकर पीएम को लिखा पत्र

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** देश के 93 प्रतिशत सांसद तथा विधायक करोड़पति हैं, उसके बावजूद इन्हें पेंशन के रूप में करोड़ों रुपए जा रहे हैं, जिसका कोई औचित्य नहीं है। सांसदों और विधायकों की पेंशन भी बंद आम जनता के हित में है, क्योंकि सरकारी कर्मचारी 58 साल तक नौकरी करके घर वापस आता है तो उसे कोई पेंशन नहीं मिल रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असंतुष्ट जनता की तरफ से प्रभात सुधार सभा के प्रधान प्रकाश चंद सेन व सर्वहित सुधार सभा के प्रधान कमलेश चंद ने अनुरोध पत्र भेजा है। इस अनुरोध पत्र में बताया है कि एक साल में लाखों करोड़ों रूपया सांसदों और विधायकों पर खर्च किया जा रहा है। वेतन भत्तों के अलावा शपथ लेते ही पेंशन का हकदार बन जाते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है जबकि जी तोड़ मेहनत करने वाले मजदूर को चूल्हा चैका चलाने जितना ही मेहनताना मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि माननीय पहले सांसदों तथा विधायकों को देश हित में सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ न डालने के लिए पेंशन न लेने का उदाहरण पेश करना चाहिए तक कहीं जाकर पेंशन बंद होने का सभी के मन उबाल कम होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से उम्मीद की है कि देश हित में सांसदों तथा विधायकों को मिलने वाली इस पेंशन को बंद करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# आयुर्वेद के इलाज से दो महीने बाद वापस आई महिला की याददाश्त

## जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर के डॉक्टरों ने किया महिला को ठीक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



डॉ. सुशील वर्मा के साथ सुषमा कुमारी।

प्राचीन काल से आयुर्वेद एक महत्वपूर्ण पद्धति के रूप में अपनाई जा रही है। वर्तमान समय में भी आयुर्वेद कई असाध्य रोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आयुर्वेद से बहुत से ऐसे रोग हैं जिन्हें पूर्णतया ठीक किया जा सकता है, जिसका इलाज किसी दूसरी पद्धति में नहीं है, अंत में लोग आयुर्वेद का ही सहारा लेते हैं।

कई ऐसे लोग जिन्हें आयुर्वेद से काफी ज्यादा फायदा मिला है जिसका इलाज करके वह थक गए थे। आयुर्वेद पद्धति से इलाज करवाया और पूर्णतया स्वस्थ हो गए। ऐसे लोग आयुर्वेद इलाज का धन्यवाद करते नहीं थकते। ऐसा ही एक मामला जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में भी आया। ग्राम पंचायत पटटा की 42 वर्षीय महिला सुषमा कुमारी की करीब दो महीने पहले याददाश्त चली गई। वैसे तो यह महिला दिल्ली में रहती है, लेकिन अपने भाई की शादी में आई थी इस दौरान उसकी याददाश्त चली गई और बच्चों की तरह व्यवहार करने लगी।

दो महीने तक इलाज करवाने के बाद परिजनों को इसमें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। महिला के परिजनों ने कई अस्पतालों में महिला की जांच करवाई लेकिन दिमाग पर पड़ा असर ठीक होने का नाम ही नहीं ले रहा था। महिला के परिजनों को किसी ने सलाह दी कि एक बार आयुर्वेद पद्धति से भी इलाज करवाकर देख लो। महिला के परिजन जिला आयुर्वेदिक अस्पताल ले आए जहां पर डॉ सुशील वर्मा ने महिला का इलाज किया और वीरवार रात 1.30 पर महिला की यादाश्त वापस आ गई और सभी को पहचानने लगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहती हैं डॉ. सुशील वर्मा

**आज** महिला पूरी तरह से स्वस्थ है और यादाश्त वापस आने पर बहुत खुश है। सुषमा कुमारी का इलाज करने वाली डॉ. सुशील वर्मा ने बताया कि सुषमा कुमारी कुछ दिन पहले ही अस्पताल में दाखिल हुई थी। उन्होंने बताया कि महिला के परिजनों ने एलोपैथी से भी इलाज करवाया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में शिरोधारा और आयुर्वेदिक दवाइयों से महिला को काफी फर्क पड़ा है। उन्होंने बताया कि लोग हेल्थ वेलनेस सेंटरों में जाकर लाभ उठा सकते हैं।

# एसडीएम ने की महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

**शशि सोनल, नादौन**

बाल विकास परियोजना नादौन के तत्वावधान में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गठित ब्लॉक टास्क फोर्स तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से संबंधित समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को एसडीएम अपराजिता चंदेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि नादौन खंड में 290 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छह माह से छह वर्ष तक के 6094 बच्चों, 1081 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उन्हें अपनी सुरक्षा के बारे में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक एवं सशक्त किया जा रहा है। बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 41 बेटियों के नाम कुल 8,32,000 रुपए की एफडी करवाई गई है। इसी योजना के अंतर्गत 717 बेटियों को 10,27,250 रुपए की स्कॉलरशिप दी गई है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 15 बेसहारा बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपए आदि कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

एसडीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने के बाद सभी कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि पात्र लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इससे पहले, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं खंड स्तरीय समिति के सदस्य सचिव संजय गर्ग ने एसडीएम और अन्य सभी अधिकारियों का स्वागत किया तथा विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इस बैठक में नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# ग्रीन वैली स्कूल में बच्चों को आपदा से बचने के सिखाए तरीके



ग्रीन वैली स्कूल में आग बुझाने के तरीके बताते अग्निशमन कर्मचारी।

**बाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल की ग्रीन वैली पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में अग्निशमन पुलिस चौकी भोरंज के कर्मचारियों ने आपदा से बचने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन करके स्कूली बच्चों को प्रशिक्षत किया।

प्रधानाचार्य वंदना शर्मा की अध्यक्षता में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को आपदा, भूकंप और आगजनी घटना होने पर कैसे सुरक्षित निकला जाए, के बारे में विभिन्न तरीकों से जागरूक किया गया।

अग्निशमन चौकी भोरंज के प्रभारी विरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक व आप्रकृतिक घटनाएं आपदा अधिक नुकसान पहुंचाती है। इससे बचने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हेमराज, चालक दिनेश, गुह रक्षक संजीव कुमार, रमेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग 2 जुलाई को

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के उपचुनाव के लिए आवंटित ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग यानी इन्हें मतदान के लिए तैयार करने की प्रक्रिया 2 जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में आरंभ की जाएगी।

इस संबंध में सूचना जारी करते हुए एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग के लिए स्ट्रांग रूम को उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही खोला जाएगा। कमीशनिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा तथा इसे उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही सील किया जाएगा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को हॉल के अंदर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने या हॉल के अंदर से कोई भी सामग्री बाहर लाने की अनुमति नहीं होगी। निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों या उनके चुनाव एजेंटों से इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर में होम वोटिंग शुरू

## कुल 670 पात्र बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने चुना है घर से मतदान का विकल्प





होम वोटिंग के दौरान घर से ही मतदान करते बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव में भी भारत निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया है।

एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 670 पात्र लोगों ने घर से ही मतदान करने के लिए फार्म 12-डी पर आवेदन किया है। इन मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया शनिवार से आरंभ हो गई है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग के लिए 10 मतदान टीमें बनाई गई हैं और यह मतदान प्रक्रिया 10 सेक्टर अधिकारियों की निगरानी में पूर्ण की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# विकासात्मक योजनाओं के लिए सही डाटा जरूरी : डीसी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उपायुक्त अमरजीत सिंह व अन्य।

हमीरपुर राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य पर जिला सांख्यिकीय कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उपायुक्त अमरजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि विकासात्मक योजनाओं एवं नीतियों का खाका तैयार करने और इन्हें क्रियान्वित करने में सांख्यिकी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। सही आंकड़ों के आधार पर ही सही नीतियां एवं योजनाएं तैयार की जा सकती हैं और इन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है, इसलिए आंकड़ों के एकत्रीकरण में शुद्धता, प्रमाणिकता और सटीकता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

डीसी ने कहा कि विभिन्न सरकारी कार्यालयों से जब भी कोई डाटा मांगा जाता है तो वह डाटा पूरी तरह अपडेट होना चाहिए। आंकड़ों के महत्व को देखते हुए ही इस वर्ष का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 'निर्णय लेने के लिए डाटा का उपयोग' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

डीसी का स्वागत करते हुए जिला सांख्यिकीय अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि भारत में आधुनिक सांख्यिकी के जनक प्रशांत चंद्र महालनोविस के जन्म दिवस को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनोद गर्ग, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# 'गांव का इतिहास' पुस्तक का विमोचन

**अनिता डोगरा, डिडवी टिक्कर**



'गांव के इतिहास' पुस्तक का विमोचन करते डॉ. चेतराम गर्ग व अन्य।

राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दौरान ऐतिहासिक गेयटी हमीर के सभागार में ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी हमीरपुर द्वारा 'हिमाचल प्रदेश के गांव का इतिहास' पुस्तक दो खंडों में प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन संपन्न हुआ।

इस पुस्तक के दोनों खंडों में साहली (चंबा) गूंधला (लाहौल) रिब्बा (किन्नौर), चरखड़ी (मंडी) पंजगाई (बिलासपुर) डोहगी (ऊना) झकांडो (सिरमौर) जौणाजी (सोलन) बटेवडी (शिमला) नेरटी (कांगड़ा) नग्गर (कुल्लू) आदि 12 गांव का इतिहास शामिल है। मुख्यातिथि प्रोफेसर डीडी शर्मा ने कहा किसी भी देश का इतिहास उसकी सांस्कृतिक, विरासत और नागरिकों के लिए गौरव का विषय होता है।

इस अवसर पर शोध संस्थान के निदेशक एवं मार्गदर्शन डॉ. चेतराम गर्ग ने कहा कि 'गांव का इतिहास' भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रेस सचिव डॉ. मनोज डोगरा ने बताया कि भारत का अधिकांश इतिहास आक्रमणकारी अंग्रेजों और मुगलों द्वारा लिखा गया है।

डॉ. चेतराम ने बताया कि 'हिमाचल प्रदेश के वृहद इतिहास' के लेखन की परियोजना पर भारत सरकार के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। समाजसेवी राजकुमार वर्मा ने कहा कि शोध संस्थान नेरी द्वारा अपनी स्थापना के बहुत कम वर्षों में साहित्य के विभिन्न विषयों पर आधारित सेमिनार, कार्यशालाएं और परिचर्चाएं आयोजित की गई हैं और इन कार्यक्रमों के माध्यम से जो शोधपत्र प्राप्त हुए हैं उन्हें निरंतर प्रकाशित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कैसी सफाई व्यवस्था



हमीरपुर शहर में लगे कूड़े के ढेर का दृश्य।




राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में जिला सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत।

# बड़सर प्रशासन ने बीते वर्ष आई आपदा से भी नहीं लिया सबक

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** प्री-मानसून की तैयारी को लेकर अभी तक प्रशासन मीटिंग नहीं कर पाया है, जबकि मानसून लगभग बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी दस्तक दे चुका है। बड़सर प्रशासन की इस कार्य प्रणाली का ही परिणाम है कि गत दिवस हल्की-सी बारिश होने के बाद बिझड़ी तहसील में एक बड़ा पुराना चीड़ का पेड़ गिर गया।

**बिझड़ी में गिरा चीड़ का पेड़**



गनिमत यह रही कि पेड़ उस समय गिरा तहसील परिसर में रोजमर्रा का कार्य करवाने कोई व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था। अगर दिन में यह पेड़ गिरता तो जान-माल की हानि होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा अभी तक प्री-मानसून की तैयारी को लेकर कोई मीटिंग नहीं की गई है, केवल मात्र मीटिंग जिला स्तर पर हुई है। क्षेत्र में कई ऐसे सरकारी आवास कार्यालय तथा अन्य भवन हैं, जिनके ऊपर कई पेड़ झुके हुए हैं या फिर गिरने के कगार पर हैं, जिससे कि कभी भी सरकारी संपदा का नुकसान हो सकता है। कई स्थान पर यह पेड़ निजी आवासों पर भी हैं। खड्डों व नदियों के किनारे कई प्रवासी झुग्गी-झोपड़ियां में रह रहे हैं जो कि कभी भी भारी बारिश की चपेट में आ सकते हैं, परंतु बड़सर प्रशासन ने अभी तक ऐसी कोई एडवाइजरी जारी नहीं की है, जिससे कि इन लोगों को नदियों और खड्डों के किनारे से हटाने के निर्देश जारी किए गए हो। मौसम विभाग औरंज तथा येलो अलर्ट जारी कर रहा है। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम का कहना है कि जिला स्तर पर यह मीटिंग हो चुकी है और अगले सप्ताह में मंडल स्तर पर भी मीटिंग ली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** धनबल पर भाजपा को नहीं मिलने वाली कामयाबी

# पहले धूमल को किया कमजोर अब अनुराग को करने की साजिश रचे भाजपा नेता : सुरेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



मीडिया को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार, साथ हैं अन्य।

हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि भाजपा धनबल से चुनाव प्रचार को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमीरपुर उपचुनाव में पैसे और नशीले पदार्थ से चुनाव जीतना चाह रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता जिस ट्रेक से बयानबाजी कर रहे उससे लगता है कि वह हमीरपुर जिला में भाजपा नेतृत्व को कमजोर कर रहे हैं।

इन लोगों ने पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व को कमजोर किया और अब पांच बार के सांसद अनुराग के नेतृत्व को कमजोर कर रहे हैं। सुरेश ने कहा कि भाजपा उस आंकड़े को सार्वजनिक करे, जिसको लेकर कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार चली जाएगी।

उन्होंने दावा किया कि सरकार और मजबूत होगी। हम 38 से 41 हो जाएंगे। भाजपा के नेताओं को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि वह सत्ता के लिए व्याकुल क्यों है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 माह के अंदर जिस ढंग से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सशक्त होकर उभरे हैं। उससे भाजपा नेता जयराम ठाकुर और राजीव बिंदल बोखला गए हैं।

उन्होंने एक बार फिर पूछा कि कभी दुश्मनों की भी सरकार होती है। उन्होंने पूछा कि क्या भाजपा की सरकार दुश्मनों की सरकार थी। विधायक सुरेश ने चुटकी ली कि भाजपा नेता पर इल्जाम लगे हैं कि सहेलियों की सरकार थी।

जब उनका ध्यान हमीरपुर जिले में इनकम टैक्स के छापों की ओर दिलाया गया तो कुमार ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां अपना कार्य कर रही हैं। इस बारे में हम कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन बेवजह से किसी को तंग न किया जाए यहां कांग्रेस उम्मीद करती है। (अनंत ज्ञान)

# वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 8 जुलाई से

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** भारतीय वायुसेना में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अविवाहित महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों की अग्निवीर भर्ती के लिए 8 से 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एयरमैन सिलेक्शन सेंटर अंबाला के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए पात्र महिला एवं पुरुष उम्मीदवार वेब पोर्टल अग्निपथ वायु.सीडैक.इन पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पंजीकरण 8 से 28 जुलाई तक सुबह 11 से रात 11 बजे तक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई 2004 से लेकर 3 जनवरी 2008 तक जन्मे महिला एवं पुरुष उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करने वाले युवाओं की ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्तूबर से आरंभ होगी। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि गणित, फिजिक्स और अंग्रेजी विषय सहित कुल 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास उम्मीदवार इसके लिए पात्र होंगे। 50 प्रतिशत अंकों के साथ वोकेशनल कोर्स करने वाले युवा और इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा धारक भी अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए पात्र होंगे। साइंस विषयों के अलावा अन्य विषयों में भी कम से कम 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं पास युवा भी आवेदन कर सकते हैं। विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि भर्ती से संबंधित सभी जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सेचू पंचायत में मनरेगा रोजगार को तरसे लोग


रजनी पठानिया।

**एमएम डैनियल, पांगी।** हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्रों में अब मनरेगा में लोगों को रोजगार न मिलने से काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की स्टेट सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रजनी पठानिया ने कहा है कि उनकी पंचायत सेचू में अभी तक मनरेगा का कार्य शुरू नहीं होने से आम गरीब लोग बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर मनरेगा में मजदूरी न मिलने के कारण लोगों को रोजगार के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है । 100 दोनों का रोजगार देने की गारंटी यहां पर सपना साबित हो रही है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत महिलाएं आज आत्मनिर्भर हो रही है लेकिन कई जगह पर मनरेगा में काम न मिल पाने के कारण काफी खफा नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में वह जल्द ही मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करने सहित पत्राचार करेंगी। ताकि पांगी क्षेत्र के लोगों को मनरेगा रोजगार के लिए मुश्किलों के दौर से न गुजरना पड़े। (अनंत ज्ञान)

### विभिन्न जगहों पर लाखों की चोरी, मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** गोहर पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग घटनाओं में लाखों की चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं। तारा देवी पत्नी रुप लाल गांव बटोली डा. नाण्डी तहसील चच्योट ने शिकायत की है कि वह करीब एक सप्ताह पहले मायके गई गई थी जबकि मेरे पति भी 2/3 दिन घर नहीं आए ।इस दौरान सास ने हमारे कमरे का ताला टूटा हुआ होने की सूचना फोन पर दी। लाकर के अंदर रखी एक सोने की नथ, एक तीली, चांदी की पायल व अंगूठी लगभग 60 हजार का का सामान गायब पाया। अपंग ससुर की कुछ नकदी करीब 12 हजार रुपए गायब पाए गए। जिस पर पुलिस थाना गोहर में अभियोग दर्ज किया गया। एक अन्य मामले में पुष्पा देवी प ी लक्ष्मीकान्त गांव दारन सेरी डाकघर सरोआ तहसील चच्योट ने पुलिस में रिपोर्ट दी है कि गर्मी की वजह से अन्य कमरे में सोई हुई थी। सुबह देखा कि लगभग साढ़े तीन लाख के गहने व अन्य सामान तथा नगदी 65,000 रुपए गायब थे। जिस पर अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

इधर डिम्पल कुमारी गांव दारन डाकघर सरोआ तहसील चच्योट के घर में भी गोदरेज की अलमारी के लाकर से लगभग डेढ़ लाख के मंगल सूत्र , दो मांग टीक, चाक पुराने डिजाइन में, एक जोडी कांटे , एक अंगूठी मर्दाना, चांदी की पायल व नगद 30,000 रुपए चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# वन अधिकार के बताए कानून

**एमएम डैनियल, चंबा**


लोगों का अभिभादन स्वीकार करते हुए जगत सिंह नेगी।

उपमंडल मुख्यालय की भरमौर में वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े जनप्रतिनिधियों के अलावा वन विभाग, राजस्व विभाग तथा ग्रामीण विकास के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम-2006 से संबंधित कानूनी पहलुओं बारे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा वन अधिकार अधिनियम बारे उनकी शंकाओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर राजस्व व बागवानी मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 को जनजातीय जिलों में प्राथमिकता के आधार लागू करेगी तथा इसके उपरांत प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जाएगा ताकि जनजातीय क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के अन्य हिस्सों के पात्र व्यक्तियों को भी इस कानूनी अधिकार उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शिमला में जनजातीय क्षेत्रों के डीसी, एसडीएम ने अधिनियम 2006 से संबंधित हर पहलू को पूरी तरह से स्पष्ट किया गया। राजस्व एवं बागवानी मंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 एक ऐसा ऐतिहासिक कानून है जिसमें पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जमीन देने का अधिकार प्राप्त है जिसके लिए ग्राम सभा में 50 प्रतिशत की उपस्थिति होना अनिवार्य है तथा इसमें 10प्रतिशत महिलाओं का होना लाजमी है।

**अधिनियम जनजातीय जिलों में प्राथमिकता के आधार पर होगा लागू**

इस कार्यशाला में वन अधिकार मंच के राज्य संयोजक अक्षय जसरोटिया, हिमाचल घुमंतू पशुपालक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार भट्ट तथा डीएफओ भरमौर नरेंद्र कुमार ने भी वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला के उपरांत जगत सिंह नेगी ने भरमौर के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक चौरासी मंदिर परिसर में शीश नवाया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जनजातीय विकास मंत्री ने उपमंडल मुख्यालय भरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया तथा वहां सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक डाक्टर जनक राज, एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा, डीएफओ भरमौर नरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### भरमौर के अंतर्गत खर्च होंगे 48 करोड़ 20 लाख रुपए : नेगी

**उप मंडल** मुख्यालय भरमौर के मिनी सचिवालय भवन के सभागार में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भरमौर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान खर्च किए जा रहे 48 करोड़ 20 लाख के बजट का अवलोकन करते हुए विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्थानीय विधायक एवं उपाध्यक्ष परियोजना सलाहकार समिति डॉ. जनक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जगत सिंह नेगी ने सरकार द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ क्षेत्र के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कैबिनेट मंत्री द्वारा बैठक में दिए गए सभी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित बनाने का उन्हें आश्वासन दिया ।

### कमरूनाग का एक-दिवसीय मेला धूमधाम से मनाया

# वाद्य यंत्रों की धुन से गूंजी गोहर घाटी


कमरूनाग मेले में विराजमान देवी-देवता।

**सुनील शर्मा, गोहर**

उपमंडल गोहर के समीप कुफरी धार में बड़ा देव कमरूनाग का एक दिवसीय मेला देव मिलन के साथ धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कमरूनाग के गुर देवी सिंह ने बड़ा देव कमरूनाग से क्षेत्र के किसान और बागबान सहित सभी लोगों को प्राकृतिक आपदा बचाने और फसलों की सुरक्षा कवच प्रदान करने का देवता की ओर से आश्वासन दिया।

मेले में सैकड़ों लोगों ने श्रद्धेय देव कमरुनाग देव श्री बाला कामेश्वर श्री काकड़ देव माता सिंह वाहिनी धनयाडी, देव जहल, देव ग्वालु, देव महुनाग कलाई, माता जालपा का आशीर्वाद लिया।

गौरतलब हो कि बड़ा देव देव कमरूनाग का सरनाहुली मेला मूल स्थान कमरूनाग में हाल ही में संपन्न हुआ। जो लोग देव कमरूनाग के मूल स्थान पर नहीं जा पाते वे उपमंडल गोहर के कुफरी धार में एक दिवसीय मेला जिसमें लोग अपनी मन्नत पूरी होने पर बड़ा देव कमरूनाग सहित अन्य देवी देवताओं के दर्शन कर अपनी मन्नत पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाते हैं।

श्रद्धा व आस्था में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आई। लोगों ने एक दिवसीय मेले में भाग लिया और मेले में खूब खरीदारी की और मेले की मशहूर मिठाई जलेबी और पकोड़े का भी जमकर आनंद उठाया ।(अनंत ज्ञान)

# एनओसी न मिलने से लटका स्कूल निर्माण

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के पांच विधानसभा क्षेत्रों में प्रस्तावित राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिसकी मुख्य वजह अभी तक डे बोर्डिंग स्कूलों को वन विभाग अनापत्ति प्रमाण-पत्र ही प्राप्त नहीं हो पाएं है।

गौर हो कि सरकार की ओर से एक साल पहले हर विधानसभा क्षेत्र में डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण को लेकर अधिसूचना जारी की थी। एक साल बाद मामले अभी भी वन विभाग अनापत्ति में लटके हैं। वन विभाग की ओर से इन मामलों पर आपत्तियां लगाई गई थीं। अब शिक्षा विभाग इन आपत्तियों को दुरुस्त कर रहा है। दोबारा से औपचारिकताएं अपलोड की जाएंगी। इसके बाद ही अब एन ओ सी मिलेगी।

सरकार के निर्देशों के बाद शिक्षा विभाग ने भरमौर विधानसभा क्षेत्र के दयोल, डलहौजी के फरोटका, चंबा के उदयपुर, भटियात के बनेट और चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत आते बुईं में जगह चिह्नित की है। सरकार के निर्देशानुसार डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण के लिए पचास से एक सौ बीघा जमीन चाहिए। हालांकि, विभाग की ओर से जमीन का चयन तो कर लिया गया है, मगर यह जमीन वन विभाग के तहत आती है। ऐसे में स्कूल भवन निर्माण के लिए वन विभाग अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जो कि अभी तक शिक्षा विभाग को प्राप्त नहीं हो पाएं है। जिसके चलते डे बोर्डिंग स्कूल योजना का कार्य मझधार में अटक गया है। (अनंत ज्ञान )

### एनओसी मिलने के बाद ही होगी कार्रवाई : प्यार सिंह

**उच्च** शिक्षा उपनिदेशक चंबा प्यार सिंह चाढ़क ने कहा कि वन विभाग अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया है। कुछ आपत्तियां लगी हैं। विभाग इन्हें दुरुस्त कर रहा है। वन विभाग की ओर से एनओसी मिलने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# कार दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

लाहड़ू-चुवाड़ी सड़क मार्ग पर एक निजी कार एचपी 57ए 1140 दुर्घटना का शिकार होने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मृत्यु व एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस थाना चुवाड़ी को देने सहित 108 रोगी वाहन को सूचित किया।

उधर पुलिस ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर जहां घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सिविल अस्पताल चुवाड़ी भर्ती करवाया। वहीं हादसे में मारे गए व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय भेजा। जानकारी अनुसार यह दुर्घटना तब घटित हुई जब उक्त कार चालक लाहड़ू चौक से चुवाड़ी की तरफ जा रहा था। कार में सवार बलदेव सिंह पुत्र हरि सिंह उम्र लगभग 70 वर्ष निवासी गांव जतरून की मौके पर ही मृत्यु हो गई है।

वहीं कार में सवार एक अन्य व्यक्ति महिन्द्र सिंह पुत्र पूर्ण सिंह उम्र लगभग 61 वर्ष निवासी वार्ड नं 4 नगर पंचायत चुवाड़ी तहसील भटियात जिला चंबा घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने खाई से निकाल उपचार के सिविल अस्पताल चुवाड़ी भर्ती करवाया गया। मामले की पुष्टि चुवाड़ी थाना प्रभारी रमन चौधरी ने की है ।(अनंत ज्ञान)

# कैंप में 58 लोगों ने किया रक्तदान

**एमएम डैनियल, चंबा**



रक्तदान कैंप के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

रेडक्रॉस सोसायटी चंबा व प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा संयुक्त रूप से सिविल अस्पताल बाथरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस रक्तदान शिविर में 58 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें विशेष तोर पर 4 महिलाओं ने रक्तदान किया। इस सफल रक्तदान शिविर के लिए प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने सचिव रेडक्रॉस चंबा नीना सहगल , योगेश कुमार लैब टेक्नीशियन, सोनू, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाथरी डॉ. पुनीत पराशर, ब्लड बैंक चंबा की टीम सुनील, काका, अंकिता, प्रदीप, हिमांशु, सुरेश , प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्य हरी पंडित, अंजलि, दिलावर व सभी रक्तदाताओं का आभार व धन्यवाद् किया। (अनंत ज्ञान)

# डीसी ने किया निर्माणाधीन बालिका आश्रम का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

**एमएम डैनियल, चंबा**

चुराह उपमंडल के तहत चिल्ली में निर्माणाधीन बालिका आश्रम का उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने औचक निरीक्षण किया।

गौर हो कि यह बालिका आश्रम एनएचपीसी द्वारा सीएसआर के तहत तैयार किया जा रहा है। जिसमें 50 लड़कियों को रहने की व्यवस्था होगी। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना का कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए । वहीं उपमंडलाधिकारी (ना) चुराह शशि पाल शर्मा सहित जिस दौरान एनएचपीसी के वरिष्ठ प्रबन्धक अमरेंद्र सिंह व संबंधित ठेकेदार मौजूद रहे ।(अनंत ज्ञान)

# चुराग में जलभराव की समस्या का हो समाधान

**पीयूष, करसोग**

प्राकृतिक आपदा और स्वच्छता से संबंधित विशेष बैठक का आयोजन उप मंडलाधिकारी करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत चुराग कार्यालय में किया गया।

बैठक में लोगों ने गत दिन हुई बरसात की प्रथम बारिश से हुए जलभराव और घरों में पानी जाने की समस्या को एसडीएम के समक्ष रखा। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग को समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिन घरों के लिए खतरे की आशंका है वहां पर मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए व्यवस्था की जाए और साथ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को इन परिवारों को तिरपाल देने के लिए मौका करने के निर्देश दिए तथा लोगों को मौका पर जा कर बताया गया कि इन तिरपाल को घर के आगे बिछा दें ताकि मिट्टी का कटाव को रोका जा सके।

बैठक में व्यापार मंडल चुराग ने भी बाजार से निकलने वाले कचरे की समस्या एसडीएम के समक्ष रखी। इस समस्या के समाधान के संबंध में एसडीएम ने कहा कि विकास खंड चुराग में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए 16 लाख रुपये प्राप्त हुए है और इसके समाधान के लिए नागडा मुहाल में 01-10-00 बीघा जमीन चिन्हित कर ली गई है।

उन्होंने कचरा प्रबंधन प्लांट इस भूमि पर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सूखे कचरे को एकत्र करके और छंटाई करके प्लास्टिक को सीमेंट फैक्टरी को भेजा जाए।

उन्होंने व्यापार मंडल को भी निर्देश दिए कि आप ग्राम पंचायत का पूर्ण सहयोग करें तथा व्यापारियों की सूची ग्राम पंचायत को 5 दिन के भीतर भीतर दें और शुल्क एकत्रीकरण में पंचायत का सहयोग करें। लोगों द्वारा यातायात की समस्या को भी एसडीएम के समक्ष रखा गया। जिसका उचित समाधान करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए। एसडीएम ने टैक्सी चालकों की समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

# अंडर 15 की राज्य फुटबॉल टीम चयनित


सामूहिक चित्र में खिलाड़ी।

**गुलेरिया, मंडी**

अंडर 15 की राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन पड्ल ग्राउंड में 6 से 10 जुलाई तक किया जा रहा है। जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष लीला विलास व सचिव पंकज शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए जिला के 22 खिलाड़ियों का चयन शनिवार को किया गया।

पड्डल में हुए ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन चयनित 22 खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप पड्ल ग्राउंड में ही होगा। इस अवसर पर फुटबॉल संघ के पदाधिकारी भूपेंद्र काऊ, सुशील सेन, प्रवीण शर्मा, कमल किशोर भी मौजूद रहे ।(अनंत ज्ञान)

### जोगिंद्रनगर में दो बसें टकराई

**जोगिंद्रनगर, अभिषेक शर्मा**

जोगिंद्रनगर के गरोंडू में शनिवार को वोल्वो व हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस का एक्सिडेंट स्थानीय लोगों का कहना है की वोल्वो बस की डिक्की खुली होने के कारण हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस का शीशा टूटा।

घटना स्थल का पुलिस ने जायजा लिया एएसआई लाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया। (अनंत ज्ञान)



### सूडोकु 00111

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 00110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 जून, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** नवमीः (12:21) : **नक्षत्र :** रेवती(7:34), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** मतिमंड (4:13) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:52), **राहुकाल** (5:38 -7:23 ।

**विशेष दिन**

» 30 जून 2024 : पंचक आज होंगे समाप्त।

**मेषः** व्यवहार कुशलता की तारीफ होगी। वस्त्र आभूषण की प्राप्ति होगी। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। भाई बहनों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

**वृषभः** धीमी शुरुआत के बावजूद कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार में विस्तार होगा। जीवन में धोखे आसानी से मिल जाते हैं पर मौके नहीं मिलते समय का भरपूर लाभ लें।

**मिथुनः** सफलतादायक समय चल रहा है। संतान के कार्यों से मन दुखी होगा। आज का दिन जरूरी कार्यों को पूरा करने में व्यतीत होगा। यात्रा हो सकती है।

**कर्कः** निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढ़ें, सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालों से सावधान रहें।

**सिंहः** स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विधुत उपकरण खरीदने के योग है। वाहन मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। राजकीय कार्यों में अवरोध आ सकते है।

**कन्याः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**तुलाः** वर्तमान समय शुभ फल देने वाला है। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। बने काम बिग? सकते है। अपनी सोच को बदलें न की दूसरों को बदलने की कोशिश करें।

**वृश्चिकः** छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आना आप के लिए नुकसान दायक हो सकता है। कई दिनों से जो कार्य आप करना चाहते थे, वह आज कोई और कर जाएगा।

**धनु :** स्वास्थ्य में सुधार होगा। अपने आगामी भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में कई विचार आयेंगे। व्यवसाय में उन्नति होगी।

**मकरः** अपनी संतान से विवाद हो सकता है। आजीविका को लेकर आप चिंतित हैं। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है।

**कुंभ :** मन की बात हर किसी को बताने से नुकसान आपका ही है। सुख-सुविधा की वस्तुओं और धन खर्च होगा। आप की उन्नति से विरोधी नाखुश होंगे।

**मीनः** अपने चंचल स्वभाव के कारण नुकसान संभव है। अपने से बड़ो की बातों को सुने उनके अनुभव आप के लिए लाभप्रद साबित होंगे।

# धूमधाम से शुरू हुआ देव माहुंनाग चुनाहन का मेला

**आदर्श यादव, नेरचौक**


श्री देव माहुंनाग देवलुओं के साथ।

श्री देव माहुंनाग चुनाहन का तीन दिवसीय मेला जाग की रस्म के साथ शनिवार को धूमधाम से शुरू हो गया। जाग की रस्म से पूर्व मंदिर में हवन व देव पूजन किया गया। तीन दिवसीय इस मेले में इस बार दो दर्जन देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा गया है।

मेले की दूसरे दिन रविवार शाम को मंदिर परिसर में विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ जिला परिषद सदस्य जागृति राणा दीप प्रज्वलित करके करेगी। मुख्य मेला सोमवार को आयोजित किया जाएगा जिसमें देव मिलन की रस्म, पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता, महिला वर्ग की म्यूजिकल चेयर तथा बच्चों की लंगड़ी दौड़ सहित मेले में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं मेले का आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

मेले के समापन अवसर पर कोऑपरेटिव बैंक निदेशक लाल सिंह कौशल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मेले के आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए मेला समिति अध्यक्ष रमेश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी मंदिर कमेटी जन सहयोग से इस मेले का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सोहन सिंह, स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी, मंदिर कमेटी के महासचिव मस्तराम सहित देव समाज से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।(अनंत ज्ञान)

# गैर कृषक संगठनों ने सरोआ हैंडलूम परिसर का किया भ्रमण

**अनिल शर्मा, मंडी**


भ्रमण पर आए देश भर के गैर कृषक संगठनों के प्रतिनिधि।

बैंक और रूरल डेवलपमेंट, वर्ड, और नाबार्ड के सौजन्य से देश भर से आए गैर कृषक संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान जिले के सरोआ में स्थापित हैंडलूम उत्पादक कंपनी परिसर का भ्रमण करके हथकरघा उद्योग व उत्पादन को लेकर विस्तार से जानकारी ली।
मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की परियोजना समन्वयक रीना ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन में समिति की अहम भूमिका रही है। तीन दिवसीय भ्रमण एक कार्यशाला की तरह संपन्न हुआ जिसमें देश भर से आए 27 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
प्रतिभागियों ने इस दौरान कंपनी के उत्पादक केंद्र नांडी का भ्रमण भी किया तथा वहां पर आधुनिक खड्डियों में स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को भी देखा। सरोआ हैंडलूम क्लस्टर में करवाए गए भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को बहुमूल्य जानकारी से अवगत करवाया गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनी राम ने बताया कि भविष्य में कंपनी द्वारा तैयार हैंडलूम उत्पादों को इन संगठनों के साथ मिल कर मार्केटिंग का कार्य किया जाएगा ।(अनंत ज्ञान)

### दो क्विंटल आटे के पेड़े पशुधन को किए वितरित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत सेवा संकल्प समिति के सदस्यों द्वारा गो सदन डली में पशुधन के लिए लगभग दो क्विंटल आटे के पेड़े वितरित किए गए। इस दौरान संस्था के अन्य लोग भी मौजूद थे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खण्ड गोपालपुर, जिला मण्डी हि0 प्र0

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट मण्डी द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार विक्रेताओं से मुंहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 05-07-2024 को सायं 5 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं निविदाएँ खोलने की दिनांक 09-07-2024 पंचायत द्वारा निर्धारित की गई। निविदाएं, निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त की जा सकते हैं।

सामग्री विवरण

| क्र0 स0 | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेत | प्रति घन मीटर |
| 2. | रेत प्लांट (FINE SAND) | प्रति घन मीटर |
| 3. | पक्की ईंट (मिट्टी के भट्टे) (A,B,C, Grade) | प्रति हजार |
| 4. | बजरी 10mm, 20mm (क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 5. | बजरी 40mm (क्रशर की ) | प्रति घन मीटर |
| 6. | पत्थर (cut Stone)size | प्रति घन मीटर |
| 7. | सोलिंग/ बोल्डर पत्थर | प्रति घन मीटर |
| 8. | JCB मशीन द्वारा कटान | प्रति घन मीटर |
| 9. | शैटरिंग (भवन, निर्माण/अन्य) | प्रति Sqr मीटर |
| 10. | सामग्री ढुलान (सीमेंट) | प्रति किलोमीटर |
| 11. | Mule Carraige | प्रति किलोमीटर |
| 12. | Sign Board 3"x2", 4"x3" | प्रति Sqr मीटर |
| 13. | Painting & writing of Board | प्रति Sqr मीटर |
| 14. | Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy | |
| 15. | Sand (water Bound) | With Bond |
| 16. | Aggregate | प्रति घन मीटर |
| 17. | Airport 3 Seater waiting chair, steel, Cemented benches | No. |
| 18 | Road Roller | per hour |
| 19. | Mixture Machine with labour | प्रति घनमीटर |
| 20. | Water cooler | per no. |
| 21. | Manregar board & Gen head board | per board |

नियम व शर्तेः- 1). निविदादाता के पास अपना वाहन पंजीकरण/JCB पंजीकरण, पैन संख्या, टीन न. GSTIN नम्बर होना आवश्यक है । (सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage) 2). निविदादाता को निविदा अपने लेटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। (सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage) 3).निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M Form जमा करवाने होंगे। M Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/- रूपए प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 4). सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5). सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी 6). दरें अंकों व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7). निर्माण समाग्री कार्य स्थल/ सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8). पारित निविदादाता को मु0 20,000 रूपए अग्रिम सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000 रूपए (नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9). ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डों की भूलोगिक स्थित के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10). निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जाएगी। 11). किसी भी निविदा का बिना कारण बताद स्वीकृत अस्वीकृत करने सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत /विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12). सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जाएगी। 13). सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/ निर्णय विभाग की Justificiation व पारित निविदादाता के साथ Negotation अनुसार /उपरान्त किया जाएगा।

नोट :- उपरोक्त लिखित शर्तों का जो भी सप्लायर पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गोपालपुर विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी हि.प्र.

**अगर** आप खड़े होकर सिर्फ पानी को देखोगे तो आप समुद्र पार नहीं कर सकते। –**रबींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# बिजली का 'झटका'

हिमाचल के उन बिजली उपभोक्ताओं को 'झटका' लगने जा रहा है, जो इनकम टैक्स भरते हैं। आर्थिक तंगी से गुजर रही सुक्खू सरकार ने प्रदेश के अमीर उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली न देने की तैयारी कर ली है। इसके बारे में प्रस्ताव तैयार कर मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेज दिया गया है। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला सही साबित होगा, क्योंकि ऐसे अमीर उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का कोई औचित्य नहीं है। इससे जहां एक तरफ प्रदेश का राजस्व बढ़ेगा तो वहीं दूसरी तरफ बिजली की बचत भी होगी। इस सरप्लस बिजली को प्रदेश सरकार बैंकिंग आधार पर बेचकर और ज्यादा कमाई कर सकती है। वैसे भी 125 यूनिट फ्री बिजली बहुत ज्यादा होती है। इस सुविधा का ज्यादातर उपभोक्ता दुरुपयोग ही करते हैं, क्योंकि उनकी सोच यही रहती है कि यह सरकार की तरफ से दी गई फ्री सुविधा है, इसलिए इसका भरपूर इस्तेमाल करो। 125 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा पूर्व भाजपा सरकार ने दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस सुविधा का ऐलान किया था, तब सीएम ने इस निर्णय के पीछे की वजह बताई थी कि चूंकि हिमाचल में 11,000 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही है और इसमें से हरियाणा, पंजाब तथा दिल्ली को देते हैं, लेकिन जो हिमाचली बिजली उत्पादन को बढ़ाने में कार्य कर रहे हैं, उन गरीबों को उसका कोई लाभ नहीं मिल रहा, इसलिए ही भाजपा सरकार ने यह मुफ्त बिजली की सुविधा शुरू की थी।


इस निर्णय से 250 से 300 करोड़ का बजट अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। 125 यूनिट फ्री बिजली देने से 6 से 7 हजार रुपए लोगों के बच रहे हैं। बिजली जीरो बिल के साथ देने से फिजूलखर्ची भी हो रही है। यह बात सच है कि लोग बिजली बचाने में सरकार का सहयोग नहीं करते हैं। सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए लोगों को वादों के रूप में 10 गारंटियां दीं। अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के लोगों के लिए 125 यूनिट की जगह 300 यूनिट फ्री बिजली देने का मन बना भी लिया था। सरकार ने बिजली बोर्ड के अधिकारियों से जानकारी मांगी थी, लेकिन जब खर्चे का हिसाब लगाया तो सरकार अपने वादे से पीछे हट गई। मौजूदा समय में 14 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता 125 यूनिट तक फ्री बिजली की सुविधा ले रहे हैं। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने के फैसले के जहां फायदे हैं तो वहीं नुकसान भी हैं। इस फैसले से कम आय वाले परिवारों को राहत तो मिल रही है। गरीब लोग अपने सीमित संसाधनों को अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए आवंटित कर सकते हैं। बिजली तक पहुंच में वृद्धि होने वाला कदम अधिक घरों को बिजली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। ऊर्जा तक अधिक पहुंच को बढ़ावा दे सकता है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है।

मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का निर्णय राजनीतिक रूप से लोकप्रिय हो सकता है, क्योंकि इससे आबादी के एक बड़े हिस्से को फायदा होता है। दूसरी ओर मुफ्त बिजली प्रदान करने से राज्य सरकार के वित्त पर काफी बोझ पड़ जाता है। यदि उपभोक्ताओं के पास मीटर नहीं है या उचित तरीके से चार्ज नहीं किया गया है, तो वे बिजली बर्बाद कर सकते हैं, जिससे संसाधनों का अकुशल उपयोग हो सकता है। वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं सहित अन्य उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त बिजली पर सब्सिडी दी जाती है, जिससे संभावित रूप से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होती है। ऐसी योजना लंबी अवधि में टिकाऊ नहीं हो सकती है, क्योंकि सरकार वित्तीय बाधाओं के कारण इसे बनाए रखने के लिए संघर्ष करती रहती है। कुल मिलाकर, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के जहां लाभ हैं तो वहीं नुकसान भी हैं, इसलिए सरकार को अपनी वाहवाही के लिए कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने आर्थिक खजाने की ओर जरूर देखना चाहिए, तभी सरकार फिजूलखर्ची पर लगाम लगाकर अपनी आर्थिकी को पंख लगा सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार

**कल्याणजी** वीरजी शाह हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार थे। वह भारतीय हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी 'कल्याणजी आनंदजी' में से एक थे। कल्याणजी ने हेमंत कुमार के सहायक के तौर पर फिल्मी दुनिया में कदम रखा था और वर्ष 1954 में फिल्म 'नागिन' के गीतों के कुछ छंद संगीतबद्ध किए थे। भारतीय फिल्मों में इलेक्ट्रॉनिक संगीत की शुरुआत करने का श्रेय कल्याणजी को ही जाता है। वर्ष 1992 में संगीत के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार ने 'पद्म श्री' से सम्मानित किया था। कल्याणजी का जन्म गुजरात के कच्छ जिले में कुंडरोडी स्थान पर हुआ था। शुरू में उन्होंने कल्याणजी वीरजी शाह के नाम से फिल्मों में संगीत देना शुरू किया और 'सम्राट चंद्रगुप्त' (1959) उनके संगीत से सजी पहली फिल्म थी। इस दौरान आनंदजी भी उनके साथ जुड़ गए और कल्याणजी-आनंदजी नाम से एक अमर संगीतकार जोड़ी बनी। फिल्म 'छलिया' में उनके संगीत से सजे गीत 'डम डम डिगा डिगा' और 'छलिया मेरा नाम' श्रोताओं के बीच आज भी लोकप्रिय हैं। वर्ष 1965 में प्रदशित संगीतमय फिल्म 'हिमालय की गोद में' की सफलता के बाद कल्याणजी-आनंदजी शोहरत की बुलंदियों पर जा पहुंचे। मनोज कुमार की फिल्म 'उपकार' में उन्होंने 'कसमे वादे प्यार वफा' जैसा दिल को छू लेने वाला संगीत देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा मनोज कुमार की ही फिल्म 'पूरब और पश्चिम' के लिए भी कल्याणजी ने 'दुल्हन चली वो पहन चली तीन रंग की चोली' और 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे' जैसा सदाबहार संगीत देकर अलग ही अपनी छाप छोड़ी। ■



**कल्याणजी वीरजी शाह**
**जन्म :** 30 जून, 1928
**मृत्यु :** 24 अगस्त, 2000

## अपनी बात

**खेल** आपको जीत, हार और प्रतिस्पर्धा से लेकर आत्मनिरीक्षण तक कई तरह की भावनाओं का अनुभव कराते हैं। भावनाओं की इन श्रेणियों को संभालने से किसी के भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि यह हर किसी के लिए बहुत आसानी से नहीं आता है, खेल में शामिल होने से आपको खुद को चुनौती देने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए समय के साथ अपनी भावनाओं को स्थिर करने में मदद मिलती है। यह किसी व्यक्ति की भावनात्मक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। खेल अक्सर प्रतिस्पर्धात्मक होते हैं और इसमें असफलताएं और सफलताएं शामिल होती हैं। इससे छात्रों को आगे आने वाली बाधाओं के लिए तैयार रहने में मदद मिलती है। सूक्ष्म स्तर पर भी, खेल व्यक्ति के अंदर धैर्य और दृढ़ता का निर्माण करते हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण गुण हैं। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। –**आंचल शर्मा, नूरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भूमंडलीय ताप बढ़ने से दुनिया में वर्षा चक्र गड़बड़ाया

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, 'पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।' भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमंडलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है।

भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिंदू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है। वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़-पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए।

वनस्पतियां ढेर सारी हैं, लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नौंवे मंडल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोम रस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था, यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोम रस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्म ग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।



**लेखक : हृदयनारायण दीक्षित**
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, 'हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।' वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, 'आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।' खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, 'आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।' वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, 'कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।' कवि को विश्वास है कि, 'औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।' अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, 'कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, 'औषधियों के पिता आकाश हैं।' यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, 'जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें।' कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, 'क्रय रहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।' वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, 'गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।' प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र में कहते हैं, 'अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख-शांति देती हैं।' कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं, 'कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, 'ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।' वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, 'तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठंड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।' यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, 'ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है।' बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है। एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, 'तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।' एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, 'जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा, वह कभी नष्ट नहीं होगा।'

वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग-रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। अथर्ववेद के एक सुंदर सूक्त में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, 'मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।' कहते हैं, 'हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।' आगे कहते हैं, 'हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं। यजुर्वेद के शांति मंत्र में कहते हैं, 'अंतरिक्ष शांत हो, पृथ्वी शांत हों, जल शांत हों। फिर कहते हैं, 'औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शांति भी हमें शांति दे।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्राकृतिक संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपयोग हानिकारक

पर्यावरण की रक्षा करना, उसमें सुधार करना ही पर्यावरण संरक्षण कहलाता है। पर्यावरण हमें अनगिनत लाभ देता है, जिसका हम अपने पूरे जीवन में भी भुगतान नहीं कर सकते, क्योंकि वे जंगली पेड़, जानवर, पानी और हवा से जुड़े हुए हैं। जंगल और पेड़, हवा को फिल्टर करते हैं और हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। पौधे पानी को शुद्ध करते हैं। बाढ़ की संभावनाओं को कम करते हैं और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक प्रणालियों को नियंत्रित करता है।

इसके अलावा यह पृथ्वी पर संस्कृति और जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में प्रमुख योगदान देता है। पर्यावरण ने हजारों सालों से हमें और अन्य जीवों को फलने-फूलने और बढ़ने में मदद की है। पर्यावरण हमें उपजाऊ भूमि, हवा, पानी पशुधन और जीवित रहने के लिए आवश्यक चीजें भी प्रदान करता है, लेकिन आज मानवीय गतिविधियां पर्यावरण क्षरण का कारण बनती जा रही हैं। मनुष्य द्वारा की जाने वाली अधिकांश गतिविधियां किसी न किसी तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं।



**लेखिका : मीना देवी**
टीजीटी, भज्याड़

मानवीय गतिविधियां जैसे वनों का कटान, प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि, रसायनों का अत्यधिक प्रयोग, ग्रीन हाउस गैसों का निर्मोचन, ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन क्षरण आदि। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक संसाधनों का जरूरत से ज्यादा उपयोग भविष्य में विकट स्थिति पैदा कर सकती है। पर्यावरण ने हमारे लिए जो कुछ भी किया है, बदले में हमने इसका नुकसान ही किया है। इसलिए पर्यावरण की रक्षा करना अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण का महत्व उन प्रजातियों की विविधता को सुरक्षित करने में मदद करना है, जो ग्रह, प्रकृति और लोगों के लिए साझा करता है। पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल एवं भूमि प्रदूषण कम होगा। जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी के सतत विकास के लिए एवं इस ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग जैसे हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण अति महत्वपूर्ण है। सरल एवं छोटे-छोटे प्रयासों से हम पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं जैसे कि प्राकृतिक उत्पादों का कम से कम उपयोग, जब भी संभव हो, सार्वजनिक परिवहन या पैदल ही जाएं। पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें। मांस का सेवन न करें। बिजली बचाएं और सौर ऊर्जा, वायु ऊर्जा जैसे न खत्म होने वाले संसाधनों का प्रयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक से बचें, वनों की कटाई को रोकें एवं अपने बच्चों को पर्यावरण के बारे में अधिक से अधिक शिक्षित करें। हमारे संविधान में स्वस्थ पर्यावरण को कल्याणकारी राज्य के लिए एक आवश्यक घटक बताया गया है। अतः हम सभी को मिलजुलकर पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए और इस धरती को फिर से साफ-सुथरा, निर्मल एवं सुंदर बनाना चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता



### क्या गुमान

डॉ. जय अनजान
बिलासपुर, हिप्र

*आदमी खाली हाथ आया था,*
*खाली हाथ ही जाएगा,*
*यह वक्त है जो किसी का न हुआ,*
*इस पर क्या गुमान करना, बहुत जल्दी यह वक्त,*
*रेत की तरह मुट्ठी से फिसल जाएगा।*
*किस बात का गुमान करना यहां,*
*ये न तेरा था न मेरा था,*
*ये तो वक्त है, यूं ही बीत जाएगा।*
*रह जाएंगी सिर्फ यादें और बुनियादें,*
*जो हंस के जी लिए, पल वही अपने थे,*
*वरना यहां तो एक दिन सब बर्बाद हो जाएगा।*
*ये तो प्यार मुहब्बत है जिससे टिके हैं रिश्ते,*
*जब ये खत्म तो सब कुछ*
*इसी मिट्टी में समा जाएगा।*
*ये वक्त है जनाब ,*
*ये भी यूं ही बीत जाएगा।*

# प्राचीन भारत में 'अभिशासन' का किया जाता रहा अनुपालन

पिछले कुछ वर्षों से निगमित अभिशासन को विभिन्न बैंकों एवं कंपनियों में लागू करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं एवं इन्हें सहकारी क्षेत्र के बैंकों में लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के पश्चात अमेरिका में लागू की गई पूंजीवाद की नीतियों के चलते कंपनियों को अमेरिकी सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने की खुली छूट दी गई थी ताकि अमेरिकी में बिलिनायर नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा सके और अमेरिका एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाए। अमेरिका एवं अन्य देशों में व्यापार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अमेरिका में आर्थिक नियमों में भारी छूट दी गई थी। इस छूट का लाभ उठाते हुए कई अमेरिकी कंपनियों ने अन्य देशों में भी अपने व्यापार का विस्तार करते हुए अपनी कई कंपनियां इन देशों में स्थापित कीं और बाद में उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियां कहा गया।

अमेरिका में स्थापित कंपनियां दूसरे देशों में स्थापित अपनी सहायक कंपनियों की अमेरिका में बैठकर देखभाल तो कर नहीं सकती थीं। अतः उन्होंने अन्य देशों में स्थापित कंपनियों के बोर्ड में अपने प्रतिनिधि, निदेशक के तौर पर भर्ती किए। इस बोर्ड को चलाने के साथ ही इन देशों में इन कंपनियों द्वारा व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से इस संबंध में नियमों की रचना की गई, जिन्हें बाद में निगमित अभिशासन का नाम दिया गया। वर्ष 1970 के आसपास अमेरिका में एवं अन्य यूरोपीयन देशों में निगमित अभिशासन के संबंध में बहुत शोध कार्य संपन्न हुआ एवं निगमित अभिशासन के कई मॉडल एवं सिद्धांत विकसित हुए, जिन्हें भारत में भी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि भारत में तो प्राचीन काल से ही आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन संबंधी नियमों का अनुपालन किया जाता रहा है। सनातन संस्कृति में कर्म एवं अर्थ को धर्म से जोड़ा गया है। अतः प्राचीन भारत में धर्म का पालन करते हुए ही आर्थिक गतिविधियां संपन्न होती रही हैं। इस प्रकार आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन तो व्यापार में उपयोग होता ही रहा है।



**लेखक : प्रहलाद सबनानी**
आर्थिक मामलों के जानकार

ब्रिटिश मूल के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार एंगस मेडिसिन द्वारा संपन्न किए के शोध के अनुसार एक ईसवी पूर्व से 1750 ईसवी तक वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 से 48 प्रतिशत के बीच रही है और भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने बड़े स्तर पर होने वाले व्यापार में अभिशासन की नीतियों का अनुपालन तो निश्चित रूप से होता ही होगा परंतु पश्चिमी देश निगमित अभिशासन को एक नई खोज बता रहे हैं। प्राचीन काल में भारत में आर्थिक क्षेत्र में अभिशासन के अनुपालन का स्तर बहुत उच्च था। एक घटना के माध्यम से इसे सिद्ध भी किया जा सकता है। एक किसान ने एक अन्य किसान से जमीन के टुकड़ा खरीदा। उस किसान ने जब जमीन में खुदाई शुरू की तो उसे खुदाई के दौरान उस जमीन में सोने के सिक्कों से भरा एक घड़ा मिला। इस घड़े को लेकर वह किसान जमीन के विक्रेता किसान के पास पहुंचा और बोला आपसे जो जमीन का टुकड़ा मैंने खरीदा था, उसमें सोने के सिक्कों से भरा यह घड़ा मिला है, मैंने तो चूंकि आपसे केवल जमीन खरीदी है, अतः इस घड़े पर आपका अधिकार है।

विक्रेता किसान ने उस घड़े को लेने से इसलिए इंकार कर दिया कि क्योंकि अब तो वह जमीन मैं आपको बेच चुका हूं, अतः अब जो भी वस्तु अथवा पदार्थ इस जमीन से प्राप्त होता है, उस पर जमीन के क्रेता अर्थात केवल आपका अधिकार है। दोनों किसानों के बीच जब किसी प्रकार की सुलह नहीं हो सकी तो वे दोनों किसान राजा के महल में अपनी समस्या का हल ढूंढने के लिए पहुंचे। जब वहां भी इस समस्या का हल नहीं निकल सका तो दोनों किसानों ने राजा से प्रार्थना की कि सोने के सिक्कों से भरे इस घड़े को राज्य के खजाने में जमा कर दिया जाए। राजा ने भी उस घड़े को राज्य के खजाने में जमा करने से इंकार कर दिया क्योंकि राज्य के खजाने में तो अभिशासन संबंधी नियमों के अनुपालन के अनुसार ही प्राप्त धन को जमा किया जा सकता है और अभिशासन संबंधी नियमों में इस प्रकार से प्राप्त धन को खजाने में जमा करने का वर्णन ही नहीं है। इस उच्च स्तर की अभिशासन प्रणाली प्राचीन भारत में लागू थी।

अभिशासन को परिभाषित करते हुए कहा जाता है कि यह एक तरीका है, जिसके अनुसार संस्थानों को अभिशासित किया जाता है। यह नियमों, व्यवहारों एवं प्रक्रियाओं की एक प्रणाली है, जिसके अनुसार एक व्यवसाय को चलाया, विनियमित एवं नियंत्रित किया जाता है। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि निर्णय प्रक्रिया स्वच्छ (निष्पक्ष) एवं नैतिक है। इसके माध्यम से यह जानने, संतुलित करने एवं संरक्षित करने का प्रयास किया जाता है कि लंबी अवधि के लिए हितधारकों के हित सुरक्षित रहें। हितधारकों में शामिल हैं, बैंक के संदर्भ में जमाकर्ता, एवं अन्य कंपनियों के संदर्भ में ग्राहक, शेयरधारक, कर्मचारी, प्रबंधन, सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक आदि। निगमित अभिशासन संबंधी नियमों के अनुपालन की जिम्मेदारी बोर्ड के सदस्यों की मानी जाती है। अच्छे निगमित अभिशासन के गुणों के संबंध में कहा जाता है कि बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों में निष्पक्षिता एवं पारदर्शिता होनी चाहिए।

संस्था में प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही एवं जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। बोर्ड के सदस्यों के चुनाव में पारदर्शिता हो एवं बोर्ड के सदस्य पेशेवर होने चाहिएं। यदि बैंक के बोर्ड की बात की जाए तो बोर्ड के सदस्य जमाकर्ता के ट्रस्टी के रूप में कार्य करें। ऋण प्रदान करने में पारदर्शिता होनी चाहिए एवं मेरिट आधारित निर्णय होने चाहिए। केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं प्रधान कार्यालय द्वारा जारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित होना चाहिए। अंकेक्षण प्रणाली, जागरूकता प्रणाली (विजिलन्स सिस्टम), धोखाधड़ी का पता लगाने का तंत्र (फ्रॉड डिटेक्शन मेकनिजम) मजबूत होना चाहिए। साथ ही, संस्थान में उच्च तकनीकी का उपयोग भी होना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पेपर लीक का यह कैसा धंधा, कड़े प्रोटोकॉल नियम क्यों नहीं?

पढ़ाई, परीक्षा, पैसा और फिर पेपर लीक। यह कहानी है देश में आज युवा वर्ग की चिंता व परेशानी की। आखिर हो भी क्यों न ऐसी कोई परीक्षा नहीं है जो विवादों में न फंसी हो। युवा बेसब्री से पहले परीक्षाओं का इंतजार करता है, फॉर्म भरता है, तैयारी करता है। घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर जाकर परीक्षा देता है और घर पहुंचने से पहले ही खबर आ जाती है पेपर लीक हो गया है या परीक्षा कैंसिल हो गई है। आखिर उस परीक्षार्थी का क्या कसूर, जिसने अपना पूरा समय व ध्यान इसमें लगाकर बाकी सब कुछ छोड़ दिया था।

देखा जाए तो नीट परीक्षा वर्ष में एक बार होती है, जिसके लिए लाखों विद्यार्थी मेहनत करके अपना भविष्य आजमाते हैं और बच्चों के अभिभावक लाखों रुपए खर्च करके बेहतर कोचिंग सेंटर में स्टडी करवाते हैं। कुछ अभिभावक तो लोन लेकर इस परीक्षा को दिलवाने के लिए रात-दिन एक कर देते हैं, लेकिन भ्रष्टाचारी लोग इस गोरखधंधे को इस तरह अपनाते हैं कि लाखों विद्यार्थियों की जिंदगी दांव पर लग जाती है, जो बहुत ही चिंताजनक है, लेकिन दुखद निराशा के साथ हाथ पर हाथ रखकर उस युवा को चिंता चारों तरफ से घेरकर शांत कर देती है, लेकिन उसके अंदर गुस्से का उबाल ऊफान पर होता है, जिसका अनुमान लगाना असंभव है। आखिर ऐसा कैसा सिस्टम, जहां हर बार चूक हो जाती है। आखिर इस चूक के पीछे किसका हाथ है। कौन इसके लिए जिम्मेदार है। देश में पेपर लीक मामला अखबारों की सुर्खियों से लेकर अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक खबरों में खूब छाया रहता है। इस गंभीर विषय पर चर्चा भी बहुत हुई, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।



**लेखक : डॉ. मनोज डोगरा**
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

समाज का प्रबुद्ध वर्ग मानता है कि पेपर लीक के मामले को राजनीति के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। यह किसी 'राज्य विशेष' और 'पार्टी विशेष' का मामला नहीं है। यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा अहम विषय है। जहां एक तरफ भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत ने चांद के साउथ पोल में पहुंचकर दुनिया को चौंका दिया है। कोरोना के संकट में अपने पड़ोसी देशों को मुफ्त में वैक्सीन देकर दुनिया को बताया मित्रता धर्म क्या होता है, उस देश में पेपर लीक कांड का मामला बार-बार सामने आना बेहद दुखद है। आज अमेरिका, रूस जैसे ताकतवर देश भी वैश्विक संकट के दौरान भारत की तरफ देखते हैं। ऐसे में दुनिया के सबसे ज्यादा युवा आबादी वाले भारत में पेपर लीक कांड को लेकर सवाल पूछा जाना लाजमी है और समाधान के लिए सरकारों को कोसना भी जरूरी है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए ऐसे गोरखधंधों पर बड़े देशों में कड़े प्रोटोकॉल नियम बनाए गए हैं, लेकिन भारत में बार-बार परीक्षाओं का रद्द होना और पेपर लीक होना बहुत ही चिंतनीय विषय बन चुका है। भारत में पेपर लीक का मुद्दा एक सतत समस्या है जिसने वर्षों से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित किया है। यह वास्तविक परीक्षा से पहले अक्सर अवैध तरीकों से परीक्षा पत्रों या प्रश्नों की अनधिकृत पहुंच और प्रसार को संदर्भित करता है। इस समस्या के गंभीर परिणाम हैं, जिनमें लीक हुए पेपरों तक पहुंच रखने वालों को अनुचित लाभ मिलना, नुकसान उन लोगों को जिनकी पहुंच लीक हुए पेपर तक नहीं है, परीक्षा प्रणाली की अखंडता से समझौता, शैक्षणिक संस्थानों और परीक्षाओं की विश्वसनीयता में कमी, ईमानदारी से तैयारी करने वाले छात्रों का मनोबल गिरना।

इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक उपाय अपनाने होंगे। कुछ उपाय अपनाए गए हैं, मगर वे काफी नही हैं, चाहे वह परीक्षा पेपर भंडारण और परिवहन के लिए सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करना हो या पेपर लीक को रोकने और उसका पता लगाने के लिए नियमित जांच और छापेमारी करना हो या पेपर लीक के खतरे को कम करने के लिए डिजिटल या ऑनलाइन परीक्षा शुरू करना हो। इसके इलावा पेपर लीक के दोषी पाए जाने वालों के लिए कठोर दंड का प्रावधान ही क्यों न हो। यह सब कुछ है, मगर प्रश्न यह उठता है तब पेपर लीक कैसे हो जाते हैं। इन प्रयासों के बावजूद, समस्या निरंतर बनी हुई है और भारत की शिक्षा प्रणाली की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए और अधिक व्यापक समाधान की आवश्यकता है। भारत की संसद में भी इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाया गया है, लेकिन अगर यह मुद्दा ही बनकर रह जाए तो कुछ नहीं होगा, लेकिन ऐसे आपराधिक लोगों पर कड़ाई से नियम लागू करने होंगे, ताकि इन आपराधिक धंधों पर अंकुश लगाया जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्वां नदी में डूबने से सैनिक की मौत

**अनंत ज्ञान, अंब।** थाना अंब के अंतर्गत भरत सिंह (25) पुत्र विशन सिंह निवासी पंजावर, जिला ऊना की गांव भैरा में स्वां नदी में डूबने से मौत हो जाने की सूचना है। भरत भारतीय सेना में कार्यरत बताया जा रहा है तथा अपनी बहन के पास आया था। स्वां नदी में पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

### हिम-ईरा फूड वैन संचालन के लिए आवेदन 5 तक

**राजेश शर्मा, ऊना।** बीडीओ ऊना केएल वर्मा ने जानकारी देते हुए ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत बनाए गए स्वयं सहायता समूह ग्राम संगठनों (वीओ), संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) के सदस्यों द्वारा एक हम हिम-ईरा फूड वैन का संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि जो भी स्वयं सहायता समूह के सदस्य पिछले दो वर्षों से खान-पान से संबंधित उत्पादों का कार्य कर रहे हैं वे इसके लिए पात्र होंगे। साथ ही बताया कि जिन सदस्यों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त हुई है उनको प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। हिम-ईरा फूड वैन संचालन के इच्छुक आवदेक अपने आवेदन पत्र खंड विकास अधिकारी कार्यालय ऊना में 5 जुलाई 2024 तक जमा करवा सकते हैं। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को बीडीओ कार्यालय ऊना से संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जीडीएच इंडस्ट्रीज में भरे जाएंगे हेल्पर के 10 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज बसाल द्वारा हेल्पर के 10 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के साक्षात्कार 2 जुलाई को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं पास तथा आयु 18 से 30 वर्ष होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त हेल्पर पद के लिए प्रतिमाह 11 हजार रुपए वेतन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज़ फोटो, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### इनरव्हील क्लब की नई कार्यकारिणी गठित

**राजेश शर्मा, ऊना।** इन्न रव्हील क्लब ऊना की वर्ष 2024-25 के लिए नई टीम प्रथम जुलाई से अपना कार्यभार संभालेंगी। इसके लिए नई टीम का गठन कर लिया गया है। नवगठित टीम में रमा कंवर को प्रधान जबकि शोभा सोनी क्लब की सचिव बनाया गया। प्रधान रमा कंवर ने बताया कि क्लब के अन्य पदाधिकारियों में निशा शारदा उपाध्यक्ष, रंजना बख्शी संयुक्त सचिव, रेखा शर्मा कोषाध्यक्ष, सुमन पुरी आईएसओ तथा डॉ.जागृति दत्ता क्लब एडिटर बनाया गया। क्लब के अन्य सदस्यों में पूर्व प्रधान जतिंद्र कौर, तेजिंद्र कौर, किरण भयाणा, सुषमा वशिष्ठ, नीलम साही, पूजा कपिला, मीरा मेहता, रजिता कसाणा, अमरजीत बबली, मौनिका कौशल, रमा कालिया, रंजना जसवाल, कमला कंवर, प्रियंका, मेघा ओहरी, निरुपमा, सुनीता शर्मा, कमलेश वशिष्ठ क्लब सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं का अग्रणी संगठन है,जोकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्प चला रहा है। ऊना जिला में भी क्लब तीन दशक से अधिक समय से सक्रिय रूप से सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका अदा कर रहा है। रमा कंवर ने कहा कि इन्नर व्हील क्लब ऊना पुरे वर्ष पीड़ित मानवता की सेवा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करेगी। (अनंत ज्ञान)


रमा कंवर


शोभा सोनी

### स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक संघ ने मांगी पदोन्नति

**विनोद शर्मा, लठियाणी।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष सोनिया डढवाल, महासचिव लायक राम रघुवंशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवान अविनाशी, नरवीर शर्मा ,वा राज्य प्रेस सचिव एवं जिला कांगड़ा महासचिव सुभाष चंद, जिला कांगड़ा की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी, रवींद्र कुमार ने संयुक्त बयान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री माननीय कर्नल धनीराम शांडिल्य, प्रिंसिपल सेक्रेटरी हेल्थ, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी और प्रदेश सरकार से अपील की है कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिलाएं जो कि तीन महीने से पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करके बैठी हैं, कृपया करके उनकी शीघ्र पदोन्नति की जाए। प्रशिक्षण प्राप्त की हुई महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता में से दो स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो चुकी है और इस महीने भी सेवानिवृत्त होने वाली है। उन्होंने निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी से अपील करते हुए कहा है कि कृपया करके इन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शीघ्र पदोन्नति का लाभ दिया जाए और उनकी नियुक्ति की जाए संघ के पदाधिकारिओं ने मांग की है कि जो महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो गई है उन्हें भी पदोन्नति का लाभ दिया जाए ,इसके लिए संघ हमेशा सरकार का आभारी रहेगा। उन्होंने एक और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का पदोन्नति प्रशिक्षण बैच निकालने के लिए निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी का धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

### कैंपस प्लेसमेंट में आठ छात्रों का हुआ चयन

**गौरव कौंडल, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के बीबीए विभाग अंतिम वर्ष के आठ छात्रों का टैक महिन्द्रा कंपनी में चयन हुआ है। पिछले दिनों दिनांक 24 मई को श्री साई विश्वविद्यालय पालमपुर द्वारा आयोजित रोजगार मेला में संस्थान के आंचल, गौरव, राहुल, रॉक्सी, ऋषभ, तनु, अंजलि और श्रेया चयनित हुए हैं। ये छात्र नोएडा, चंडीगढ़ और गुरुग्राम में सेवाएं देंगे। इस गौरवान्वित उपलब्धि पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र तथा बीबीए विभाग के समन्वयक डॉ. साहिल महाजन ने चयनित छात्रों को बधाई एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें बेहतर से बेहतर कार्य करने और प्रतिबद्धता पूर्ण सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया। ज्ञातव्य है कि विगत लगभग 3 महीनों से संस्थान के बीबीए विभाग के लगभग 60 छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियां के लिए हुआ है, जिसमें अधिकतर चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सेवाएं देनी प्रारंभ कर दी है। इन सब का श्रेय प्रोफेसर अरुण चंद्र के अदम्य प्रोत्साहन और प्राध्यापकों की विषय कुशाग्रता को जाता है। विद्यार्थियों की इन सफलताओं से उत्साहित प्रोफेसर अरुण चंद्र ने पुनः दोहराया कि भविष्य में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में भी अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देश की नामी गिरामी कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा। जिससे यहां के छात्रों को बेहतर से बेहतर करियर की संभावनाएं प्राप्त हो सकें और संस्थान का नाम इसी प्रकार रोशन कर सके। ऐसे में अधिसंख्यक विद्यार्थी संस्थान में प्रवेश लेने को प्रेरित होंगे। (अनंत ज्ञान)

### नेशनल फेडरेशन ऑफ डिफेंस ऑनरेरी कमीशन ऑफिसर्स एसो. की बैठक 3 को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सेंट्रल पे कमीशन में लगातार हाशिए पर रखे जाने के कारण से हुए वित्तीय नुकसान से परेशान नेशनल फेडरेशन ऑफ डिफेंस ऑनरेरी कमीशन ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गई है। संगठन की अगली कार्रवाई क्या होनी चाहिए इसके लिए दिनांक 3 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित पूर्व सैनिक सेवा केंद्र ऊना में कैप्टन शक्ति चंद की अध्यक्षता में बैठक होगी। फेडरेशन के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट स्वदेश प्रकाश शर्मा ने जिला ऊना के सभी ऑनरेरी कमिशंड ऑफिसर्स, जो कि फेडरेशन की सदस्य हैं, को अपील की है, कि वह पूर्व सैनिक सेवा केंद्र ऊना में समय पर पहुंच कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर संबंधित दस्तावेजों पर अपनी सहमति दें तथा अधिवक्ता की निर्धारित फीस 1000 रुपए जमा करवाएं और अपने सुझाव दें।

# चंडीगढ़ के युवक ने नौकरी का झांसा देकर की लाखों की ठगी

## चिंतपूर्णी की युवती के साथ हुई धोखाधड़ी

**राजेश शर्मा, ऊना**




चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत एक व्यक्ति के साथ बेटी को नौकरी का झांसा दिलवाने के नाम पर अज्ञात युवक द्वारा लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है। चंडीगढ़ का आरोपी युवक रोहित राणा अब तक चिंतपूर्णी के पीड़ित व्यक्ति अजय कालिया से करीब 14 लाख रुपए ऐंठ चुका है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज करके आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता चिंतपूर्णी निवासी अजय कालिया की बेटी वर्ष 2020 में शिमला के शिक्षण संस्थान में नीट की परीक्षा की तैयारी के लिए गई थी। शिमला में ही उसकी दोस्ती एक अन्य युवती जो नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी उसके साथ हुई। इस दौरान कोरोना के समय में अजय कालिया की बेटी वापस घर आ गई। सहेली ने इस दौरान उसे अपने एक परिचित युवक का हवाला देकर नौकरी लेने के लिए संपर्क करने को कहा। युवती ने इस मामले में अपने पिता अजय कालिया को इसकी जानकारी दी। अजय कालिया ने युवक के नंबर पर 15 जनवरी 2021 को संपर्क किया। दोनों में बात हुई और पैसे देकर नौकरी लेने के लिए युवती का पिता तैयार हो गया। दोनों के बीच हुई डील में व्यक्ति द्वारा करीब 14 लाख रुपए की राशि उस युवक को विभिन्न माध्यम से उपलब्ध करा दी।

बताया जा रहा कि युवक लगातार झांसा दे रहा था कि वह जल्दी ही उनकी बेटी को सरकारी नौकरी दिलवाएगा। अजय ने शिकायत में कहा है कि अब कुछ दिनों के बाद युवक टालमटोल कर रहा है, और फोन भी नहीं उठा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**चिंतपूर्णी थाने में मामला दर्ज**

पीड़ित व्यक्ति द्वारा इसकी शिकायत चिंतपूर्णी पुलिस स्टेशन में कर दी है और पूरी डिटेल और पैसों की ट्रांजैक्शन का सारा रिकॉर्ड भी पुलिस के हवाले किया है। इस संबंध में पुलिस थाना चिंतपूर्णी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करके आरोपी के खिलाफ छानबीन शुरू कर दी है।

### लाठियाणी झील में पैर फिसलने से व्यक्ति की मौत

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के लाठियाणी में मक्खन सिंह पुत्र लक्ष्मण दास गांव महल बड़सर आयु 63 साल जो कि लठियाणी गोबिंदसागर झील पर मछलियों को आटा डालने के लिए हर सप्ताह में एक बार आता रहता था, परंतु इस बार जैसे मछली को आटा डालने आया और डैम के किनारे से उसका पैर फिसल गया और वह झील में डूब गया।

इस दौरान पंकज ने अपने पिता को कई बार फोन किया परंतु कोई जवाब न आने पर वह पड़ोस के एक दुकानदार को साथ लेकर झील पर आए तो उसने देखा कि उसका पिता आधा झील के किनारे पड़ा हुआ था। पंकज ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस प्रभारी बंगाणा ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सब को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय ऊना भेज दिया, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री अपना फर्ज भूले, ससुराल भी नहीं आई याद : अनुराग ठाकुर


देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के लिए चुनाव प्रचार करते अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और सासंद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने प्रदेश में जनकल्याणकारी संस्थान खोले, लेकिन तालाबंदी की सरकार ने आते ही सब पर ताला जड़ दिया। उनकी विकास विरोधी सोच का शिकार जहां पूरा प्रदेश हुआ वहीं अपना ससुराल भी अछूता नहीं रहा। अनुराग ने यह बात शनिवार को देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के लिए प्रचार के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि जो अपनी ससुराल का नहीं हुआ वह देहरा का क्या होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू इतिहास में पहले मुख्यमंत्री होंगे, जिन्होंने भाजपा विधायकों का तो छोड़ो पर कांग्रेस के विधायकों का भी काम नहीं होने दिया। पहले तो लंबे समय तक मंत्री ही नहीं बनाएं और जब बनाया तो सिर्फ उनको जो उनके मित्र थे और कांगड़ा जो कि सबसे बड़ा जिला हैं उसे बिलकुल नजरंदाज कर दिया। जिन लोगों को मंत्री बनाया उन्हें उनकी शक्तियों को बाधित कर मात्र सुविधाओं का लाभ लेने के लिए कि आप मात्र राजशाही का आंनद लो बाकि कुछ बोलने या सुनने की आज्ञा आपको नहीं होगी। मुख्यमंत्री यहीं नहीं रुके हर मंत्री के साथ अपना मित्र सीपीएस लगा दिया और मंत्रियों को नकेल कस दी।

# ऊना अस्पताल ने बच्चे को दी नई जिंदगी

**राजेश शर्मा, ऊना**


बच्चे के अभिभावक सीएमओ और उनकी टीम सामूहिक चित्र में।

'जाको राखे साइयां मार सके न कोय' जिस बच्चे को पीजीआई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जटिल रोग होने के कारण भगवान के भरोसे बताकर घर भेज दिया था, इस बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ करके ऊना क्षेत्रीय अस्पताल की टीम ने आज सकुशल घर भेज दिया। पूरे अस्पताल में शुक्रवार को यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। अस्पताल में इस बच्चे का बाल रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा उपचार किया गया।

बता दें कि ऊना जिला के लखविंद्र निवासी अप्पर अरनियाला का बच्चा जो जन्म के समय से ही किसी बीमारी से पीड़ित था। बच्चे के माता-पिता ने उसे नंगल अस्पताल में दिखाया। इसके पश्चात बच्चे को ऊना में ही प्राइवेट अस्पताल में भी दिखाया, जहां से बच्चे को पीजीआई अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीजीआई अस्पताल में बच्चे को चेक करने के बाद ज्यादा हालत खराब होने पर घर भेज दिया गया। इसके बाद बच्चे को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में दिखाने के लिए लाया गया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा बच्चे का उपचार किया गया। अब स्वस्थ है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बच्चे का उपचार करने के बाद बाल रोग विशेषज्ञों की टीम की सराहना की है। (अनंत ज्ञान)

# अब गर्भवती महिलाएं घर बैठे ले सकेंगी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**राजेश शर्मा, ऊना**


ऊना में मातृ एवं शिशु समर्पित कार्नर का अनावरण करते सीएमओ।

कोई भी गर्भवती महिला अपने स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी घर बैठे ले सकेगी। कब उसे चेकअप कराना चाहिए और कब उसे कैसा आहार व्यवहार करना है और क्या स्वास्थ्य सुविधा अभी तक उसे दी गई है यह जानकारी भी उपलब्ध होगी। इसके लिए महज मोबाइल से उसको क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना के सौजन्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कर कमलों द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मातृ एवं शिशु समर्पित कार्नर का अनावरण किया गया। इसका उद्देश्य सभी गर्भवती महिलाओं को हर प्रकार की गर्भावस्था से संबंधित जानकारी इस पोर्टल पर मुहैया करवाई जाएगी। इस पोर्टल पर क्यूआर कोड और टोल फ्री नंबर पर कोई भी गर्भवती महिला अपने से संबंधित जानकारी प्राप्त कर पाएगी।इस समर्पित कार्नर को नूरा हेल्थ और ममता हेल्थ के सहयोग से बनाया गया है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक चिकित्सा डॉ. संजय मनकोटिया, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी सुखदीप सिंह आदि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# युवक ने लगाया फंदा

**विनोद शर्मा, लठियानी**



थाना झंडूता के अंतर्गत बंगाणा जिला ऊना के 19 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक अनमोल अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था।

मिली जानकारी के अनुसार अनमोल पुत्र सुदर्शन सिंह गांव कैहलवीं अपनी माता के साथ मामा के यहां नखलेहड़ा में रहता था। अनमोल की माता सीता देवी अध्यापिका हैं। सीता देवी ने बताया कि रोज की भांति अनमोल शाम को साढ़े पांच बजे आईटीआई झंडूता से लौटा तो उसे खाने के लिए पूछा गया। उसने सिर्फ दूध पीने की इच्छा जाहिर की। मैंने भी उसे दूध दिया और मेरे भाई के साथ किसी काम से बाहर निकल गई। इस दौरान घर पर अनमोल के सिवा कोई नहीं था। जब हम दोनों रात को घर लौटे तो अनमोल के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला। काफी देर बाद दरवाजे को खोला तो अनमोल पंखे से झूल रहा था।

शोर करने पर पड़ोसी दौड़े आए और उन्होंने अनमोल को पंखे से खोलकर बिस्तर पर लिटाया। इसके उपरांत अनमोल को झंडूता अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने अनमोल को मृत घोषित कर दिया। थाना झंडूता प्रभारी ने बताया कि अनमोल की लाश का पोस्टमार्टम करवा कर परिवार जनों को सौंप दी गई है। धारा 174 के तहत की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# रेहड़े गांव की सोनिया ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**राजेश ठाकुर बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल की छपरोह पंचायत के रेहड़े गांव की 28 वर्षीय महिला सोनिया ने जहरीला पदार्थ निगल कर जीवन लीला समाप्त कर ली। गांव में उक्त घटना घटित होने से माहौल गमगीन हो गया है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सोनिया ने सुबह 4 बजे घर में किसी बात को लेकर कलह होने पर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना कलां में पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के लिए रेफर कर दिया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इसी गांव में शनिवार को ही एक अन्य महिला रत्नी देवी जो कि पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन थी, ने भी दम तोड़ दिया। गांव में दो महिलाओं की मृत्यु से माहौल पूर्णतया गमगीन हो गया है। पुलिस प्रभारी बांगणा अनिल कश्यप ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारण का खुलासा हो सकेगा। (अनंत ज्ञान)

# लोग नदी-नालों से बनाए रखें दूरी : एसडीएम

**अभिषेक कुमार, ऊना**



एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार तीन जुलाई तक भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए लोग नदी-नालों और खड्डों से दूरी बनाए रखें, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण नदी-नालों और खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ने की संभावना बन जाती है। ऐसे में वह नदी-नालों और खड्डों से दूर रहें।

गोयल ने लोगों से अपने मवेशियों को भी नदी, नालों और खड्डों से दूर रखने का आह्वान किया है, ताकि एकाएक जलस्तर बढ़ने से किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान न हो सके। उन्होंने बताया कि बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग और बिजली बोर्ड के सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान कई तरह की बीमारियों के पनपने की संभावना भी बनी रहती है। ऐसे में लोग बिना साफ-सफाई के सब्जियां खाने से भी परहेज करें। एसडीएम ने कहा कि बरसात में सर्पदंश की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। यदि किसी को सर्पदंश होता है तो वह झाड़-फूंक के बजाय स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक की निगरानी में उपचार सुनिश्चित बनाएं। (अनंत ज्ञान)

# क्षेत्रीय अस्पताल में पर्ची की लाइन में खड़े लोग गर्मी से बेहाल



पर्ची के लिए कतार में लगे लोग गर्मी से हो रहे बेहाल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के क्षेत्रीय अस्पताल में भले ही अफसरों और अन्य स्टाफ के लिए वातानुकूलित कमरों की व्यवस्था है, लेकिन अस्पताल में पर्ची की लाइन में घंटों खड़े रहने वालों के लिए पंखों की व्यवस्था न के बराबर है।

पर्ची स्थल की खिड़कियों के पास दो पंखे लगाए गए हैं, लेकिन उसके पीछे पंखे लगाने वाली वायरिंग तक उखड़ चुकी है। यहां कुछ समय पहले पंखे थे, लेकिन अब वहां से पंखे गायब हैं। अस्पताल में भारी गर्मी में भी पर्ची की लाइन में लगे लोगों को गर्मी झेलनी पड़ती है। अस्पताल में पहुंचे तीमारदारों नरोत्तम शर्मा, राकेश कुमार, प्रकाश आदि ने अस्पताल प्रबंधन से लोगों की सुविधा पर भी ध्यान देने की मांग की है।

**अस्पताल में पंखों की व्यवस्था न के बराबर**


**आस्था** ऊना में एक ऐसा दिव्य स्थल है जो धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ रमणीक भी है

# ब्रह्मा जी ने पौत्रों की आत्मिक शांति के लिए ब्रह्मौती में किया था हवन

**राजेश शर्मा, ऊना**






सतलुज दरिया पर बने पावन घाट में श्रद्धालु स्नान करते हुए, पिंडी स्वरूप में ब्रह्मा जी तथा ब्रह्मौती मंदिर में ब्रह्मा जी का मंदिर।

देवभूमि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है, इसको प्रमाणित करने के लिए लगभग हर जिले में कोई न कोई तीर्थ स्थल मौजूद है। ऐसे ही ऊना जिले में एक ऐसा दिव्य स्थल है जो धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ रमणीक भी है। यहां ब्रह्मा जी के सौ पौत्रों की आत्मा की शांति के लिए हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला में सतलुज दरिया के किनारे ब्रह्मौति में स्वयं ब्रह्मा जी ने हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली थीं। इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए देवी भगवती ने गंगा का आह्वान करके यहां गंगा घाट भी स्थापित किया था। इस अनुष्ठान के बाद इस दिव्य स्थल को एक प्रमुख तीर्थ स्थल घोषित किया गया, जिसका कई पौराणिक धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है।

पुष्कर राजस्थान के बाद हिमाचल के पंजाब की सीमा पर स्थित सतलुज दरिया के किनारे ब्रह्मौती स्थान पर भी ब्रह्मा जी का मंदिर स्थित है। इस स्थान पर ब्रह्मा जी के पुत्र ऋषि वशिष्ठ मुनि ने यहां कई वर्षों तक तप किया था और उसके बल पर सौ पुत्रों की उत्पत्ति की थी। ब्रह्म ऋषि की उपाधि के कारण ऋषि विश्वामित्र से द्वेष भावना रखते थे इसके कारण उन्होंने मुनि वाशिष्ठ से सभी पुत्रों का इस स्थान पर वध कर दिया था। ब्रह्म हत्या का दोष निवारण के लिए विश्वामित्र द्वारा कई वर्षों के कठिन तप से ब्रह्मा जी का आह्वान किया और वे प्रकट हुए। विश्वामित्र द्वारा ब्रह्मा जी से ब्रह्म हत्या दोष निवारण के लिए आग्रह किया। ब्रह्मा जी ने उनका आग्रह स्वीकार किया और भगवान शिव शंकर सहित सभी देवी-देवताओं के साथ ब्रह्मौती पहुंचकर शांति यज्ञ किया। इसमें स्वयं ब्रह्मा जी ने भगवान शिव जी की उपस्थिति में हवन-यज्ञ में आहुतियां डाली थीं। यहां उन्होंने गंगा जी का आह्वान भी किया था, इसलिए यहां गंगा, सती कुंड आदि हैं। यहां कई लोग अस्ति विसर्जन के लिए भी पहुंचते हैं। इस स्थान की विशेषता है कि गर्मियों में भी यहां पानी बर्फ जैसी ठंडक देता है। सामान्य तापमान से यहां पांच से सात डिग्री कम होता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### विकास कार्यों में सांख्यिकीय आंकड़ों की जरूरत : डीसी

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस के अवसर पर जिला सांख्यिकी आर्थिक एवं सांख्यिकीय कार्यालय केलांग द्वारा उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए इस वर्ष के थीम 'निर्णय प्रबंधन के लिए डेटा का उपयोग' सुझाए गए विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि जिला की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से संबंधित सर्वेक्षण आयोजित करने तथा चयनित परियोजनाओं के मूल्यांकन अध्ययन करने में सांख्यिकीय डेटा का अहम योगदान रहता है। लिहाजा सभी विभागीय अधिकारी अपने विकास कार्य योजना से संबंधित वांछित सांख्यिकी डेटा को सांख्यिकीय विभाग को अपडेट स्थिति से भी निर्धारित समय पर संप्रेषित करें। जिला के विकास में आंकड़ों की बहुत जरूरत होती है बुनियादी ढांचा कितना है और कहां कहां उसे दुरस्त और बेहतर करने की जरूरत है। सहायक अनुसंधान अधिकारी ठाकुर बिष्ट ने विभागीय क्रियाकलापों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और अनुरोध किया की सांख्यिकीय डेटा प्रेषित करने से पूर्व उनका पुन वेरिफिकेशन अवश्य करें। (अनंत ज्ञान)

### कोलीबेहड़ में 2 जुलाई को बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** आगामी 2 जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमण्डल कुल्लू ने विद्युत आपूर्ति को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि 11 के.वी.फीडर कोलीबेहड़ की मुरम्मत और रख-रखाव के चलते कोलिबेहड़, श्यारिडोग, पचाली, खड़िहार, शीलीराजगिरी, भुलंग ओर पिरडी के आसपास के इलाकों में आगामी 2 जुलाई को सुबह के 10 बजे से लेकर शाम के 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति के दौरान जनता को होने वाली असुविधा के बारे में जनता से सहयोग की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### आजाद प्रत्याशी हरप्रीत 6 साल के लिए निष्कासित



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भारतीय जनता पार्टी ने नालागढ़ विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूध चुनाव लड़ने पर उनकी प्राथमिक सदस्यता को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के आदेशानुसार हरप्रीत सैनी, जिन्हें प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा नियुक्त किया था उन्हें पार्टी के विरुध चुनाव लड़ने के चलते तुरंत प्रभाव से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर ने आदेश जारी किए। (अनंत ज्ञान)

### तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों संग बांटी खुशियां



**कमलेश वर्मा, भुंतर।** कुल्लू के इस्मित जोंदरे ने अपना 16वां जन्मदिवस तेगुबेहड़ अस्पताल में सामाजिक संस्था भुंतर सुधार समिति के साथ मिलकर मरीजों को फल वितरित कर मनाया। इस्मित जोंदरे की माता स्नेहलता ने बताया कि शनिवार को मरीजों में फल व जूस आदि वितरित कर बेटे के जन्मदिवस की खुशियां बांटी। इस तरह के नेक कार्य करने पर बच्चों में भी समाज सेवा की भावना जागृत होती है। अपने बच्चों में जैसे संस्कार माता-पिता देते हैं उसी की ओर वह अग्रसर होते हैं। समाज के अच्छे निर्माण के लिए बच्चों में अच्छे संस्कार डालना बहुत जरूरी है नहीं तो इस भागम भाग की दुनियां में हम इंसानियत का फर्ज निभाना भूल रहे हैं। वहीं उन्होंनें कहा कि बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर इस नेक कार्य को अपने हाथों से कर के दिल को सुकून मिला और इन्होने सभी से आग्रह किया कि वो भी जन्मदिन पर समाजहित के कार्य करें। इस मौके पर इस्मित जोंदरे और इनकी माता स्नेहलता, बहन महिमा सहित भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष रोशन लाल हार्डवेयर वाले, सहसचिव झावे राम, महिला विंग की सचिव मीना जसवाल, आजीवन सदस्य दीप लखन पाल, अमृता परमार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### युवा कांग्रेस ने क्रिकेट ट्रायल को लेकर उठाए सवाल

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** लाहौल-स्पीति क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया और ट्रायल को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुन्जंग गटुक ने सवाल उठाते हुए कहा कि एसोसिएशन के ट्रायल कुल्लू में ही क्यों लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि क्या एसोसिएशन बाहरी लोगों को मौका देने के लिए ऐसा किया जाता है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति क्रिकेट एसोसिएशन का कार्य लाहौल-स्पीति के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारना है और उन्हें जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है, ताकि लाहौल स्पीति की प्रतिभाओं को निखारा जा सके। गटुक ने खेद जताते हुए कहा कि उक्त एसोसिएशन सिर्फ और सिर्फ औपचारिकताएं पूरी कर रही है ओर लाहौल-स्पीति टीम से बाहर के लोगों को खेलने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने एसोशिएशन के पदाधिकारियों को निष्क्रिय करार देते हुए कहा ऐसे लोगों को हटा कर नए ऐसे लोगों को चुना जाना चाहिए जो लाहौल-स्पीति क्रिकेट टीम को नए मुकाम तक पहुंचाने की काबिलियत रखते हो। यह ट्रायल केलांग ओर काज़ा में क्यों नही करवाया जाता है और क्यों यहां की प्रतिभाओं को निखारने के लिए यहां पर कैंप का आयोजन नहीं होता। (अनंत ज्ञान)

### भाषण प्रतियोगिता में रितिक राज प्रथम

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** सेवानिवृत्त डीआईजी बीएसएफ कुशल पर्वतारोही व किन्नौर पब्लिक स्कूल के संचालक स्व. शेरब नेगी की याद में स्कूल परिसर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि इंदिरा देवी पत्नी दिवंगत पूर्व डीआइजी (बीएसएफ) एससी नेगी व दामाद रविकांत डिप्टी कमांडेंट (बीएसएफ) थे। इस अवसर पर रिकांगपिओ के सात निजी व सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को शेरब नेगी मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रितिक राज किन्नौर पब्लिक स्कूल-प्रथम, अरमान लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल द्वितीय, इशिका किन्नौर पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। किन्नौर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या दमयंती नेगी ने बताया गया कि ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में बोलने की प्रतिभा को उजागर करना है। (अनंत ज्ञान)

### जूनियर वर्ग में दिव्या को चुना हेड गर्ल

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रबंधक निदेश सुरेश कुमार और निर्देशिका रीतू चौहान ने दीप प्रज्वलन से की। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के साथ साथ छात्र छात्रों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में छात्र परिषद की 46 नवनिर्वाचित समिति का गठन किया गया। जूनियर विंग में दिव्या हेड गर्ल और लव्य गुलेरिया को हेड बॉय चुना गया। सीनियर विंग में सारिका चौहान हेड गर्ल और गौरव सिंह को हेड बॉय बनाया गया। विद्यालय निर्देशिका रीतू देवी ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई और अपने कर्तव्य का सत्य निष्ठा से पालन करने का आग्रह किया। प्रबंधक निर्देशक श्री सुरेश कुमार ने छात्र परिषद् को अपने दायित्व का निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित किया । राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया। स्कूल की अनुशाशन समिति व स्कूल विकास कमेटी का भी गठन किया गया। (अनंत ज्ञान)

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निथर में 5 माह से एक भी डॉक्टर नहीं

## प्रभावित आठ पंचायतों के हजारों लोगों का स्वास्थ्य राम भरोसे

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

या तो प्रदेश सरकार गहरी निद्रा में सोई है या फिर स्वास्थ्य विभाग। यह भी मान लेते हैं कि प्रदेश सरकार चुनावों में उलझी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना तो सरकार और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है, भले ही चुनाव हों या आचार संहिता, क्योंकि निरमंड उपमंडल के उपतहसील मुख्यालय निथर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले करीब 5 माह से चिकित्सकों के सभी पद रिक्त पड़े हैं।

फलस्वरूप निथर उपतहसील की 8 पंचायतों हजारों आबादी का स्वास्थ्य एक क्लर्क, सफाई कर्मी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के हवाले है। भाजपा के पूर्व में दो बार रहे विधायक और वर्तमान में कांग्रेस में शामिल होकर क्षेत्र का विकास करने की बात करने वाले किशोरी लाल सागर भी अभी तक नाकाम नजर आ आए। हालांकि यह मामला क्षेत्र की प्रभावित जनता ने कुछ माह पहले भी सरकार के संज्ञान में लाया था, लेकिन तब आचार संहिता का



जिले के आनी स्थित निथर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन

हवाला देकर इंतजार करने का आश्वासन दिया था लेकिन समस्या आचार संहिता हटने के बाद भी हल नहीं हुई। इतना ही नहीं क्षेत्र की जनता ने सरकार को लिखित में भी दिया, मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल और 1100 नंबर पर भी शिकायतें कीं, लेकिन समाधान आज तक नहीं हुआ।

पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र की जनता का कहना है कि करीब 5 माह पहले निथर अस्पताल से एकमात्र डॉक्टर का तबादला कर दिया गया था, जिसके बाद सिविल अस्पताल मनाली से एक डॉक्टर के तबादला आदेश निथर को हुए थे। लेकिन इससे पहले की डॉक्टर मनाली से रिलीव होकर निथर अस्पताल में जॉइनिंग देते, आदर्श आचार संहिता लागू हो गई और तबादला आदेशों पर रोक लग गई, जबकि अब आचार संहिता हटे हुए भी एक माह होने को है, मगर सरकार कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। फलस्वरूप निथर अस्पताल में डॉक्टरों के सभी पद रिक्त पड़े हैं और क्षेत्र की हजारों आबादी का स्वास्थ्य राम भरोसे है।

लोगों का कहना है कि डॉक्टर न होने के कारण उन्हें इलाज के लिए करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर कई घंटों का सफर तय कर रामपुर के अस्पताल जाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य केंद्र में कुल आठ पद खाली

**आपको** बता दें कि निथर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मेडिकल ऑफिसर, एक डेंटल मेडिकल ऑफिसर सहित फार्मासिस्ट, सीनियर लैब टेक्नीशियन, डेंटल मैकेनिक, स्टाफ नर्स, ड्राइवर, ट्रेंड दाई, चतुर्थ श्रेणी कर्मी और सफाई कर्मियों के कुल 11 स्वीकृत पदों में से 8 पद खाली चल रहे हैं।

### तो सड़कों पर उतरेगी जनता

**क्षेत्र** की निथर, लोट, दुराह, पलेही, देहरा, शिल्ली पंचायतों के अलावा एक्स सर्विस मैन यूनियन आउटर सिराज की निथर इकाई के अलावा प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, सिकंदर, पंचायत उपप्रधान होशियार सिंह, वीर, राकेश , संतोष आदि ने सरकार से मांग की है कि निथर के सामुदायिक केंद्र में एक सप्ताह के भीतर डॉक्टर की तैनाती की जाए वरना क्षेत्र की जनता अपनी मांग को लेकर सड़कों पर उत्तर जाएगी।

निथर समेत निरमंड स्वास्थ्य खंड के सभी रिक्त पदों का रिकॉर्ड उच्चाधिकारियों और सरकार को भेजा गया है। जैसे ही डॉक्टरों के नियुक्ति आदेश जारी होंगे, रिक्त पद भर दिए जाएंगे।
**- डॉ. संजय आंनद, बीएमओ, निरमंड**

# जिला परिषद कुल्लू की बैठक में सदस्यों ने उठाई समस्याएं



बैठक के दौरान एडीएम कुल्लू के साथ जिप अध्यक्ष व अन्य सदस्य।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक शनिवार को जिला परिषद हाल कुल्लू में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न जिला पार्षदों द्वारा उठाए गए प्रश्नों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई।

अश्वनी ने कहा कि इस बार मानसून मौसम को देखते हुए सरकार द्वारा भी परियोजना बांध सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा सभी जल विद्युत परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी अपने बांध के अपस्ट्रीम में बाढ़ मॉनिटरिंग सिस्टम तथा डाउनस्ट्रीम में वार्निंग सिस्टम स्थापित करें जिससे सायरन तथा पूर्व रिकॉर्ड वॉइस संदेश के द्वारा लोगों को बाढ़ तथा पानी छोड़ने की स्थिति में पहले ही सूचित व सचेत किया जा सके। सदस्यों के प्रश्न का जबाब देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण रोड को डबललेन करने के संबंधी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में जानकारी दी गई कि वन विश्राम गृह जरी की जर्जर हालत है तथा इस संबंध में उसे असुरक्षित घोषित कर तथा उसकी जगह नया भवन निर्माण करने के संबंध में संपूर्ण पत्राचार संबंधी दस्तावेज सर्किल कार्यालय को लोक निर्माण विभाग द्वारा भेजे गए हैं।

सदस्य पूर्ण चंद द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जिला राजस्व अधिकारी ने जानकारी दी किलाडा में प्रभावित जॉन/खंड/क्षेत्र/ तथा पंचायत आदि की विस्तृत जानकारी से संबंधित सूची तथा पिछले तीन वर्षों में यहां खर्च की गई धनराशि का संपूर्ण ब्यौरा उन्हें शीघ्र ही लिखित रुप में दे दिया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, सदस्य पूर्ण चंद्र ठाकुर, मानसिंह, जीवन ठाकुर, गुलाब सिंह, आशा ठाकुर, रुक्मिणी देवी, दीपिका आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# मनाली के शिरड़ रिजॉर्ट में जुटे देश-विदेश के 52 डीजे

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

यूरोप और अमेरिका की तर्ज पर हिमाचल के कुल्लू-मनाली में पहली बार म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

'मौंटाना' नामक इस तीन दिवसीय म्यूजिक फेस्टिवल में शिरकत करने को मनाली के रायसन में स्थित शिरड़ रिजॉर्ट में देश-विदेश के 52 नामी डीजे पहुंच चुके हैं और इन पर थिरकने के लिए देशभर से करीब पांच सौ पर्यटक जुटे हैं। इस फेस्टिवल से पर्यटन कारोबार को भी पंख लगे हैं। आयोजक हैरी का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों दिल्ली, चंडीगढ मुंबई तथा विदेश से आए हुए एंजल लव, रामलाल के, ब्लाट, जोकोम और दीपक शर्मा जैसे डीजे शिरकत कर रहे हैं।

शुक्रवार को रिजॉर्ट में सैंकड़ों देशी-विदेशी पर्यटकों ने डीजे की धुन पर देर रात तक नृत्य किया। शिरढ रिजॉर्ट के संचालक नकुल महंत ने कहा कि परंपरागत टूरिज़्म के अलावा म्यूजिक और फिल्म फेस्टिवल मनाली के पर्यटन को नया आयाम देने की ओर अग्रसर हैं। (अनंत ज्ञान)

# दो बार समझौते के बाद फिर सुलगा छात्र पिटाई मामला

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में गत 24 जून को एक छात्र द्वारा शरारत करते हुए एक छात्रा की आंख में डाले गए किसी द्रव्य पदार्थ के बाद शिक्षकों द्वारा की गई नाबालिग छात्र की पिटाई का मामला दो बार समझौते के बाद शुक्रवार को फिर से सुलग उठा।

पीड़ित छात्र के पिता पूर्ण चंद ने आनी पुलिस थाना में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उन्होंने बताया कि 24 जून को पीएमश्री आदर्श विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र की बेहरम पिटाई की गई है। जिस पर उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। वहीं छात्रा के पिता भीमी राम ने भी छात्र के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। उन्होंने कहा है कि बेटी इस प्रकरण से सहमी है और भविष्य में उसकी सुरक्षा की चिंता है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस हेडक्वार्टर कुल्लू के डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि छात्र के पिता पूर्ण चन्द की शिकायत पर जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75, आईपीसी की धारा 323 और 34 के तहत पांच अध्यापकों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। जिसकी छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)


### एसएमसी ने बुलाई आपात बैठक

**उक्त** सोशल मीडिया ने खूब तूल पकड़ा, सोशल मीडिया में आदर्श विद्यालय के खिलाफ हो रही आलोचनाओं और मामले की गंभीरता देखते हुए शुक्रवार को एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में स्कूल के खिलाफ सोशल मीडिया द्वारा की जा रहे कुप्रचार की कड़ी निंदा की गई। वहीं एक सोशल मीडिया संचालक के खिलाफ विद्यालय की छवि खराब करने के आरोप लगाते हुए एसडीएम आनी से कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं, एक कॉमरेड नेता द्वारा स्कूल की कक्षा में घुसकर छात्रों को भड़काने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। रमेश का कहना है कि जब से यह घटना हुई है तब से स्कूल में अध्यनरत छात्रों और शिक्षकों का मनोबल टूट रहा है। स्कूल को माहौल को खराब नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पास स्कूल में हुए इस पूरे मामले की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जिसकी कॉपी एसडीएम और शिक्षा विभाग को भेजी गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और विभागीय जांच में जो भी कार्रवाई होगी वो सभी के समक्ष होगी। उन्होंने तमाम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया में अनाप-शनाप की बयानबाजियां न करें।

# लाहौल-स्पीति के लोगों को भूमि का सही वितरण करे सरकार : रवि

**कमलेश वर्मा, मनाली**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक और उपचुनाव में भाजपा के लाहौल से प्रत्याशी रहे रवि ठाकुर ने कहा है कि वन भूमि अधिनियम के तहत लाहौल-स्पीति के लोगों को सही तरीके से भूमि का वितरण किया जाए।



यह बात उन्होंने मनाली में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देश की सरकार आनन फानन में कोई ऐसा काम न करे जिससे लाहौल-स्पीति की भोली-भाली जनता के साथ धोखा हो। उन्होंने कहा कि वन भूमि केंद्र सरकार के अंतर्गत आती है और उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल से भी अपील की है कि प्रदेश सरकार द्वारा लाहौल में आवंटित की जा रही वन भूमि को लेकर सरकार से बात की जाए। रवि ने कहा कि वह इस नियमावली से भली भांति परिचित हैं, क्योंकि वह जनजातीय आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए इस पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लाहौल के विकास के लिए गंभीर नहीं है। लाहौल में पर्यटन की अपार संभावनाएं होने के बाबजूद केवल सिस्सू तक ही पर्यटक जा पा रहे हैं। बाकी पर्यटन स्थलों में न के बराबर पर्यटनात्मक गतिविधियां हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा बेशक कुछ मौकापरस्त लोगों की वजह से चुनाव हारी है, जिसकी समीक्षा कर

### कहा- प्रदेश सरकार लाहौल के विकास के लिए गंभीर नहीं

ली गई है तथा काली भेड़ों की सूची भी आलाकमान को भेज दी गई है, लेकिन भाजपा ने संसदीय चुनाव इस क्षेत्र का जीता है और सांसद कंगना रनौत से मिलकर वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर हल करवाएंगे।

ठाकुर ने कहा कि चुनाव जीतना हारना एक प्रक्रिया है दुख इस बात का है कि भाजपा के लोग संगठन के दूर होकर एक निर्दलीय उम्मीदवार के बहकावे में आ गए हैं, लेकिन भाजपा संगठन को लाहौल में नए सिरे से मजबूर किया जाएगा और आने वाले समय में लाहौल में फिर से कमल खिलेगा। (अनंत ज्ञान)

# मारिषा शर्मा व मुस्कान चुने सर्वश्रेष्ठ वक्ता

**कमलेश वर्मा, मनाली**

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली ने विद्यालय परिसर में प्रात: कालीन सभा के दौरान कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'अंतर सदन वाद-विवाद प्रतियोगिता' आयोजित की। इसमें चार सदनों के दो दो प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक विद्यार्थी ने 'जितनी अधिक मेहनत करेंगे, उतने अधिक भाग्यशाली बनेंगे' विषय पर प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार तर्कसंगत तर्कों और वाकपटुता के साथ रखे।

प्रस्ताव के पक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में दयानंद सदन की मारिषा शर्मा और टैगोर सदन की मुस्कान ठाकुर ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रस्ताव के विपक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में टैगोर सदन की इप्शा और हंसराज सदन की वैष्णवी ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने विजेताओं और अन्य प्रतिभागियों को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

# सघन दस्त नियंत्रण अभियान एक जुलाई से

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक सघन डायरिया नियंत्रण अभियान के अंतर्गत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे।

यह बात उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में 1335 बच्चे 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं, जिसमें स्पीति के 685 व लाहौल में 650 पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को इस अभियान के तहत कवर किया गया है। उन्होंने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष कर प्रवासियों और जिला के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता रखी जाए।

उन्होंने अभियान के निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय आधारित कार्य व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को भी निर्देशित किया। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को सभी जल स्त्रोतों की सफाई करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट समुचित मात्रा में उपलब्ध हैं। इस अभियान के लिए 44 हजार 440 जिंक की गोलियां और12 हजार 525 ओआरएस के पैकेट की समुचित व्यवस्था की गई है । (अनंत ज्ञान)





**प्रदर्शन**

## साजिश के तहत संगम की पवित्रता को दूषित करने का रचा जा रहा षडयंत्र : संजीव

# जिया में कूड़ा संयंत्र के विरोध में उतरे ग्रामीण

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिले के जिया गांव में कूड़ा संयंत्र लगाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। शनिवार को कूड़ा सयंत्र के लिए भूमि का निरीक्षण करने जिला प्रशासन की टीम भुंतर-मनिकर्ण सड़क मार्ग सोंड के पास पहुंची। वहां से ग्राम पंचायत जिया का खोज नामक स्थान दिखाई देता हैं जहां कूड़ा नियंत्रण के लिए भूमी चयन की जा रही हैं।

इस दौरान जिया पंचायत के प्रधान संजीव कुमार उर्फ संजू पंडित के साथ जिया के ग्रामीण व



कूड़ा संयंत्र लगाने के विरोध में नारेबाजी करते जिया गांव के बाशिंदे।

भ्रेंण गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीएम कुल्लू के साथ प्रशासन की तामाम टीम को जिया में कूड़ा नियंत्रण लगाने को साफ मना कर दिया। कूड़ा प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने जिया फोरलेन पुल के पास इकट्ठे होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रधान संजीव ने कहा कि एक साजिश के तहत जिया संगम के पास कूड़ा प्लांट लगाया जा रहा है जिसे ग्रामीण कभी नहीं लगने देंगे। यह ऐतिहासिक संगम स्थल है इसकी पवित्रता के साथ किसी को भी छेड़खानी करने नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष 9 जून को सर्व सहमति से ग्राम सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि जिया में कूड़ा संयंत्र न लगाया जाए। बाकायदा प्रस्ताव उपायुक्त कुल्लू को भी सौंपा गया है ।

पंचायत प्रधान व ग्रामीणों का कहना है कि जिया गांव पार्वती नदी किनारे बसा हुआ है और यह व्यास और पार्वती नदी का संगम स्थल है । जिला के अनेको देवी-देवता यहां स्नान करने आते हैं, इसलिए ग्राम वासियों ने कुडा प्रबंधन डंपिंग के खिलाफ कड़ा विरोध जताया है।

गांव वासियों का कहना है कि गांव में कहीं भी कूड़ा संयंत्र नहीं लगने देंगे। प्रशासन इसमें कूड़ा संयंत्र को कहीं और जगह लगाए, जहां किसी को कोई परेशानी नहीं हो। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### खेल छात्रावास माजरा के लिए तनवी का चयन

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** प्रधानमंत्री के खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रमों से न जाने कितने ही बच्चे प्रेरणा पाकर खेल की दुनिया में जाकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा खंड राजगढ़ के उप-तहसील पझौता की राजकीय वरिष्ठ पाठशाला कोटला बांगी से कक्षा नौवीं की छात्रा तनवी ठाकुर का चयन छात्रा खेल छात्रावास माजरा के लिए हॉकी खेल में विलक्षण प्रतिभा के आधार पर हुआ है। हाल ही में कोटला बांगी विद्यालय से तनवी ने इस चयन प्रक्रिया के लिए ट्रायल दिया था, जिसमें एक सीट प्राप्त करके तनवीने न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया बल्कि समस्त पझौता क्षेत्र को गौरवान्वित भी किया है। विद्यालय के प्रिंसिपल के अनुसार आज खेलों से भी हम अपना भविष्य बना सकते हैं। इस विद्यालय के बच्चे खेल प्रतियोगिताओं में इनाम लेकर अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन कर रहे हैं। तनवी स्थानीय गांव कुफर मटलोड़ी की रहने वाली है। इसके पिता सरेंद्र ठाकुर किसान है व माता मीरा देवी गृहणी है। तनवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल के स्टाफ शारिरिक शिक्षक व अपने माता-पिता को दिया है। (अनंत ज्ञान)

### सुमित सिंगला आईडीएमए में विशेष सदस्य नियुक्त



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भारतीय दवा निर्माता कंपनियों के राष्ट्रीय संगठन आईडीएमए इंडियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने दवा निर्माता कंपनी क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला को संगठन में विशेष सदस्य के रूप में नियुक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराची शाह ने सुमित सिंगला को संगठन की आगामी बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उनके तजुर्बे और कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर दवा निर्माता संगठन को मजबूती मिलेगी। सुमित सिंगला ने उनको इस प्रतिष्ठित संस्था में नियुक्त किए जाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह आईडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विराची शाह के नेतृत्व में कार्य करेंगे और भारतीय दवा निर्माण उद्योग, जोकि विश्व स्तर पर अपना परचम लहराने की ओर अग्रसर है। (अनंत ज्ञान)

### दाड़लाघाट में एक जुलाई को बंद रहेगी बिजली

**आशीष, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी भराड़ीघाट फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते एक जुलाई को कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान एक जुलाई को विद्युत अनुभाग भराड़ीघाट के अंतर्गत चमाकड़ी, चमाकडी पुल का एरिया, डुगनिहार, दसेरन, नलाग, गानणा, भराड़ीघाट, थाच, गतेड, बेमु, चनारडी, कुद, खडोन, भुरजनी, आली, कालर जेरी, ललाना, पसल, मंझेड व इसके आसपास के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। और समय सीमा को कार्य अनुसार समायोजित किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### ईवीएम और वीवीपैट से निकाले एड्रेस टैग

**भावना, सोलन।** हिमाचल प्रदेश चुनाव आयुक्त के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान उपयोग में लाई गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन से अड्रेस टैग तथा पेपर रोल शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की देख-रेख में निकाले गए। इस अवसर पर समस्त इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन एड्रेस टैग तथा पेपर रोल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निकाले गए। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मंजुल, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बराड़ सहित तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने पर लोगों में खुशी

**आशीष, दाड़लाघाट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी दाड़लाघाट में लोगों को लंबे इंतजार करने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होने पर जनता में खुशी का माहौल है। कांग्रेस कमेटी दाड़लाघाट से ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर, पूर्व बीडीसी चेयरमैन, वर्तमान में बाघल लैंड लूजर ट्रक यूनियन के प्रधान जगदीश ठाकुर आदि ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि दाड़लाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं मिलने से लगभग 25 पंचायतों को इसका सीधा लाभ होगा। लोगों की लंबे समय से मांग थी जिसे अब पूरा कर दिया गया है। पंचायत कांग्रेस कमेटी दाड़लाघाट व समस्त जनता की ओर से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी का धन्यवाद किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल बद्दी ने शुरू किया भंडारा



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** श्री अमरनाथ यात्रा में बद्दी की शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल द्वारा 24वां विशाल भंडारा शनिवार को विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर शुरू कर दिया गया। यह भंडारा पवित्र गुफा से ठीक चौदह किलोमीटर पहले बालटाल के रास्ते में दो मेल स्थान पर शुरू किया गया। संस्था के अध्यक्ष रामलोक चौधरी और अन्य सदस्यों ने सुबह पूजा-अर्चना कर हवन-यज्ञ में पूर्णाहुति दी, फिर भगवान भोले को भोग लगाया और भंडारा शुरू हुआ। श्री अमरनाथ बर्फानी लंगर ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान राजन गुप्ता और चेयरमैन विजय ठाकुर ने बताया कि इस बार देश के विभिन्न राज्यों के करीब ढाई दर्जन से अधिक भंडारे बालटाल में लगे हैं जो श्रद्धालुओं को अनेकों सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीसीटीवी में कैद हुआ मोटरसाइकिल चोर



**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में इन दिनों बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। बीते वीरवार की देर शाम करीब 3:00 के आसपास जोहड़ो स्थित वेलपाक इंडस्ट्री के सामने से चोरी हुई मोटरसाइकिल का सीसीटीवी फुटेज मिल गया है। शातिर चोर ने मोटरसाइकिल (नं. एचआर-04ई- 7775) को दिन-दहाड़े उस समय चोरी किया जब सड़क पर काफी भीड़ थी। चोर सीसीटीवी फुटेज में बिल्कुल बेखौफ नजर आ रहा है। चोर ने बड़े ही शातिर तरीके से अपने मुंह के एक साइड कपड़ा रखकर मुंह को ढकने की कोशिश भी की। सूत्रों की माने तो पुलिस को चोर का सुराग मिल चुका है। बताया जा रहा है कि जल्द चोर पुलिस की गिरफ्त में होगा। चोरी की गई मोटरसाइकिल वेलपाक इंडस्ट्री में काम करने वाले सर्बजीत सिंह पुत्र मानसिंह निवासी हरियाणा नारायणगढ़ की बताई गई है। (अनंत ज्ञान)

### राज्यपाल आज सोलन के प्रवास पर

**आर मोहन चौहान, ब्यूरो।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 30 जून को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। शिव प्रताप शुक्ल रविवार को प्रातः 11.30 बजे सोलन के शमलेच में री-फोरेस्टर सभा द्वारा आयोजित 9वें पौधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### तिलहन व दलहन की उन्नत खेती की दी जानकारी

**एसपी जैरथ, नाहन।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के करनाल स्थित भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों डॉ. सत्यवीर सिंह बाजवा, डॉ. अनिल खिप्पल, डॉ जयंत और डॉ. चारुलता ने जिला सिरमौर के विभिन्न गांवों का दौरा किया और तीन गांवों उत्तमवाला, बोहलियों एवं पातलियों के अनुसूचित जाति के किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवोन्मेषी तकनीकों और प्रगति के विषय में जानकारी दी। भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसन्धान केंद्र, करनाल ने कृषि विज्ञान केंद्र, सिरमौर के सहयोग से इन तीन गावों में 25, 26 और 27, जून को इन जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। वैज्ञानिकों ने किसानों से दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही कहा कि हमारे किसानों की आय बढ़ाने और बदलते परिदृश्य के लिए तकनीकी उन्नति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। इन महत्वपूर्ण शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र, सिरमौर के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. पंकज मित्तल, जिला सिरमौर के परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. साहब सिंह, कृषि विज्ञानं केंद्र के वैज्ञानिक संगीता अत्री, डॉ. हर्षिता सूद और डॉ. शिवाली धीमान ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. पंकज मित्तल ने इस बात पर जोर दिया कि किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझना और उनका समाधान ढूंढना अनिवार्य है। सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और किसानों के बीच सहयोग से ही हम भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अशियाड़ी में लाखों का गबन, अधूरे कार्यों के डकार लिए 39 लाख रुपए

## अधिकारियों की भी मिलीभगत, पंचायत प्रधान व जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर की गिरिपार क्षेत्र के विकासखंड शिलाई के ग्राम पंचायत अशियाड़ी में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। अशियाड़ी पंचायत के प्रधान ने अधिकारियों की मिली भगत के चलते करीब 39 लाख रुपए से अधिक की धन राशि का गबन किया है, जिसकी ग्रामीणों ने पहले आरटीआई से सूचना ली उसके उपरांत मुख्यमंत्री समेत पंचायती राज मंत्री , उद्योग मंत्री , जिला प्रशासन और विजिलेंस को शिकायत दी।

शिकायत के बाद विजिलेंस ने जांच में पाया कि ग्राम पंचायत अशियाड़ी में पंचायत प्रधान ने अधिकारियों की मिली भगत से लाखों रुपए के सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, जिसके चलते बाकायदा राज्य सतर्कता ब्यूरो ने इसकी एफआईआर दर्ज करवाई है। विजिलेंस द्वारा मामले में पंचायत प्रधान के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 , 467 , 468 , 471 और 120 बी के अलावा एचपी प्रीवेंशन एंड स्पेसिफिक करप्शन प्रैक्टिस एक्ट 1983 की धारा 5 और धारा 6 के तहत भी प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही तत्कालीन जेई के खिलाफ भी विजिलेंस ने मामला दर्ज किया है।



मीडिया को जानकारी देते अशियाड़ी पंचायत के ग्रामीण।

अहम यह है कि विजिलेंस द्वारा प्रधान और जेई के खिलाफ 27 जनवरी 2024 को एफआईआर दर्ज करवाई है, लेकिन अभी तक न तो प्रधान और न ही जेई के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत प्रधान ने शमशान घाट नेड़ा खड्ड के निर्माण में 25 लाख रुपए दिखाए हैं, जबकि मौके पर एक चौथाई राशि भी खर्च नहीं हुई है। शमशान घाट के लिए पंचायत प्रधान द्वारा करीब 1700 बोरी सीमेंट के भी निकाले गए हैं। यही नहीं नेड़ा खड्ड से क्यार सिंचाई कूहल पर 19 लाख, भू संरक्षण कार्य के लिए 12 लाख, एम्बुलेंस सड़क टिम्बी से नलेंडी 24 लाख, भू संरक्षण कार्य उपरला दुबौड 6 लाख और सामूहिक सुरक्षा दीवार ऊपरला दुबौड 16 लाख रुपए दर्शाया गया है, जबकि उपरोक्त सभी कार्यों में एक चौथाई धन भी नहीं लगा है। इसको लेकर शनिवार को अशियाड़ी पंचायत के ग्रामीण जिला मुख्यालय नाहन पहुंचे जहां उन्होंने मीडिया को पंचायत में हुई धांधली के बारे में बताया। इस दौरान धर्म सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह जैलदार, भरत सिंह, रघुवीर सिंह, रणवीर सिंह और टीकाराम आदि ने बताया कि प्रधान और जेई पर सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप तय होने के बावजूद भी न तो किसी की गिरफ्तारी हुई है और न ही कोई कार्रवाई की गई है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा जो विकास कार्य किए हैं उसमें अपने ही परिवारों के लोगों को मस्टरोल जारी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही एफआईआर के मुताबिक प्रधान और जेई की गिरफ्तारी की जाए। यदि इस मामले में कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई तो ग्रामीणों को मजबूरन संघर्ष का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत प्रधान ने आरोपों को सिरे से नकारा

**उधर** इस बारे में ग्राम पंचायत प्रधान अशियाड़ी अनिल कुमार से बात की तो उन्होंने सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया। अनिल ने कहा कि पंचायत में जिन कार्यों के आरोप लगे हैं उनमें कोई भी कार्य पूरा नहीं हुआ है और जब तक कार्य मुकम्मल नहीं होता तब तक आरोप लगाना वे बुनियाद है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा राजनीतिक रंजिश के चलते उनके खिलाफ एक साजिश की जा रही है। इसके साथ जो कार्य रुके हैं उनको गति देने के लिए विकासखंड अधिकारी शिलाई को मस्टरोल जारी करने के लिए कई बार आवेदन किया गया , लेकिन बीडीओ द्वारा अभी तक मस्टरोल जारी नहीं किया गया है, जिसके चलते कार्य आरंभ नहीं हो रहे हैं।

### क्या बोले अधिकारी

**उधर** इस बारे में जब विकासखंड अधिकारी शिलाई अजय सूद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विजिलेंस ने प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसके चलते जब तक जांच मुकम्मल नहीं होती और प्रधान को क्लीन चिट नहीं मिलती तब तक पंचायती राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत के कार्यों को मस्टरोल जारी नहीं किया जा सकते।

# सोलन के क्लीन में झारखंड के जीतू ने की थी महिला की हत्या

**आर मोहन चौहान, सोलन**



गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

पुलिस थाना सोलन के तहत वार्ड नं. 13 के क्लीन में झारखंड निवासी महिला सुमन (35 ) की हत्या के मामले में पुलिस ने झारखंड के ही व्यक्ति जीतू को गिरफ्तार किया है। कॉल डिटेल्स व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए वारदात में संलिप्त आरोपी जीतू को गिरफ्तार किया है। महिला ने अपने मोबाइल से जीतू का कॉल किया था। इसके बाद उनके के बीच क्या विवाद हुआ पुलिस इसको लेकर जीतू से पूछताछ कर रही है। जांच में यह भी पता चला कि जीतू का महिला के घर आना-जाना पहले से ही था।

एएसपी सोलन राज कुमार चंदेल ने कहा कि जीतू ने महिला की हत्या को कबूल किया है, जिस पर उसके खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी है।

बता दें कि 28 जून को पुलिस चौकी सपरून को दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि वार्ड नं.-13 क्लीन में एक महिला अपने घर के कमरे में मृत पड़ी है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन, पुलिस चौकी सपरून व शहर की एक टीम मौके पर पहुंची और पाया कि महिला के शरीर पर तेजधार हथियार से चोटों के निशान थे। मामले की गंभरता को देखते हुए एसएफएल जुन्गा की टीम को भी मौका पर बुलाया गया। मौके पर मृतका के पति मुकेश पुत्र महावीर निवासी पटेल नगर सोनीपत जिला हरियाणा उम्र 42 वर्ष ने पुलिस के पास अपना बयान दर्ज करवाया कि करीब दिन के 3:47 बजे इन्हें मकान मालिक के जीजा का फोन आया कि तुरंत क्वार्टर आ जाओ। जिस पर वह तुरंत क्वार्टर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि इनकी पत्नी सुमन बेड के ऊपर पीठ के बल पड़ी थी और उनका आधा शरीर रजाई से ढका हुआ था। बैड के साथ खून से सना चाकू पड़ा था तथा बेड के चारों तरफ खून बिखरा हुआ था और सुमन की मृत्यु हो चुकी थी। इन्होंने अपनी पत्नी की हत्या का शक जताया। जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा कॉल डिटेल व सीसीटीवी फुटेज के के आधार पर वारदात में संलिप्त आरोपी जीतू बदायिक पुत्र सुमरा बदायिक निवासी मोरुंग जिला गुमला झारखंड उम्र 27 साल को वारदात के घटित होने के 5/6 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। जिसे शनिवार को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा जीतेगी तीनों विस उपचुनाव सीटें : प्रताप

**एसपी जैरथ, नाहन**

भाजपा हिमाचल की तीनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी, क्योंकि प्रदेश की जनता का अब कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो चुका है।

उक्त प्रक्टावा करते सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस नेता वोट लेने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस नेताओं ने झूठ का सहारा लेकर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाई है और सरकार बनने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री अपने परिवार वाले को लाभ देने में जुट गए हैं। जहां मुख्यमंत्री ने देहरा से अपनी पत्नी को विधायक का टिकट दिलवाया है वहीं उपमुख्यमंत्री ने अपनी बिटिया को करुणा मूलक आधार पर सरकारी नौकरी दिलवाई है, जबकि प्रदेश के बेरोजगार युवा अभी भी एक लाख सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं।

रावत ने बताया कि करुणा मूलक आधार पर नौकरी देने के लिए सरकार के पास हजारों मामले विचाराधीन है, उनके लिए सरकार ने आय सीमा तय की है, लेकिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के लिए कोई भी आय सीमा नहीं है। परिवारवाद को बढ़ावा देना कांग्रेस पार्टी के लिए इस विधानसभा उपचुनाव में महंगा पड़ सकता है क्योंकि जनता सब जानती है। (अनंत ज्ञान)

# नाहन में 21 किलो पॉलीथिन जब्त

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला प्रशासन ने सिरमौर जिले में एंटी प्लास्टिक अभियान आरंभ किया है। पर्यावरण संरक्षण और जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के मद्देनजर यह अभियान आरंभ किया गया है।

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि राज्य सरकार ने 2009 से हिमाचल प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा रखा है, इसलिए जिला प्रशासन ने नाहन शहर की दुकानों में छापेमारी की, जिसका नेतृत्व उपमंडल दंडाधिकारी सलीम आजम ने किया, टीम में खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी पिंकी देवी और पुलिस कर्मी शामिल थे।

नाहन में 112 दुकानों का निरीक्षण किया गया जिनमें 20 दुकानदारों से 21 किलोग्राम पॉलीथिन प्लास्टिक बैग जब्त किए गए और उन्हें 62 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में इस तरह की कार्रवाई की जाएगी और विक्रेताओं से सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग पकड़े जाने पर उन पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने विक्रेताओं से सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग उपयोग में न लाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# रेणुका झील को गाद मुक्त करने की मांग

**दीपक जोशी, रेणुका जी**

प्राकृतिक झील रेणुका को गाद मुक्त करने व सफाई करने को लेकर मां रेणुका सेवा समिति व वन्य प्राणी विभाग में ठन गई है। वन्य प्राणी विभाग ने समिति को स्पष्ट कह दिया है कि झील में यदि कोई भी व्यक्ति सफाई इत्यादि करेगा तो उसके विरुद्ध विभाग कार्रवाई करेगा। उधर सेवा समिति का कहना है कि इस संबंध में वह डीसी सिरमौर से मिले थे डीएफओ वन्य प्राणी विभाग से भी इस संबंध में बात हुई थी।

डीसी के आदेश के बावजूद भी विभाग उन्हें झील में सफाई नहीं करने दे रहा, जिसको लेकर लोगों ने वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ रैली निकाल कर वन्य प्राणी विभाग के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और झील की सफाई करके गाद मुक्त करने की अपील की।




रेणुका सेवा समिति जागरूकता रैली निकालते हुईं।

गौर रहे कि हर रविवार को स्थानीय लोग झील में साफ-सफाई करते हैं जिसे लेकर वन्य प्राणी विभाग ने एतराज जताया था। जिसके बाद यह विवाद धरना प्रदर्शन की शक्ल में बदल गया। मां रेणुका सेवा समिति ने मुख्यमंत्री को नायब तहसीलदार के माध्यम से एक ज्ञापन भी सौंपा। (अनंत ज्ञान)

# सोलन में पेयजल किल्लत से बोरवेल संचालकों की चांदी

## डोमेस्टिक उपयोग के बने बोरवेल से बेचा जा रहा पानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



जल शक्ति विभाग और नगर निगम सोलन शहर की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो चुके हैं। शहर के लोग अब टैंकर का पानी खरीदने के आदि हो चुके हैं। इस आपदा में डोमेस्टिक उपयोग के बने बोरवेल के संचालक अब अवसर ढूंढ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पेयजल की किल्लत के चलते सोलन और कसौली में यह धंधा खूब फल फूल रहा है। धंधा पानी का है। सरकार ने जब से बोर की परमिशन ओपन की है तब से बोरवैल लगाने की बाढ़ सी आ गई है। इनमें भी सबसे ज्यादा बिल्डर, विला व होम स्टे संचालक है। पर जिला में डोमेस्टिक बोरवेल की आड़े में पानी की कालाबाजारी सुनने को मिल रही है।

बोरवेल लगते ही असली धंधा शुरू हो जाता है। ये लोग बोरवेल के पानी को अपने लिए ही इस्तेमाल नहीं करते बल्कि सरकार व स्थानीय निकाय को सरेआम ठेंगा दिखा खुलेआम पानी बेच रहे है। इतनी बड़ी तादाद में लोग इस अवैध काम को अंजाम दे रहे है। यदि सरकार को इसकी जानकारी नहीं है तो मसला और भी गंभीर हो जाता है। साफ है सिस्टम में खामियां है। अन्यथा धड़ल्ले से बोर होने के बाद डोमेस्टिक पानी को कमर्शियल तौर पर कैसे बेचा जा सकता है।

डोमेस्टिक यूज के लिए पहले परमिशन लेते थे, लेकिन अब बिना परमिशन भी बोरवेल लग रहे है। दिन भर पानी के टैंकर बेचने का दौर चल रहा है। रेट में भी मनमानी हो रही है। इक्का-दुक्का जगह लोगों ने सार्वजनिक पानी के स्त्रोत से पानी को लिफ्ट कर बेचने का धंधा भी चलाया है। (अनंत ज्ञान)

**जल** शक्ति विभाग सोलन के एक्सईएन आशीष राणा का कहना है कि डोमेस्टिक बोरवेल के लिए परमिशन की जरूरत नहीं है। ऐसे में कई जगह डोमेस्टिक बोरवेल किए जा रहे हैं। डोमेस्टिक बोरवेल से कमर्शियल यूज की शिकायत आने पर विभाग की तरफ से उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पानी की कमी का उठाया फायदा

पानी के गोरखधंधे को बढ़ावा मिलने का कारण नगर निगम और जल शक्ति विभाग का लोगों को मांग अनुसार पानी न देना है। भीषण गर्मी के चलते पिछले दिनों सोलन, धर्मपुर, कसौली सहित सैंकड़ों गांव में पानी की किल्लत हो गई है। ऐसे में डोमेस्टिक बोरवैल मालिक लोगों को पानी बेच कमाई कर रहे है। अवैध रूप से बोरवेल का पानी अंधाधुंध तरीके से निकाला जा रहा है। इससे वाटर लेवल गिरना शुरू हो गया है। इस कारण पहाड़ी की तलहटी क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान है। उनके प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख रहे हैं। सोलन शहर में भी अपार्टमेंट कल्चर को बढ़ावा मिलने के कारण यहां धड़ल्ले से अवैध बोरवेल संचालित किए जाने की आशंका है। पांच से छह जगह में बिल्डरों ने अपार्टमेंट एक्ट के तहत फ्लैट्स बनाए हैं। जिसमें आशंका जताई जा रही है कि यहां अवैध रूप से बोरवेल संचालित किए जा रहे हैं। कहने को तो अंडर वाटर अथॉरिटी से बोरवेल की परमिशन दी है लेकिन इसकी आड़ में कई अवैध बोरवेल भी बनाए गए हैं। मामले अनदेखी से भविष्य में जल स्त्रोत पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

# मानसून में आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें सभी विभाग: एसडीएम

**रविदत्त, राजगढ़**

मानसून के दौरान बारिश के कारण होने वाली आपदा से निपटने के लिए एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ने सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक कर तैयारी को लेकर कार्य योजना तैयार की।

इस दौरान एसडीएम ने कहा कि आपदा से निपटने में सभी विभाग तैयार रहें। फोन बंद न रखें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को मानसून के दौरान सड़कों को बहाल करने के लिए मशीनरी व अन्य आवश्यक उपकरणों को तैनात करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली के खंभों व तारों की जांच तथा अतिरिक्त पोलों की व्यवस्था करने को कहा। जल शक्ति विभाग को स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए को कहा।

उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक को पर्याप्त मात्रा में खाद्यानों का भंडारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को आपदा उपकरणों की उपलब्धता समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि आपदा से निपटा जा सके। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि बारिश के दौरान नदी नालों के किनारों के समीप न जाएं।

खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उपासना शर्मा ने सलाह दी कि सर्पदंश होने पर रोगी को तुरंत चिकित्सा उपचार के लिए ले जाएं। इस बैठक में तहसीलदार उमेश शर्मा, नायब तहसीलदार दयानन्द शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी तेपेंद्र नेगी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** सिरमौर कला संगम का 65वां अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित

# देशभर के 11 श्रेष्ठजनों को किया सम्मानित

**दीपक जोशी, रेणुका जी**

हिमाचल प्रदेश सिरमौर कला संगम का 65 वां वार्षिक उत्सव एंव महा अलंकरण समारोह 28 जून को ददाहू के बायरी में आयोजित किया गया।

इस समारोह में कला, साहित्य, समाज सेवा, लोकगीत व संगीत आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं व बहुमूल्य योगदान देने वाले देश भर के 11 श्रेष्ठजनों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हिमाचल पुलिस उप महानिरीक्षक सौम्या साम्बशिवन समारोह की मुख्यातिथि थीं, जबकि पतंजलि




उत्सव के दौरान मुख्य अतिथि और सम्मानित सदस्य सामूहिक चित्र में।

विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रति कुलपति प्रो. महावीर अग्रवाल ने समारोह की अध्यक्षता की। हरिद्वार के डॉ. मनोहर लाल आर्य व वरिष्ठ पत्रकार अरविंद गोयल समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। संगम के कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश राही ने बताया कि इस वर्ष सम्मानित होने वाले श्रेष्ठजनों में साहित्य के लिए हरियाणा से डॉ. रश्मि बजाज, हिमाचल से आचार्य सुरेश भारद्वाज व प्रतिभा शर्मा के नाम शामिल हैं, जबकि समाजसेवा के क्षेत्र में हिमाचल के रामभज चौहान, हरियाणा के रोहित कौशिश व सिविल अस्पताल ददाहू के प्रभारी डॉ. अशोक ठाकुर व हिमाचल के सचिन ओबराय को सम्मानित किया गया, जबकि संगीत के लिए हिमाचल के डॉ. मदन झाल्टा, लोकसंगीत के लिए कपिल शर्मा, संस्कृत सेवार्थ शिवा शर्मा और चित्रकला के क्षेत्र में राहुल शर्मा को सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाई खेलों में शामिल हो योग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल करने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के प्रस्ताव का समर्थन किया है। मांडविया ने कहा ,'' योग की अप्रतिम लोकप्रियता को देखते हुए इसे प्रतिस्पर्धी खेलों का दर्जा देकर एशियाई खेलों में शामिल किया जाना चाहिए।'' उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह को 26 जून को पत्र लिखकर योग को एक खेल के रूप में एशियाई खेलों में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है।

### गुरिंद्रवीर ने 100 मीटर रेस में जीता स्वर्ण



**पंचकूला।** धावक गुरिंदरवीर सिंह 63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन 100 मीटर की दौड़ 10.32 सेकंड में पूरी कर भारतीय ट्रैक पर सबसे तेज धावक बनकर उभरे। गुरिंदरवीर ने रेस के बाद कहा, 'पिछले दो सालों में बहुत से लोगों ने कहा था कि मैं अब दौड़ से बाहर हो चुका हूँ, मैं 10.50 सेकंड से कम समय में दौड़ नहीं पाऊँगा, मुझमें अब कुछ भी नहीं बचा है। यह जश्न बाकी धावकों के लिए नहीं बल्कि उन लोगों के लिए था जो संदेह कर रहे थे।' हालांकि यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, 2021 में बनाए गए उनके अपने मीट रिकॉर्ड (10.27 सेकंड, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी है) के करीब भी नहीं था, लेकिन 23 वर्षीय खिलाड़ी निराश नहीं थे। उन्हें लगता है कि उनके लिए फॉर्म में वापस आना बस समय की बात है।

### मोहम्मद उस्मान ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लाहौर में जन्मे मध्यक्रम के बल्लेबाज ने छह वर्षों में 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों (38 वनडे और 47 टी-20) में यूएई का प्रतिनिधित्व किया। उस्मान ने फरवरी 2016 में नीदरलैंड के खिलाफ अपना टी-20 डेब्यू किया और उसके कुछ महीने बाद स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। कुल मिलाकर, उन्होंने 38 वनडे में 31.50 की औसत से 1008 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, जबकि 47 टी-20 में उन्होंने तीन अर्धशतकों के साथ 891 रन बनाए।

### इटालियन ओपन : शुभंकर सातवें स्थान पर



**रोम।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटैलियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाई। इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गए।

### शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने गुकेश से ड्रॉ खेला



**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गए। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे। अभी 3,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

### बैडमिंटन : भारत ने वियतनाम को हराया



**नई दिल्ली ।** भारत ने इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप-सी के मैच में वियतनाम को 5-0 से हराया। मिश्रित युगल में भार्गव राम और वेन्नाला के ने फाम वान टी और बुइ बिच फुओंग को 17-21, 21-19, 21-17 से मात दी। एकल में प्रणय शेट्टीगर ने टी कुओक के को 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। तन्वी शर्मा ने टी थि अन को 21-13, 21-18 से हराया। भारत का सामना अब दूसरे दौर में फिलीपींस से होगा।

### अदिति डोऊ चैंपियनशिप में कट से चूकीं



**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी थाईलैंड की जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण एलपीजीए टूर की डोऊ चैंपियनशिप गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के अच्छे कार्ड के बावजूद कट हासिल करने से चूक गईं। भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने क्रमशः 72 और 66 के कार्ड बनाए जिससे दोनों संयुक्त 59वें स्थान पर थीं, लेकिन इससे यह जोड़ी कट से चूक गई जो सात अंडर पर था। पांच जोड़ियां लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहीं।

**महिला टेस्ट**

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 603/6 रनों पर घोषित की पारी

# बेटियों ने बनाया रनों का पहाड़

**एजेंसी, चेन्नई**




मारिजेन काप और सुने लुस के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 236 रन बना लिए।

काप दिन का खेल खत्म होते समय 125 गेंद में आठ चौकों की मदद से 69 रन बनाकर खेल रही थी। उन्हें लुस का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 164 गेंद की पारी में छह चौकों और एक छक्का की मदद से 65 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका अब भी पहली पारी में भारत से 367 रन पीछे है। भारत के लिए स्नेह राणा ने तीन जबकि दीप्ति शर्मा ने एक विकेट हासिल की।

भारत ने चार विकेट पर 525 रन से आगे खेलते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पारी घोषित की थी। यह महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के 9 विकेट पर 575 रन के पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने महिला टेस्ट क्रिकेट के 90 साल के इतिहास में रिकॉर्ड बनाने के बाद पहली पारी छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल पर्थ में यह स्कोर बनाया था लेकिन ऋचा घोष (86 रन) के एनेरी डर्कसन के 109वें ओवर की शुरूआती गेंद पर चौका लगाते ही भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया।

इस उपलब्धि का श्रेय काफी हद तक भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (205 रन) और स्मृति मंधाना (149 रन) को जाता है जिन्होंने 292 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

## 'ड्राप इन' पिचों के कारण कम रन बने : गेल

**एजेंसी, ब्रिजटाउन ।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज और टी-20 विश्व कप के दूत क्रिस गेल ने टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में कम स्कोर वाले मैचों के लिए पिचों को जिम्मेदार ठहराया जो 'ड्राप इन' के बाद पूरी तरह तैयार नहीं हो सकीं।

आईसीसी के मुताबिक न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया था। इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार कर दिसंबर 2023 में फ्लोरिडा लाया गया था। गेल ने कहा कि लंबी उड़ान के बाद पिच 'जेट लेग' से उबर नहीं पाई थीं।

'जेट लेग' का आमतौर पर मतलब लंबी उड़ान या यात्रा से होने वाली थकान होता है, गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की पिचों को 'ड्राप इन' के बाद तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला।

गेल नेन कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि यह कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है और कभी-कभी विकेट भी धीमा हो जाता है। यह बल्लेबाजों का प्रारूप है, लेकिन इस टूर्नामेंट में समय-समय पर गेंदबाजों को बढ़त मिलती रही है। इस टी20 विश्व कप पर गेंदबाजों का काफी नियंत्रण रहा है।''

## मालविका ने क्रिस्टी को हराकर उलटफेर किया

**एजेंसी, फोर्ट वर्थ ( अमेरिका )**




**अमेरिकी ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर-300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21, 21-15, 21-10 से शिकस्त दी।

49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था, जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतरराष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा।

पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और लगभग एक घंटे में 21-15, 11-21, 18-21 से हार गए। दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21, 21-17,19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम-8 में समाप्त हो गया।

## ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला ने जीती वॉलीबॉल चैंपियनशिप

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

एकेडमिक हिल्स पब्लिक स्कूल शमशी द्वारा आयोजित वॉलीबॉल चैंपियनशिप में गड़सा घाटी के हुरला गांव में स्थित ग्लोबल विलेज स्कूल की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शनिवार को सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी व योगा टीचर सुंदर ठाकुर ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर एकेडमिक हिल्स पब्लिक स्कूल की एमडी वनिता शर्मा व प्रधानाचार्य ऋचा ने विजेता टीम को बधाई दी। स्कूल के प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने बताया कि टीम के कप्तान निखिल के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया और इस ट्रॉफी को अपने नाम कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि टीम में निखिल, देश राज, जतिन, दिव्यम, लक्षित, अमन, रामकृष्ण, विशेष, अमजत अली शामिल थे।

वहीं, कोच आदित्य ने कहा कि यह बच्चों के परिश्रम का फल है। ग्लोबल विलेज स्कूल के प्रशासक कैलाश गौतम ने सभी का स्वागत फूलों से किया । प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने कहा कि खेलों से बच्चों में लीडरशिप, आपसी तालमेल, सहयोग की भावना, टीम में कार्य करने के गुण विकसित होते हैं। साथ ही बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बच्चे बुरी आदतों से भी बच जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## वॉलीबॉल में गुशैणी स्कूल प्रथम



खेलकूद प्रतियोगिता के समापन मौके पर विजेता टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बंजार जोन के पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज में शनिवार को 19 वर्ष तक की छात्रावर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। इस मौके पर बंजार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजा ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर विद्यालय के सभी कर्मचारी व क्रीड़ा संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी छात्राओं ने मार्चपास्ट से समां बांधा।

बंजार जोन के खेल प्रभारी सुरेश भारद्वाज ने टूर्नामेंट का विस्तृत ब्यौरा बताते हुए कहा कि 27 जून से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में बंजार जोन के 25 विद्यालयों ने भाग लिया जिसमें 392 विद्यार्थी अलग-अलग खेलों में प्रतिभागी बने । उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में विभिन्न खेल गतिविधियां करवाई गई ।

खेल प्रभारी ने स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं टूर्नामेंट के प्रबंधक सचिव, स्कूल प्रबंधन समिति सहित समस्त अभिभावकों के साथ-साथ सभी खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक अध्यापकों का भी आभार जताया और भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ काम करने का आवाहन किया। समापन अवसर के मुख्य तेजा ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय बहुत परिवर्तित हो गया है जिसमें स्कूल स्तर पर ही बच्चों को जीवन में काम आने वाली विभिन्न विधाएं सिखाई जा रही है। उन्होंने सभी विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ी बच्चों को बेहत्तर प्रदर्शन के लिए शाबाशी दी। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए पंद्रह हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की।

इस दौरान विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया जिसमें वॉलीबॉल में सीसे स्कूल गुशैणी पहले पर तथा सीसे स्कूल कलवारी दूसरे स्थान पर रहा । कबड्डी में सीसे स्कूल थाटीबीड़ व सीसे स्कूल कोटला, खो-खो में सीसे स्कूल ब्रैहिंण व कोटला, बैडमिंटन में सीसे स्कूल कलवारी व सीसे दियोहरी क्रमशः विजेता व उपविजेता बने। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित टीम घोषित

**एजेंसी, बेंगलुरु**



हॉकी इंडिया ने33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 1 जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण के लिए वापस आएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन और एंटवर्प में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद एक छोटे ब्रेक पर चली गई थी। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी।

**33 सदस्यीय टीम**

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो।

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर।

**फॉरवर्ड :** सुनिलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

## वर्स्टापन ने ऑस्ट्रियाई ग्रां प्री में रेस जीती



स्पीलबर्ग (आस्ट्रिया)। रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापन ने मैकलारेन के दो ड्राइवर लैंडो नौरिस और ओस्कर पियास्ट्री को पछाड़ते हुए शनिवार को यहां आस्ट्रियाई ग्रां प्री में साल की तीसरी स्प्रिंट रेस जीती। वर्स्टापन मैकलारेन के पियास्ट्री से 4.616 सेकेंड बेहतर रहे। इस तरह रेडबुल के इस ड्राइवर ने इस सत्र की तीन स्प्रिंट रेस में तीसरी जीत हासिल की। नौरिस 0.732 सेकेंड और पीछे तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत से गत चैम्पियन वर्स्टापन ने ओवरआल तालिका में नौरिस पर 71 अंक की बढ़त बना ली। रविवार को मुख्य आस्ट्रियाई ग्रां प्री का क्वालीफाइंग दौर शनिवार को शाम को होगा।

**फुटबॉल**

## कोस्टा रिका को 3-0 से हराकर दर्ज की लगातार 10वीं जीत

# कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में कोलंबिया

**एजेंसी, ग्लेनडाले**




डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में तीन मिनट के अंदर गोल किए जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप-डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी।

सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच में ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं। कोस्टा रिका की टीम पूरे मैच में एक बार भी कोलंबिया की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी।

### ब्राजील ने पराग्वे को 4-1 से रौंदा

**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए गए 2 गोल की मदद से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप-डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का अपना दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया।

विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला जबकि साविन्हो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। विनिसियस ने मध्यांतर से ठीक अपने दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बना दिया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

## विंबलडन : अल्कराज क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत

**एजेंसी, लंदन**



गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की गई।

21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 5 सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वह पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुंचे।

दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफिकेशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूर्नामेंट में प्रवेश किया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच का सामना पहले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से होगा, जबकि इटली के विश्व नंबर-1 जननिक सिनर का सामना जर्मन दिग्गज यानिक हनफमैन से होगा। 32वें वरीयता प्राप्त चीन के झांग झिझेन का पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर मैक्सिम जांवियर से मुकाबला होगा, जबकि उनके हमवतन शांग जुनचेंग का सामना चिली के पूर्व विश्व शीर्ष-20 खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन से होगा।

महिला एकल में, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की नंबर-1 पोलैंड की इगा स्वियातेक को अपने पहले मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा की पहली प्रतिद्वंद्वी स्पेन की जेसिका मानेरो हैं, जबकि दो बार की उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर को जापान की मोयुका उचिजिमा से खेलना है। चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन का सामना न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन से होगा।

